दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | राजधानी

रायपुर, बुधवार, 28 मई 2025 कृष्ण पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 105 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

पोलावरम बांध : कोंटा सहित डूब जाएंगे सुकमा जिले के 9 गांव, 40 हजार होंगे प्रभावित

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के विवाद का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बैठक में करेंगे निराकरण

सुकमा/कोंटा /नवप्रदेश। आंध्रप्रदेश की सीमा पर बन रहे पोलावरम बांध का छत्तीसगढ़ में व्यापक असर पड़ेगा। इस बांध की वजह से सर्वाधित प्रभावित सुकमा जिला है, जहां के कोंटा सहित 9 गांव में बसर करने वाले करीबन 40 हजार दोरला आदिवासियों की बसाहट उजड़ जाएगी। अब इस विवाद के निपटारे को लेकर

बांध के ऊंचाई को लेकर छत्तीसगढ़ की आपत्ति

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे सीमांध में बन रहे पोलावरम बांध की ऊंचाई 150 फीट से ज्यादा नहीं करने के लिए विधानसभा में साल 2016 में सर्वसम्मति पारित किया था। लेकिन 150 फीट के संकल्प को नकारते हुए बांध का निर्माण लगभग 177 फीट ऊंचाई के साथ अपनी गति से चल रहा है। ऐसे में कोंटा के 40 हजार दोरला आदिवासियों का घर उजाडना लगभग तय माना जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल याने 28 मई को छत्तीसगढ़ सहित चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की अहम बैठक दिल्ली में होगी। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मौजूद राज्य के जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास जैसे मुद्दे पर बढ़ते अंतर-राज्यीय तनाव का सवर्मान्य समाधान खोजने में प्रधानमंत्री मोदी की सीधी

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्य विशेषताएं और उद्देश्य

- **सिंचाई**- इस परियोजना को 4,36,825 हेक्टेयर के सकल क्षेत्र की सिंचाई के लिए डिज़ाइन किया गया है।
- **जल विद्युत**- इससे 960 मेगावाट जल विद्युत उत्पन्न होने की उम्मीद है।
- **पेयजल**- इस परियोजना का उद्देश्य 611 गाँवों की 28.50 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराना है।
- **जल मोड़**- इसमें 80 टीएमसी पानी को कृष्णा नदी बेसिन में मोड़ने का प्रस्ताव है।
- **अन्य लाभ**-इस परियोजना का उद्देश्य नौवहन सुविधाएँ, मत्स्य पालन विकास, मनोरंजन प्रदान करना और शहरीकरण में योगदान देना भी है।

आज बेबाक

आपरेशन सिंदूर से बर्बाद हुआ पाकिस्तान अब भीख का कटोरा लेकर दर-दर भटक रहा है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ पहले तुर्की गये और अब इरान पहुंचे हैं। जहां से खैरात मांगने के साथ ही वे गिड़गिड़ा कर यह भी फरियाद कर रहे हैं कि कोई तो उनकी भारत के साथ बातचीत करा दें। दरअसल आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 होने से आशंकित शाहबाज शरीफ को यह बात समझ आ गई है कि भारत से पंगा मोल लेकर उन्होंने अपने पैर कुल्हाड़ी पर मार लिए है। ऊपर से पीएम मोदी ने और धमका दिया है कि मेरी गोली तैयार है।

आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे : मोदी

गांधीनगर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, कल मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और आज सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के ह्रदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है। ÷

उन्होंने कहा, शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुये, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गयीं भुजायें। देश के तीन टुकड़े कर दिये गये। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। मोदी ने कहा, अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर

■ शेष पृष्ठ 6 पर

सबसे बड़ी चुनौती सरकारी विभागों की एकता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारे देश में, चर्चाएं शासन के मॉडल के इर्द-गिर्द घूमती हैं और सबसे बड़ी चुनौती सरकारी विभागों की एकता है, विभाग एक-दूसरे से बात नहीं करते, अलग-अलग डेस्क पर बैठे सहकर्मी आपस में समन्वय नहीं रखते। कुछ हद तक, यह सच हो सकता है। लेकिन क्या इसका कोई समाधान है? मैं आपको इसकी पृष्ठभूमि बताता हूं। शहरी विकास के इस मुद्दे को अलग-थलग करके नहीं निपटाया गया। उस समय, हमने प्रत्येक वर्ष को एक विशिष्ट थीम के लिए समर्पित किया था। 2005 को शहरी विकास का वर्ष घोषित किया गया था। एक वर्ष लड़कियों की शिक्षा के लिए समर्पित था, दूसरा पर्यटन के लिए...पूरी सरकार का दृष्टिकोण था।

पीएम मोदी ने भारत की जीडीपी को चौथे स्थान पर लाया : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों की तारीफकी, खास तौर पर भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) को 10वें स्थान से चौथे स्थान पर लाने के लिए। माधवबाग में लक्ष्मी-नारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा, जब कुछ लोग पूछते हैं कि मोदी ने पिछले एक दशक में क्या किया है, तो मेरा जवाब है कि उन्होंने देश की जीडीपी को 10वें स्थान से चौथे स्थान पर ला दिया है, साथ ही, हमारी सुरक्षा में सेंध लगाने की कोशिश करने वालों को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा ÷प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सुरक्षा अब मजबूत हुई है। हम आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। सौ साल से अधिक समय तक भगवान राम की मूर्ति एक टेंट में थी, लेकिन श्री मोदी ने अब वहां मंदिर बना दिया है। इसके अलावा काशी विश्वेश्वर कॉरिडोर बनाया है और योग और आयुर्वेद को दुनिया में ले गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने ये सभी बदलाव किए हैं और देश का इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस अवसर पर शाह ने माधवबाग के ट्रस्टियों को मुंबई में 150 वर्षों तक इतनी बड़ी संस्था चलाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि 150 साल पुरानी संस्था ने मध्यम वर्ग की समस्याओं का समाधान किया है और ट्रस्टियों से कहा कि वे अपनी मातृभाषा सिखाने के लिए यहां एक भाषा प्रशिक्षण केंद्र शुरू करें। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी संबोधित किया।

ग्राम कनकबीरा में उतरा मुख्यमंत्री का उड़नखटोला

आपके बीच आकर परिवार सा महसूस कर रहा हूं: सीएम

- नाले में पुलिया निर्माण, मंगलभवन, कन्या छात्रावास और पंचायत भवन की घोषणा की

रायपुर /नवप्रदेश। सुशासन तिहार के अंतर्गत आज प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीकॉप्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम कनकबीरा में उतरा। उन्होंने प्री मैट्रिक बालक छात्रावास परिसर के पास गुलमोहर पेड़ के नीचे अपनी चौपाल लगाई और योजनाओं की जानकारी लेते हुए आम ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आप लोगों से मिलने का अवसर मिला। आप लोगों ने मुझे 3 बार इस क्षेत्र से सांसद चुना। आज आप सभी से मिलकर खुद को परिवार के बीच होने जैसा महसूस कर रहा हूँ।

मुख्यमंत्री साय ने सुशासन तिहार की सार्थकता को बताते हुए कहा कि पहले चरण में आवेदन लेने के पश्चात दूसरे चरण में लिए गए आवेदन पर कार्यवाही की गई। अब तीसरे चरण में सुशासन तिहार के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सरकार आपके गाँव में आई है। हमने बीते डेढ़ वर्षों में राज्य के लोगों के हित में कार्य किया है। सुशासन तिहार एक तरह से हमारा रिपोर्ट कार्ड भी है और हमारी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों का आंकलन करने का अवसर भी है। इसके माध्यम से हम योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन की स्थिति भी जान रहे हैं। हमारे अलावा मंत्री,सांसद,विधायक और मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सुशासन तिहार में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीणों को सम्बोधित

■ शेष पृष्ठ 6 पर

हार्वर्ड विवि के खिलाफ ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई तेज

वॉशिंगटन(ए.)। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के खिलाफ ट्रंप प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। अब संघीय एजेंसियों से हार्वर्ड विवि के साथ किए गए 10 करोड़ डॉलर के अनुबंधों को रद्द करने के लिए कहा गया है। जनरल सर्विसेज एडमिनिस्ट्रेशन के एक मसौदा पत्र में एजेंसियों को विश्वविद्यालय के साथ अनुबंधों की समीक्षा करने और वैकल्पिक विक्रेताओं की तलाश करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने कहा कि प्रशासन मंगलवार को पत्र का एक संस्करण भेजने की योजना बना रहा है।

बसवराजू सहित आठ नक्सलियों का किया अंतिम संस्कार

जगदलपुर/नवप्रदेश । नारायणपुर जिले के सीमा पर 21 मई को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने 28 नक्सलियों को मार गिराया था। उनके शव के साथ ही भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किया गया था। ऐसे में सभी नक्सलियों के शव को मुख्यालय लाने के बाद उनकी शिनाख्ती की गई। इसके बादआठ नक्सलियों का पुलिस ने रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार कराया।

एलन मस्क के पिता एरोल जून में अयोध्या राम मंदिर का करेंगे दौरा

नई दिल्ली (ए.)। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के अनुसार अरबपति एलन मस्क के पिता एरोल मस्क जून में अपनी भारत यात्रा के दौरान अयोध्या में राम मंदिर का दौरा करेंगे। वह घरेलू कंपनी सर्वोटेक के वैश्विक सलाहकार बोर्ड में शामिल किए गए हैं। एरोल अपनी भारत यात्रा के दौरान विभिन्न व्यापार-संबंधी बैठकों में भाग लेंगे।

उनका पांच दिवसीय भारत दौरा 1 जून से 6 जून तक चलेगा। इसके बाद वे दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो जाएंगे। मामले से जुड़े लोगों ने बताया, (एरोल) मस्क का कार्यक्रम ऐसे कार्यक्रमों से भरा पड़ा है जिनका उद्देश्य भारत को हरित प्रौद्योगिकियों और ईवी चार्जिंग अवसंरचना निर्यात में वैश्विक नेता बनाने के रणनीतिक प्रयास को बढ़ावा देना है। 1 जून को दिल्ली पहुंचने वाले मस्क 2 जून को कंपनी के एक कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, निवेशकों, व्यापार जगत के दिग्गजों और विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ नौकरशाहों से मुलाकात करेंगे। सूत्रों के अनुसार, उनकी यात्रा में हरियाणा के सफियाबाद में सर्वोटेक

■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीएमएफ : ईओडब्ल्यू ने स्पेशल कोर्ट में पेश की 6 हजार पन्नों की चार्जशीट

- रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी समेत 9 आरोपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए

रायपुर/नवप्रदेश । डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में 6 हज़ार पन्नों की चार्जशीट पेश की गई। मामले में रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी समेत 9 आरोपी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए।

ईडी की रिपोर्ट के आधार पर डीएमएफ ने धारा 120 बी 420 के तहत केस दर्ज किया है। केस में यह तथ्य सामने आया है कि डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड कोरबा के फंड से अलग-अलग टेंडर आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया है। टेंडर भरने वालों को अवैध लाभ पहुंचाया गया।

जांच रिपोर्ट में यह पाया गया है कि टेंडर की राशि का 40प्रतिशत सरकारी अफसर को कमीशन के रूप में दिया गया है। प्राइवेट कंपनियों के टेंडर पर 15 से 20% अलग-अलग कमीशन सरकारी अधिकारियों ने ली है। ईडी ने अपनी जांच रिपोर्ट में पाया था कि आईएएस अफसर रानू साहू और कुछ अन्य अधिकारियों ने अपने-अपने पद का गलत इस्तेमाल किया।

छग के पंडीराम मंडावी को पद्श्री पुरस्कार

- कुल 139 लोगों को 2025 में पद्म पुरस्कार

नई दिल्ली(ए.)। राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-II में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं। छग के पंडीराम मंडावी को उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रपति ने पद्म श्री पुरस्कार दिया। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों -पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं।

शारदा सिन्हा (मरणोपरांत) - कला-लोक संगीत- इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

कुल 139 लोगों को 2025 में पद्म पुरस्कार- इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति

■ शेष पृष्ठ 6 पर

4 हार्डकोर सहित 18 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुकमा ज़िले में नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी सफलता मिली है। दक्षिण बस्तर डिवीजन और पीएलजीए बटालियन नंबर-01 से जुड़े 4 हार्डकोर नक्सलियों सहित कुल 18 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सलियों पर कुल 39 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस अभियान को छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल सदस्य मुक्त ग्राम पंचायत योजना और नक्सल आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति के तहत अंजाम दिया गया है।

गरमा-गरम

मोदी ने की विदेशी सामानों का इस्तेमाल न करने की अपील

बड़ा फैसला... स्कूलों में पढ़ाई की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में बड़ा कदम

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 10,463 शालाओं का युक्तियुक्तकरण

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा- युक्तियुक्तकरण से शिक्षा होगी बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से एक बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा विभाग ने राज्य में कुल 10,463 शालाओं के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया है, जिसमें ई-संवर्ग की 5849 और टी-संवर्ग की 4614 शालाएं शामिल हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। यह युक्तियुक्तकरण आदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के निर्देशों के अनुरूप है, जिसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संसाधनों का संतुलित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना है।

युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षा विभाग के निर्णय की सराहना

मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय ने कहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग का दूरदर्शी निर्णय स्कूल शिक्षा को बेहतर, समावेशी और प्रभावशाली बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। मुख्यमंत्री साय ने स्कूलों के युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षा विभाग के निर्णय की सराहना करते हुए कहा है कि यह कदम प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करेगा, बल्कि विद्यार्थियों को

■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

स्कूल शिक्षा सचिव ने जानकारी दी कि एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता बने रहने से बच्चों की ड्रॉपआउट दर घटेगी, और छात्र ठहराव दर में सुधार होगा।शालाओं के युक्तियुक्तकरण से बच्चों को बार-बार प्रवेश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनकी शिक्षा यात्रा अधिक सहज और निरंतर होगी। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण से विद्यालय परिसरों में बेहतर अधोसंरचना तैयार करना भी सरल होगा, जिसमें पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशाला और खेल सुविधाएं साझा की जा सकेंगी। राज्य सरकार का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित क्लस्टर विद्यालय अवधारणा के अनुरूप है, जहां एकीकृत परिसर में प्राथमिक से उच्च माध्यमिक स्तर तक की पढ़ाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में केवल प्रशासनिक समन्वय किया गया है, न कि किसी पद को समाप्त किया गया है। इस कदम से शिक्षकों का न्यायसंगत वितरण संभव होगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक सुलभ रूप से उपलब्ध हो सकेगी।

राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर से कांपा था पाकिस्तान

मीडियम मशीन गन

पाकिस्तानी बंकरों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मीडियम मशीन गन को लेकर एक बीएसएफ कर्मी ने कहा, 'हमने इस मीडियम मशीन गन से पाकिस्तानी चौकियों और ड्रोन को नष्ट कर दिया। यह प्रति मिनट 600-1000 राउंड फायर कर सकती है।' BSF DIG एसएस मंड ने बताया, '8 मई 2025 को निगरानी के दौरान सीमा की ओर आ रहे 40-50 लोगों की हरकतों का पता चला। हमने पहेतियातन हमला किया। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान ने हमारी सीमा चौकियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका हमने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। इनपुट्स से पता चलता है कि हमारे हमले में कई आतंकवादी, उनके समर्थक, रेंजर्स और अधिकारी घायल हुए हैं।'

एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक'

एक बीएसएफकर्मी ने बताया, 'एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' की रेंज 1300 मीटर और 1800 मीटर है। इस हथियार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के टावरों और बंकरों को नष्ट कर दिया।'

स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर

सीमा सुरक्षा बल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में दुश्मन की चौकियों को ध्वस्त करने के लिए इस्तेमाल की गई स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर के बारे में बताया कि यह स्वचालित ग्रेनेड प्रणाली 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान दुश्मन की चौकियों, ठिकानों और उनके बुलेटप्रूफ वाहनों को नष्ट करने में बहुत सफल हथियार साबित हुई। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का मारक क्षेत्र 10 मीटर है। इसकी मारक क्षमता बहुत प्रभावी है।

जम्मू। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' और स्वचालित ग्रेनेड लॉन्चर का प्रदर्शन किया। इनका इस्तेमाल सीमा पार पाकिस्तानी चौकियों को निशाना बनाने के लिए किया गया था।

2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन: इसके साथ ही बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान की ओर से आने वाले ड्रोन को गिराने के लिए इस्तेमाल की गई 2.7 मिमी एंटी-एयरक्राफ्ट गन का भी प्रदर्शन किया। एक बीएसएफ कर्मी ने कहा, 'यह दुश्मन के टैंक, कैंप और ड्रोन को नष्ट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट कर दिया और उन्हें अपनी सीमा चौकियों को छोड़ने पर मजबूर कर दिया।'

IG BSF जम्मू शशांक आनंद ने कहा, '9 मई को अखनूर के पास के इलाकों में पाकिस्तान ने बिना उकसावे के गोलीबारी की। 9-10 मई को पाकिस्तान ने अखनूर की सीमा पर भारी गोलीबारी की। BSF ने योजनाबद्ध तरीके से पाकिस्तान के लूनी आतंकी लॉन्च पैड को निशाना बनाया।'

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202505104000115
/अ-6(अ)/वर्ष 2024-25
ग्राम-कोडिया, प.ह.न. 01

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक थनेश्वर निर्मलकर पिता बिसेलाल एवं अन्य 05 सकिन कोडिया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम कोडिया प.ह.नं. 01 तहसील अहिवारा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 948, 1086 रकबा क्रमशः 0.34, 1.01 हे. कुल 02 रकबा 1.35 है. वर्तमान राजस्व अभिलेख में जितेन, किशोर, भारती, सभी के पिता मेहतरू, विरनबाई, पति मेहतरू, थनेश्वर निर्मलकर, ऋशु, तरुण बाई निर्मल, अन्नू, पिंकी सभी के पिता विजयलाल उर्फबिसेलाल, सुकल बाई, पति विजयलाल उर्फ बिसेलाल के नाम पर शामिलात भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि पर आवेदकगण का कास्त कब्जा चला आ रहा है। अनावेदकगण जितेन, किशोर, भारती, सभी के पिता मेहतरू, विरनबाई, पति मेहतरू को उनके हक हिस्से की भूमि अन्य अन्यत्र स्थान पर दी जा चुकी है परंतु इस खाते में अनावेदकगण का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अतएव उक्त भूमि पर अनावेदकगण का नाम विलोपित कर शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने हेतु निवेदन किया जाकर अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, वर्तमान बी-1 नक्शा खसरा एवं अन्य दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न कर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस आवेदन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति, दावा हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12.06.2025 को या उसके पूर्व कार्यालयीन दिवस को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.)

'कटनी चाहिए थी जंजीरें, लेकिन 1947 में काट दी गई भुजाएं' : पीएम मोदी

गांधीनगर (आईएएनएस)। गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर पहुंचे। यहां उन्होंने 'गुजरात शहरी विकास योजना' के 20वें वर्षगांठ समारोह में हिस्सा लिया। प्रदेश को करोड़ों की सौगात दी और एक बार फिर ऑपरेशन सिंदूर को सफल बनाने के लिए सेना के शौर्य की प्रशंसा की। उन्होंने आजादी के समय हुई गल्तियों का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मैं दो दिन से गुजरात में हूं। कल वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद और आज गांधीनगर में हूं। मैं जहां-जहां गया, वहां गर्जना करता सिंदूरिया सागर और लहराता तिरंगा जन-जन के हृदय में मातृभूमि के प्रति अपार प्रेम और देशभक्ति का ज्वार देखने को मिल रहा है। ये दृश्य सिर्फ गुजरात में नहीं हैं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में हैं, हर हिंदुस्तानी के दिल में हैं।"

पीएम मोदी ने पाकिस्तान का जिक्र करते हुए कहा, "जब भी पाकिस्तान के साथ युद्ध हुआ, तीनों बार भारतीय सशस्त्र बलों ने उन्हें निर्णायक रूप से हराया। यह महसूस करते हुए कि वह प्रत्यक्ष युद्ध नहीं जीत सकता, पाकिस्तान ने छद्म युद्ध का सहारा लिया। उसने आतंकवादियों को प्रशिक्षित करना और उन्हें भारत में भेजना शुरू कर दिया। इन प्रशिक्षित आतंकवादियों ने निर्दोष, निहत्थे नागरिकों, यात्रा करने वाले लोगों, होटलों में बैठे लोगों या पर्यटकों के रूप में आने वाले लोगों को निशाना बनाया।" "6 मई की रात जो लोग मारे गए, पाकिस्तान में उन जनाजों को स्टेट ऑनर दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए, वहां की सेना ने उनको सैल्यूट किया। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि प्रॉक्सी वॉर नहीं है, ये आपकी (पाकिस्तान) सोची-समझी युद्ध की रणनीति है, आप वॉर ही कर रहे हैं, तो उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।" पीएम मोदी ने कार्यक्रम के दौरान कहा, "हम किसी से दुश्मनी नहीं चाहते। हम शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील दुर्ग प.ह.न. 00034 जंजगिरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2025261121439

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00034 के अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के वर्तमान भूमिस्वामी बलीराम पिता/पति सालिकराम पता देवरी पोष्ट कचांदुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1125(0.0149) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अमन लाल पिता/पति संदीप कुमार पता तालपुरी इंटरनेशनल कालोनी रुआबांधा भिलाई जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 28.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, तहसील दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2025261121233

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी बृजेश कुमार पाण्डेय पिता विश्वनाथ पाण्डेय पता प्लाट नं. 21 सड़क 2ए मैत्री नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 824/8(0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पुष्पलताचंद्र प्रकाश यादव पिता/पति चंद्रप्रकाश बाबुनंदन यादव पता हाउस नं. 1536 कृष्णा टाकिज रोड एचडीएफसी बैंक के बगल में आशीष नगर पश्चिम भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.04.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2025261121602

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी फजलू रहमान पिता मोहम्मद हुसैन पता बी 9 सड़क 3 आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 831/7(0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता अशोक कुमार साहू पिता/पति उदयकरण साहू पता रौशन विला सड़क-5 आशीष नगर पश्चिम भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 2025261121558

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी दीपक गुप्ता पिता स्व. सुरेशचंद्र गुप्ता पता बी-9 शॉपिंग काम्पलेक्स स्मृतिनगर केनरा बैंक के पास भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 830/9(0.0187) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शिवांश वर्मा पिता/पति मुकेश कुमार वर्मा पता प्लाट नं. 5 सड़क 23 अवधपुरी रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900235

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी रविराज रंधावा पिता के.एस. रंधावा पता न्यू दीपक नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1342/240(0.0120) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता कुलदीप रंधावा पिता/पति स्व. रविराज रंधावा पता 75 दीपक नगर दुर्ग, इशिका रंधावा पिता/पति स्व. रविराज रंधावा पता 75 दीपक नगर दुर्ग, अर्शवीर रंधावा पिता/पति स्व. रविराज रंधावा पता 75 दीपक नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.06.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202425430103900226

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी बिसहत बाई पिता स्व. मनराखन लाल साहू पता नयापारा दुर्ग, पुरुषोत्तम साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, मुन्ना साहू पिता स्व. मनराखन लाल साहू पता नयापारा दुर्ग, दुर्गेश साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, जगन्नाथ साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, कमलाबाई साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, संतोष साहू पिता स्व. मनराखन लाल साहू पता नयापारा दुर्ग, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 680/7(0.0020) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता पुरुषोत्तम साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, मुन्ना साहू पिता स्व. मनराखन लाल साहू पता नयापारा दुर्ग, दुर्गेश साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, जगन्नाथ साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, कमलाबाई साहू पिता स्व. खोरबाहरा साहू पता नयापारा दुर्ग, संतोष साहू पिता स्व. मनराखन लाल साहू पता नयापारा दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505101500087
विषयः अ-74/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

चुलगहन प.ह.न. 00043 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- संतोष कुमार /अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम चुलगहन प. ह.नं. 43 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार पिता छबीराम व अन्य 06 निवासी करेला द्वारा ग्राम चुलगहन प.ह.नं. 43 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज शामिलात खाते की भूमि खसरा नं. 32, 117, 139 रकबा क्रमशः 0.17, 0.14, 0.29 हे. का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने हेतु हेतु प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।

अतः आवेदक संतोष कुमार पिता छबीराम व अन्य 06 को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 09.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505104500059
/विषयः अ-6अ/ सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

गुढियारी प.ह.न. 00028 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- ध्रुव कुमार सोनवानी/ अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम गुढयारी प.ह.ने 28 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ध्रुव कुमार सोनवानी पिता रामानंद सोनवानी निवासी ग्राम गुढ़ियार तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा आवेदक एवं अन्य पुरन सुकदेव कुमारी सभी पिता स्व रामानद. बिसाहिन पति रामानंद को बंटवारा उपरांत ग्राम गुढ़यारी प ह नं 28 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित पैतृक कृषि भूमि खसरा नबर 325, 3561, 376 1,385 रकबा क्रमशः 009,006,007,0.21 है. कुल खसरा 104 कुल रकबा हे का बटवारा नामांतरण अनुसार नाक 16 दिनांक 10.07.2003 दर्ज होकर चले आ रहे थे. वर्तमान आनलाईन रिकार्ड उक्त पैतृक कृषि भूमि आवेदक सहित अन्य पुरन, सुकदेव, कुमारी सभी पिता रामानंद, बिसाहिन पति रामानंद के अलावा रोहित कुमार, मोतीलाल पिता रामानद का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। आपसी बंटवारा अनुसार त्रुटिवश दर्ज नाम रोहित कुमार मोतीलाल पिता रामानंद जो रिश्ते में चाचा है के नाम को उक्त खाता से विलोपित किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचारधीन है।

अत उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 12.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.05.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील पाटन

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202505100700081/अ-6/वर्ष 24-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.(1044/17(0.0139 हे.)
पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- अतिक अहमद उर्फ अतिक अहमद/ अनावेदक पक्षकार : बिलकिस बेगम ध.प. जाहिद हुसैन

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अतिक हुसैन उर्फ अतिक अहमद पिता स्व. जाहिद हुसैन निवासी भारत किराया भंडार, सेक्टर-9 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1044/17 रकबा 0.014 हे. भूमि बिलकिश बेगम ध.प. जाहिद हुसैन के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/हिबानामाकर्ता बिलकिश बेगम ध.प. जाहिद हुसैन के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 01/08/2020 को हिबानामा निष्पादित किया गया है। हिबानामा के आधार पर हिबाकर्ता का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक (हिबा प्राप्त करने वाला) का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.05.2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गुलाब सिंह हिरवानी आ. स्व. डोमन लाल हिरवानी, निवासी मकान नं.-08, स्ट्रीट नं.-15, भिलाई निवास (होटल) सेक्टर-10, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी.- II/420, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 27.05.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 24.06.2024 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 01.01.2025 को श्रीमती बबीता साहू पति श्री ओमप्रकाश साहू के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती बबीता साहू के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्रीमती बबीता साहू के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 22.05.2025 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चुम्मनलाल सोनवानी पिता स्व. संतानुराम साकिन ग्राम सेलुद प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि अपने पिता स्व. संतानुराम सोनवानी पिता टीकाराम का मृत्यु दिनांक 17/02/2008 को ग्राम सेलुद प.ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने का कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक चुम्मनलाल सोनवानी पिता स्व. संतानुराम साकिन ग्राम सेलुद प. ह.न. तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 26/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000020
/अ-74/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हजारीलाल पिता सुकूल पता ग्राम घुघसीडीह तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा मौजा घुचसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नंबर 650/1 798/1 रकबा क्रमश 0.06, 0.04 हेक्टेयर भूमि भूमिरवामी हजारीलाल पिता सुकूल के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋणपुस्तिका प्राप्त किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202505103300039
/अ-27/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र 202505103300039/ अ-27/वर्ष 2024-25 आवेदिका श्रीमती गुड्डी यादव पति श्री राजेन्द्र यादव व (अन्य-01) निवासी ग्राम अंजोरा (ख), तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा मौजा ग्राम अंजोरा (ख) प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. अंजोरा (ख) तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नं. 82 रकबा 0.19 हे. में से 2272 वर्गफीट कृषि भूमि क्रय की गयी है। आवेदिकागण द्वारा उक्त भूमि विक्रेतागण कामिनी बाई पिता स्व. केशव यादव व अन्य निवासी ग्राम अंजोरा तहसील व जिला दुर्ग से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.08.2018 के अनुसार क्रयशुदा जमीन है जिसका प्रमाणीकरण हो चुका है तथा वर्तमान मे आवेदिकागों के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त क्रयशुदा भूमि को आवेदिकागण आपसी सहमति के आधार पर पृथक-पृथक खाता विभाजन कराना चाहती है। उक्त भूमि का खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण बया पिता स्व. बिशाल बया जाति महरा निवासी ग्राम दुर्ग तहसील द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गभराडीह में दिनांक 08.04.1998 को आवेदक के पिता/पति/माता/पत्नी/ पुत्र/ पुत्री नगीना बाई की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक 30.05.2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्रमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, देवकर जिला बेमेतरा

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता नम्मू लाल पिता तुलसी साहू निवासी ग्राम सेलूद तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड 8739 0577 2276 में उसका नाम प्रेम कुमार (PREM KUMAR) पिता नम्मू साहू (NAMMU SAHU) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम प्रेमराज साहू (PREMRAJ SAHU) पित्ता नम्मू साहू (NAMMU SAHU) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र की जन्मतिथि 11/03/2012 है जो स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सेलूद जिला दुर्ग छ.ग. में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत है जिसके दाखिला व अंकसूची में उसका नाम प्रेमराज साहू (PREMRAJ SAHU) पिता नम्मू साहू (NAMMU SAHU) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम प्रेमराज साहू (PREMRAJ SAHU) पिता नम्मू साहू (NAMMU SAHU) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे पुत्र के आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत् आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
नम्मू लाल
पिता तुलसी साहू
निवासी ग्राम सेलूद तहसील
पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मै शपथकर्ती श्रीमती सूर्य किरण शर्मा उम्र 84 वर्ष पति स्व. श्रीनिवास शर्मा, निवासी-मकान नं. 52, स्ट्रीट-3, टीचर कालोनी, वार्ड नं. 07, दुर्ग तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं कि :-यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरे पति स्व. श्रीनिवास शर्मा के सर्विस रिकार्ड एवं पेंशन के दस्तावेजों में मेरा नाम सूर्य किरण शर्मा दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम किरण शर्मा दर्ज है। यह कि मेरा नाम सूर्य किरण शर्मा एवं किरण शर्मा दोनो नाम एक ही महिला का नाम है, जो मुझ शपथकर्ती का ही नाम है। यह कि मैं अपने आधार कार्ड एवं भविष्य के समस्त दस्तावेजों में अपना वास्तविक एवं सही नाम सूर्य किरण शर्मा को दर्ज करवाना चाहती हूं जिसके संबध में यह शपथपत्र गजट प्रकाशन हेतु श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
श्रीमती सूर्य किरण शर्मा
पति स्व. श्रीनिवास शर्मा,
निवासी-मकान नं. 52, स्ट्रीट-3,
टीचर कालोनी, वार्ड नं. 07 दुर्ग
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं श्रीमती ममता यादव पति अमर यादव, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम महमरा, पो.-रसमड़ा, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 3709 0804 2437 है, जिसमें मेरा नाम ममता यादव पति, अमर यादव दर्ज है। किन्तु आधार आई.डी. नंबर ऑनलाईन में मेरा नाम अमिका जॉड पति अमर जॉड दिखा रहा है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। यह कि मेरा सही व वास्तविक नाम ममता यादव पति अमर यादव है जो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि उक्त आधार ऑनलाईन आई.डी. में दर्ज नाम अमिका जॉड पति अमर जॉड (AMIKA JUAD W/O AMAR JUAD) के स्थान पर सही व वास्तविक नाम श्रीमती ममता यादव पति अमर यादव (MAMTA YADAV W/O AMAR YADAV) दर्ज करवाना चाहती हूं, जिसके समर्थन में यह शपथपत्र श्रीमान् सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष गजट प्रकाशन हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
ममता यादव
पति अमर यादव
निवासी ग्राम महमरा पो.-रसमड़ा
तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6(अ)/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बाबूलाल साहू पिता स्व. लखनलाल साहू निवासी-सिंधिया नगर दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 37/12 रकबा 0.0080 हे0 में आवासीय मकान एवं रिक्त स्थान स्थित है। जिसे आवेदक की माता बितरी बाई पति स्व. लखन लाल साहू के द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 09/03/1988 के माध्यम से विक्रेता रूपा बाई पति जोधराम से क्रय किया गया है। जिसका प्रमाणीकरण उपरांत केता बिसरी बाई पति लखनलाल का नाम दर्ज कर ऋणपुस्तिका जारी किया गया है। वर्तमान में आवेदक की माता बितरी बाई का दिनांक 02/01/2013 को निधन हो गया है परन्तु राजस्व अभिलेख में विक्रेता रूपा बाई पति जोधराम का नाम दर्ज चला आ रहा है। जिसे सुधार किये जाने बाबत आवेदन पत्र सहमय दस्तावेजों सहित इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505104700045
/अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री शोभित राम साहू उम्र 63 वर्ष पिता स्व. प्रेमलाल साहू निवासी मकान नंबर-1100, वार्ड नंबर- 01, मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा स्थित भूमि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 640 रकबा 0.0100 भूमि जो कि आवेदक के पिता स्व. प्रेमलाल साहू पिता स्व. बोधन के नाम से भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी प्रेमलाल साहू पिता- बोधन का स्वर्गवास दिनांक 18.02.2024 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसान का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.05.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202505103000071
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 1. श्रीमती पुष्पा तोमर ध.प. स्व. त्रिपुरारी सिंह 2. अभिषेक तोमर पिता स्व. त्रिपुरारी सिंह दोनो निवासी फ्लैट नं. ए/408 (न्यू) लक्ष्मी ग्रीन सिटी, -रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा धनोरा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 654/3 रकबा 0.020 हेक्टेयर भूमि भूमिस्वामी त्रिपुरारी सिंह पिता स्व. बचन सिंह के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी त्रिपुरारी सिंह पिता स्व. बचन सिंह की मृत्यु दिनांक 03/04/2024 को हो गयी है। भूमिस्वामी त्रिपुरारी सिंह पिता स्व. बचन सिंह के मृत्यु उपरांत राजस्व अभिलेख से नाम विलोपित कर उनके वारिसान आवेदकगण का नाम दर्ज किये जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.06.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब/121/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक तुलसी राम सेन आ. सुकदेव सेन निवासी सांतरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मेरी पुत्री पायल सेन पिता तुलसी राम सेन का जन्म दिनांक 11.09.2010 को ग्राम सांतरा प.ह.न.-22 तहसील पाटन जिला दुर्ग में जन्म होने के कारण जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक तुलसी राम सेन आ0 सुकदेव सेन निवासी सांतरा तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 06.06.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202505100600032
/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता आवेदक मेसर्स जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेट बोर्ड ऑफ रिजॉल्यूशन प्रियंक शुक्ला पिता श्री हरि प्रकाश शुक्ला, निवासी-गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) के द्वारा अपने भूमि स्वामीत्व की भूमि खसरा नंबर 325/1, 325/2, 327/1 रकबा रकबा क्रमशः 0.0500, 0.2000, 0.2000 हे. भूमि ग्राम करगा प.ह.नं. 13 तहसील पाटन जिला दुर्ग पर औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 एवं धारा 59 पुनिर्धारण के अधीन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 12.06.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202505101200072
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद पिता गुहाराम वगै. निवासी ग्राम अछोटी मौजा ग्राम आलबरस प.ह.न 30 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 587 रकबा 0.22 हे. गुहाराम एवं तीजनबाई के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 11.08.23 एवं 22.01.24 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.06.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202505101200071
/अ-6/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद पिता गुहाराम वगै. निवासी ग्राम अछोटी मौजा ग्राम अछोटी प.ह.न 31 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1089, 1152, 1184 रकबा 0.09, 0.17, 0.25 हे. गुहाराम एवं तीजनबाई के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 11.08.23 एवं 22.01.24 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09.06.2025 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

प. नेहरू की पुण्यतिथि संस्कृति विभाग ने किया नमन

रायपुर /नवप्रदेश । भारत गणराज्य के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का उनकी 61वीं पुण्यतिथि पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 4 के सहयोग से रखे गए संक्षिप्त आयोजन में राजधानी रायपुर शहर के जीईमार्ग में स्थित नगर निगम के गाँधी (नेहरू) उद्यान परिसर के भीतर प्रतिमा स्थल में पहुंचकर रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी ने प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू का पुण्यतिथि पर सादर नमनकिया।

अहिल्या जयन्ती पर महिलाओं ने सुन्दर रंगोली उकेरी

रायपुर /नवप्रदेश। राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती 31 मई 2025 के परिपेक्ष्य में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी,आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार और जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी और जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन क्रमांक 10 की टीम द्वारा आज जोन 10 के अंतर्गत श्रीजी कल्पतरु कॉलोनी अमलीडीह में महिलाओं के सहयोग से देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर सुन्दर रंगोली उकेरकर उनकी जीवनी से आमजनों को जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा की उपस्थिति में दी गयी।

सुशासन तिहार : आवेदन देते ही तत्काल राशन, आयुष्मान, श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र मिला

टाटीबंध सामुदायिक भवन के समाधान शिविर में 1091 आवेदनों का समाधान

36 करोड़ के प्रस्ताव पर विधायकों की अनुशंसा लेकर पहल करें : सभापति

रायपुर /नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग अरूण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोन 8 के 7 वार्डो के लिए भारत माता स्कूल जीई मार्ग के सामने टाटीबंध सामुदायिक भवन में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, पार्षद सर्वश्री संदीप साहू, अमन सिंह ठाकुर, महेन्द्र औसर, भगत राम हरवंष, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, विरेन्द्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष विवके शाह, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विनोद पाण्डेय, कृष्णा खटीक, जोन 8 जोन कमिष्नर राजेश्वरी पटेल की उपस्थिति में नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिको को सुषासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक जोन 8 के 7 वार्डो में लगे षिविर में आमजनता से प्राप्त सभी 1091 आवेदनों के गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान के संबंध में विभागवार एवं कार्यवार नागरिकों को मंच से विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय द्वारा दी गई। सुशासन तिहार समाधान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन कर पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पष्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विष्वदीप ने किया। पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चैबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य गायत्री सुनील चंद्राकर, जोन 8 अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह ठाकुर, पार्षद सर्वश्री संदीप साहू, अमन सिंह ठाकुर, महेन्द्र औसर, भगत राम हरवंष ने मंच में आवेदन करते ही तत्काल बनाये गये राषन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र पात्र नागरिकों को प्रदत्त किये गये। अतिथियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में जाकर नवजात शिशुओं का अन्न प्रासन्न कराया।

पूर्व केबिनेट मंत्री रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आने वाले नगर निगम रायपुर के 4 जोनों के वार्डो की रहवासी आमजनता से सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त किये गये शिकायतो का शत प्रतिशत समाधान अधिकारीगण अगले 2 माह के भीतर करवा ले नहीं करवाये जाने पर वे स्वयं संबंधित 4 जोन में जाकर 4 दिन आम जनता के आवेदनो की समीक्षा करेंगे। साथ ही फिर वे स्वयं रायपुर पष्चिम क्षेत्र के वार्डो की रहवासी जनता के प्रत्येक आवेदन एवं उसके समाधान की कार्यवाही की मॉनिटरिंग करेंगे । पूर्व केबिनेट मंत्री एवं रायपुर पष्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा कि रायपुर शहर में कामो से परिवर्तन आम जनो को दिखना चाहिए। जोन अंतर्गत वार्डो के कार्य जोन स्तर पर ही होना चाहिए। न कि जनता को इन कामो के लिए इधर उधर भटकने की स्थिति रहनी चाहिए। रायपुर पश्चिम विधायक ने रायपुर महापौर एवं निगम आयुक्त को धन्यवाद दिया कि उनके सुझाव पर शहर में वार्ड एक्षन प्लान बनाने की दिशा में कार्यवाही नगर निगम ने प्रारंभ कर दी गई है। प्रत्येक वार्ड का भौगोलिक नक्षा हो एवं प्रत्येक वार्ड में योजनाबद्ध नगर विकास कार्य आमजनता के लिए करवाये जाये। समाधान शिविर में लोगो के सभी आवेदनो का त्वरित समाधान हो। रायपुर पश्चिम विधायक ने पार्षदों से प्रतिदिन नियमित सुबह 1 घंटा अपने वार्ड क्षेत्र में घूमकर जनता के बीच रहने एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान करवाने की जनहित में अपील की ।

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने सुशासन तिहार 2025 के आयोजन हेतु प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सराहते हुए इस आयोजन को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अत्यंत सराहनीय पहल बतलाया। उन्होने कहा कि पहले चरण में आमजनों को बुलाकर समस्याओं के आवेदन लिये गये।

रायपुर के छात्रों ने 2024-2025 ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024 - 25 में रायपुर के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक प्राप्त किया । केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 (जूनियर विंग) की आइरा फातिमा केपी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक प्राप्त किया, इंटरनेशनल गोल्ड मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

वही दूसरी तरफदिल्ली पब्लिक स्कूल के हर्षिल बंसीजा ने भी इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में दूसरी रैंक प्राप्त कर , इंटरनेशनल सिल्वर मैडल और प्रमाण पत्र हासिल किया। और दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रथम सांखला ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में इंटरनेशनल ब्रोंज मैडल और प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए तीसरी रैंक अर्जित किया।

इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लगभग लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिसमें रायपुर के 55600 से अधिक छात्र शामिल थे। दिल्ली पब्लिक स्कूल, कृष्णा किड्स अवंति विहार सहित रायपुर के प्रसिद्ध स्कूल प्रतिभागियों में शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 2024-25 ओलंपियाड परीक्षाओं के टॉपर छात्रों को सम्मानित किया।

देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती जीवनी की जानकारी आमजनों तक पहुंचाए

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर नगर निगम संस्कृत, पर्यटन एवं मनोरंजन और विरासत संरक्षण विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने नगर निगम संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निगम मुख्यालय भवन के संस्कृति विभाग अध्यक्ष कक्ष में बुलाकर बैठक ली और राज्य शासन के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के सभी 10 जोनों के माध्यम से देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी को आमजनों तक पहुंचाने विविध सकारात्मक गतिविधियां करने परिचय के बारे में लोगो रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्थित शहीदों, महापुरुषों, वीरांगनाओं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सभी मूर्तियों, प्रतिमाओं की आवश्यक मरम्मत करने, संरक्षण करने, सम्मान करने के लिये आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए है। संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने अधिकारियों को राज्य शासन के आदेशानुसार देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयन्ती के अवसर पर महान शिव भक्तिनी, समाज सुधारक, कुशल प्रशासिका, पुण्यश्लोक की जीवनी से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्राप्त करने सभी नगरवासियों तक उनकी जीवनी की जानकारी अधिकाधिक संख्या में पहुंचाने सभी जोनों के माध्यम से आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही करने और 31 मई 2025 तक प्रतिदिन नगर निगम रायपुर के क्षेत्र में विविध सकारात्मक गतिविधियाँ करने के निर्देश दिए है।

लालपुर से गोदड़ीधाम तक नाले से पानी की सुगम निकास करें : आयुक्त

रायपुर/नवप्रदेश। आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप ने नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी और जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी सहित अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 10 जोन कमिश्नर श्री विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर की उपस्थिति में नगर निगम जोन क्रमांक 10 के क्षेत्र के अंतर्गत एमएमआई हॉस्पिटल लालपुर से गोदड़ीधाम संत बाबा गेलाराम नगर लालपुर तक नाला की सफाई का स्थल निरीक्षण कर अधिकारियों को गन्दे पानी की सुगम निकास का स्थायी प्रबंधन देने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए है।

सरकारी राशन दुकान पर चोरों ने बोला धावा

गल्ले में रखे ढाई लाख रुपये लेकर हुए फरार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के मौदहापारा इलाके में स्थित एक सरकारी उचित मूल्य की राशन दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक, बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान में सेंध लगाकर गल्ले में रखे करीब 2.5 लाख रुपये नगद चोरी कर लिए। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसकी फुटेज पुलिस ने जब्त कर ली है और जांच में जुट गई है।

कैसे दिया वारदात को अंजाम?: बताया जा रहा है कि वारदात मंगलवार तड़के 4 से 5 बजे के बीच की है, जब पूरा इलाका सुनसान था। चोर दुकान के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और नकदी लेकर फरार हो गए। खास बात यह है कि चोरी बिना किसी शोर-शराबे के बेहद शातिर अंदाज में अंजाम दी गई, जिससे आसपास के किसी भी व्यक्ति को भनक तक नहीं लगी।

सीसीटीवी में कैद हुई वारदात : गौरतलब है कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है।

जोन 9 में आज पाम ब्लॉजियो के सामने नवनिर्मित गारमेंट फैक्ट्री में समाधान शिविर

जोनवार समाधान शिविर लगाया जा रहा

रायपुर /नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आदेशानुसार और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण के अंतर्गत विगत 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आम जनता से मांगों और शिकायतों से सम्बंधित ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन सभी 10 जोनों के समस्त 70 वार्डों में लगाए जाकर प्राप्त किये गए. द्वितीय चरण में लगभग 1 माह में प्रथम चरण में प्राप्त आम जनता की मांगों और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने का कार्य अत्यंत तेज गति से प्रतिदिन नियमित किया गया. नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर`, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, आयुक्त विश्वदीप के मार्गनिर्देशन में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत दिनांक 5 मई से 31 मई के अंतर्गत समाधान शिविर लगाकर सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण आवेदकगणों को उनके आवेदन पर की गयी समाधान की कार्यवाही की जानकारी देने और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की हितग्राहियों को जानकारी देने का जोनवार जारी है, ताकि पात्र हितग्राहीगण केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ शासन की विभिन्न लाभदायक योजनाओं से सहजता और सरलता से वांछित तौर पर पूर्ण लाभान्वित किये जा सकें. इसके अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा जोनवार सभी 10 जोनों में प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं. इसके अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 9 के तहत 28 मई को रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10 के क्षेत्र में पाम ब्लॉजियो के सामने नवनिर्मित गारमेंट फैक्ट्री मोवा रायपुर और जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत 30 मई को सामुदायिक भवन गुरुद्वारा देवपुरी में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक के निर्धारित समय में आम जनता के लिए किया गया है।

आज अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर दिनांक 28 मई 2025 को सुबह 10:30 बजे मासिक धर्म स्वच्छता एवं सेनेटरी अपषिष्ट का पृथककरण के प्रति जागरूकता हेतु कार्यषाला का आयोजन नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य एवं स्त्री रोग विषेषज्ञ डॉ. मोनिका पाठक के विषिष्ट आतिथ्य में किया गया है। जिसमें नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, ननि रायपुर की समस्त महिला पार्षदगण, महिला अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित महिलाएं उपस्थित रहेंगी।

अपना गार्डन अमलीडीह, तालाब मंदिर की श्रमदान से सफाई

रायपुर /नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में महापौर मीनल चौबे, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, आयुक्त विष्वदीप के निर्देश पर सभी जोनों के माध्यम से 21 मई से 31 मई 2025 तक देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर आमजनों के मध्य विविध गतिविधियां की जाकर नागरिकों को उनकी जीवनी से अवगत कराया जा रहा है ताकि आमजन देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी से जीवन में सकारात्मक उर्जा शक्ति प्राप्त कर प्रेरणा प्राप्त कर सके। इसके अंतर्गत आज नगर निगम जोन 2 अंतर्गत जोन अध्यक्ष एवं सभापति सूर्यकांत राठौड और जोन 2 जोन कमिष्नर डॉ. आरके डोंगरे के निर्देश पर जोन 2 क्षेत्र में महिलाओं द्वारा सुन्दर रंगोली उकेरकर और नृत्य नाटिका प्रस्तुति के माध्यम से आमजनो को देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी से अवगत करवाया गया। जोन 10 द्वारा जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी और जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देष पर जोन 10 क्षेत्र में अमलीडीह अपना गार्डन परिसर सहित तालाब एवं मंदिर परिसर की श्रमदान से सफाई आमजनों के साथ सफाई मित्रों के सहयोग से करते हुए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अमित बेहरा एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक यशवंत बेरिहा की उपस्थिति में स्वच्छ गार्डन, मंदिर तालाब का सकारात्मक संदेश देते हुए जन - जन को देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर उनकी जीवनी के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई।

एक्शन ... सड़क पर भवन निर्माण सामग्री रखने पर 10 हजार रू. जुर्माना

टीम प्रहरी ने 25 अवैध ठेले हटाये, 7 अवैध शेड तोड़े

न्यू भारत स्वीट्स पर 7 हजार रू. जुर्माना

रायपुर /नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है।

इस क्रम में आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन क्रमांक 2 की नगर निवेष विभाग की टीम ने जोन क्षेत्र के तहत एलआईसी कार्यालय मुख्य मार्ग पंडरी के सामने मुख्य सडक मार्ग में अभियान चलाकर लगभग 25 अवैध ठेले सडक से हटाये और दुकानो के सामने निर्मित लगभग 7 अवैध शेड को जेसीबी मषीन से तोडकर सडक मार्ग को अतिक्रमण से मुक्त करवाते हुए जोन कमिष्नर डॉ. आरके डोंगरे के निर्देष पर जोन नगर निवेष उपअभियंता सुश्री अंजली बारले की उपस्थिति में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिको को त्वरित राहत दिलवायी । आज नगर निगम जोन 7 नगर निवेष विभाग द्वारा अभियान चलाकर समता कालोनी में महाराजा अग्रसेन कालेज के सामने मुख्य मार्ग में कब्जा जमाकर रखी गयी भवन निर्माण सामग्री को जप्त करते हुए 10 हजार रू. सडक बाधा शुल्क जुर्माना की वसूली करने की कार्यवाही जोन कमिष्नर श्री राकेष शर्मा के निर्देष पर नगर निवेष उपअभियंता रूचिका मिश्रा की उपस्थिति में की गई। जोन 3 द्वारा जोन 3 क्षेत्र में संपत्ति विरूपण करने पर न्यू भारत स्वीट्स को नोटिस देते हुए 7 हजार रू. का जुर्माना करने की कार्यवाही जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल के निर्देष पर नगर निवेष उपअभियंता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में स्थल पर की गई।

अमर गिदवानी ने नई नाली, पुलिया निर्माण का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश । आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के क्षेत्र में अरविन्द नगर बस्ती में सतपथी चौक के समीप वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी ने 4 लाख रूपये की स्वीकृत लागत से संधारण मद राशि से गन्दे पानी के सुगम निकास के जनहित में जनसुविधा हेतु प्रबंधन के लिए नई नाली और पुलिया का निर्माण शीघ्र किये जाने श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन रहवासियों सहित जोन 4 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता दीपक देवांगन की उपस्थिति में किया और कार्य स्वीकृति अनुरूप तत्काल प्रारम्भ करवाकर जनहित में शीघ्र सतत मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता सहित पूर्ण करने के निर्देश जोन 4 के सम्बंधित अधिकारियों को स्थल पर दिए।

युक्तियुक्तकरण रोजगार विरोधी कदम : कांग्रेस

45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे

रायपुर/ नवप्रदेश। कांग्रेस ने स्कूलों में युक्तियुक्तकरण का विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से 45000 से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जायेंगे। इसके कारण 10 हजार स्कूल भी बंद हो जायेंगे।

शिक्षकों की नई भर्तियां न करनी प? इसलिए साय सरकार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने साय सरकार ने षड्यंत्र रचा है। साय सरकार के इस फैसले का सबसे बड़ा नुकसान बस्तर और सरगुजा के आदिवासी अंचलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ेगा। नए सेटअप में प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एचएम को शिक्षकीय पद मानते हुए प्राइमरी में 30 और मिडिल में 35 बच्चों के बीच एक शिक्षा का सेटअप घोषित किया गया है। प्राथमिक शालाओं में पहली व दूसरी में तीन-तीन विषय एवं तीसरी, चौथी, पांचवी में चार-चार विषय के अनुसार कुल 18 विषय होते हैं, जिन्हें वर्तमान समय में तीन शिक्षकों को 40 मिनट का 6-6 कक्षा लेना होता है, अब युक्तियुक्तकरण के नए नियम के बाद दो ही शिक्षको के द्वारा 18 कक्षाओं को पढ़ाना कैसे संभव हो सकता है? मिडिल स्कूल में तीन क्लास और 6 सब्जेक्ट इस हिसाब से कुल 18 क्लास और 60 बच्चों की कुल संख्या में एचएम और उसके साथ केवल एकमात्र शिक्षक कैसे 18 क्लास ले पाएंगे? इसके अतिरिक्त मध्यान भोजन की व्यवस्था डाक का जवाब और अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों की जिम्मेदारी भी इन्हीं पर रहेगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि स्कूलों को जबरिया बंद किए जाने से न केवल शिक्षक बल्कि उन स्कूलों से संलग्न हजारों रसोईया, स्लीपर और मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्व सहायता समूह की बहनों के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

सुविचार

अपने रुप और रुपये का घमंड नहीं करना चाहिए, मोर को उसके पंखों का बोझ ही ऊँचा उड़ने नहीं देता। - अज्ञात

पाकिस्तान नहीं चीन है असली दुश्मन

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद अब पाकिस्तान को यह समझ में आ गया है कि वह उधार के हथियारों के दम पर ही भारत से जंग नहीं जीत सकता। आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान में जो तबाही मचाई है उससे उबरने में पाकिस्तान को लंबा वक्त लगेगा और उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह निकट भविष्य में फिर से भारत के साथ पंगा मोल लेने की हिमाकत कर सके। यह बात अलग है कि चीन अभी भी पाकिस्तान को उकसा रहा है कि वह भारत के खिलाफ अपनी मुहिम जारी रखे। पाकिस्तान भारत में आतंकवाद की आग को हवा देने से अपने काम को जारी रख सकता है। ऐसे में भारत फिर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 शुरू कर सकता है। इसी आशंका से ग्रसित होकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ तुर्की और ईरान सहित चार मुस्लिम देशों की यात्रा पर निकले हैं जहां से वे आर्थिक मदद मांग रहे हैं और यह भी गुहार लगा रहे हैं कि कोई तो उनकी भारत के साथ शांति वार्ता करा दे। जाहिर है अमेरिका के दबाव में ही पाकिस्तान भारत के साथ सुलह की कवायद कर रहा है। पाकिस्तान को यह बात अच्छी तरह मालूम है कि भारत किसी भी देश के दबाव में आकर पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं करेगा। भारत ने तो पहले ही कई बार पाकिस्तान द्वारा की गई बातचीत की पेशकश को ठुकरा दिया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान से सिर्फ पाक अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी और पाकिस्तान को अब पीओके खाली करना पड़ेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधू जल संधि स्थगित होने के कारण ही तनाव बना हुआ है और इसका फायदा उठाते हुए चीन पाकिस्तान को भड़का रहा है। भारत भी अब इस बात को भलिभांति समझ चुका है कि भारत का असली दुश्मन पाकिस्तान नहीं बल्कि चीन है जो पाकिस्तान कंधे पर बंदूक रखकर भारत पर निशाना साधता है। यही वजह है कि पाकिस्तान को चीन न सिर्फ आर्थिक मदद मुहैया करा रहा है बल्कि उसे हथियारों की सप्लाई भी कर रहा है। पाकिस्तान के पास जितने भी हथियार हैं उनमें से 80 प्रतिशत हथियार मेड इन चाइना है। यह बात अलग है कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने इन्हीं हथियारों के परखच्चे उड़ाकर रख दिये थे। गौरतलब है कि अमेरिकी खुफिया एजेन्सी की एक रिपोर्ट में भी इस बात का खुलासा किया गया है कि चीन पाकिस्तान को आगे करके भारत से जंग लड़ रहा है। यह बात सही भी है। पाकिस्तान बेशक सुरक्षा की दृष्टि से भारत के लिए एक बड़ा खतरा जरूर है लेकिन उसका असली दुश्मन तो चीन ही है जो भारत की तरक्की से जल भून कर खाक हो रहा है। भारत की लगातार बढ़ती ताकत चीन के लिए चिंता का विषय बन गई है। चीन में इतना साहस भी नहीं है कि वह सीधे भारत से जंग कर सके। इसलिए वह पाकिस्तान को एक मोहरे के रूप में इस्तेमाल कर रहा है किन्तु पाकिस्तान के हुक्मरान और पाकिस्तान की आर्मी के चीफ इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं और चीन की चाल में फंसकर भारत के साथ जंग करने पर उतारू हो रहे हैं। जाहिर है चीन के चक्रव्यू फंसकर पाकिस्तान खुद अपने हाथों अपनी कब्र खोदने की मुर्खता कर रहा है।

आपरेशन सिंदूर में अग्निवीरों की महत्वपूर्ण भूमिका

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना ने जो आपरेशन सिंदूर चलाया था उसमें अग्निवीरों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारतीय सेना के साथ लगभग तीन हजार अग्निवीरों ने भी मोर्चा संभाला था और पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्यवाही में अग्रणी भूमिका निभाई थी। इनमें ऐसे अग्निवीर भी शामिल थे जो अपनी ट्रेनिंग पूरी करके सीधे मोर्चे पर पहुंचे थे और फायर जोन में तैनात होकर अदम्य साहस का परिचय दिया था। ये वही अग्निवीर है जिनकी नियुक्ति को लेकर विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने सरकार की कड़ी आलोचना की थी और इन अग्निवीरों की तुलना दिहाड़ी मजदूर से की थी। ऐसे बड़बोले नेताओं के मुंह पर अग्निवीरों ने करारा तमाचा लगाया है और आपरेशन सिंदूर से अग्रणी भूमिका निभाकर अपने चयन की सार्थकता सिद्ध कर दी है। मात्र 20 से 22 साल उम्र के इन अग्निवीरों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान मोर्चे पर जो जाबाजी दिखाई है उसका दुश्मन देश भी लोहा मान गया है। वैसे भी सेना को हमेशा जवान रखा जाता है और इस लिहाज से अग्निवीरों की नियुक्ति निश्चित रूप से भारतीय सेना को मजबूती देने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। आपरेशन सिंदूर के दौरान अग्निवीरों ने अपनी उपयोगिता साबित कर दिखाई है अब विपक्षी नेताओं की बोलती बंद हो जाएगी। जिन 3 हजार से ज्यादा अग्निवीरों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान अपने शौर्य का प्रर्दशन किया है। उनकी हौसला अफजाई की जानी चाहिए। और इन 3 अग्निवीरों को भारतीय सेना में शामिल कर लिया जाना चाहिए ताकि अन्य अग्निवीरों का हौसला भी बढ़े। उम्मीद की जानी चाहिए कि इन साहसी अग्निवीरों को भारतीय सेना का हिस्सा बनाकर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

नीरज मनजीत

इसलिए कि इनकी सारी प्रतिक्रियाएं घोर सिलेक्टिव होती हैं। यह तो नहीं माना जा सकता कि ये सारे महानुभाव पाकिस्तान के हिमायती हैं, मगर मोदी और भाजपा का इनका अंध-विरोध जाने-अनजाने इन्हें पाक परस्ती के वृत्त में ले जाता है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल, एक बार फिर, तब दिखाई पड़ी, जब जंग रोकने का ऐलान हुआ। तब इनका रंग पूरी तरह से बदल गया। पुनः ये 'तथाकथित उदारवादी' युद्ध पिपासु की मुद्रा में आ गए और मोदी को कोसने लगे कि पाकिस्तान को और ठोंका क्यों नहीं, पीओके क्यों नहीं लिया ? स्पष्ट है कि मोदी के क़दमों से ही इनका रंग तय होता है। न तो इस जमात के युद्ध विरोध में कोई सच्चाई है और न ही इनका सीज़फायर के फ़ैसले का विरोध सच्चा है। इस इकोसिस्टम, इस जमात के बारे में ज्यादा कुछ लिखने की जरूरत नहीं है। पूरी दुनिया इन्हें अच्छी तरह जान चुकी है, पहचान चुकी है। इन महानुभावों को अगर इसमें खुशी मिलती है, तो इन्हें खुशी मुबारक।

झूठ और अफवाहों की फैक्ट्री चलाने वाली जमात

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया पर "झूठ और अफवाहों की फैक्ट्री चलाने वाले, प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा और आरएसएस से घृणा करने वाले अंध-विरोधी-इकोसिस्टम" ने जैसे पोस्ट-प्रोडक्ट सोशल मीडिया पर परोसे, उसे देखकर कोई हैरानी अथवा अचरज नहीं हुआ। सिर्फ़ अफ़सोस हुआ कि इस इकोसिस्टम के महानुभाव अपनी ऊर्जा का अपव्यय करते हुए नकारात्मकता की ओर जा रहे हैं और गिरावट के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। अफ़सोस इस बात का भी है कि इस जमात के लोग हमारे समाज के प्रबुद्धजन हैं और खुद को "उदारवादी व सेक्युलर" मानते हैं। पिछले ग्यारह वर्षों से यह "छद्म उदारवादी-स्यूडो सेक्युलर" जमात असत्य और अफवाहों की फैक्ट्री चला रही है। अतः इनका असत्य भाष्य कोई नई बात नहीं है और न ही आख़िरी बात। वैसे इनके असत्य भाष्य का फ़ायदा अंततः भाजपा के खाते में ही जाता है।

हमारे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मेनस्ट्रीम चैनल भारत पाकिस्तान के बीच की तनातनी को जिस हल्ले-गुल्ले और अत्यधिक आक्रामक अंदाज़ से दर्शकों को परोस रहे हैं, उससे भी कोई अच्छा दृश्य उत्पन्न नहीं हो रहा है। 7 से 10 मई के बीच युद्ध के चार दिनों में इन चैनलों के एंकरों ने टीआरपी हासिल करने के चक्कर में हल्ला मचाने की सारी हदें लाँघ दी थी। कोई कह रहा था कि भारतीय सेनाएँ पीओके में घुस चुकी हैं। कोई कह रहा था कि भारतीय नौसेना का युद्धक पोत कराची के पास पहुँच गया है। कोई कह रहा था कि लाहौर पर हमारा कब्ज़ा बिल्कुल नज़दीक है।

कोई कह रहा था कि पाकिस्तान के अंदरूनी इलाकों में हमला करने के लिए हमारे फाइटर जेट उड़ान भर चुके हैं। सही ख़बर किसी चैनल के पास नहीं थी।

आख़िर दूसरे दिन रक्षा मंत्रालय को सभी मीडिया चैनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्तियों को सख्त एडवाइज़री करना पड़ी। इस एडवाइजरी में कहा गया कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही की लाइव कवरेज या रियल टाइम रिपोर्टिंग से परहेज करें। इसके बाद ही टीवी चैनलों के एंकरों पर थोड़ी-सी लगाम लगी। हमारा अनुभव तो यही है कि इस हल्ले गुल्ले का दर्शकों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, उल्टेउन्हें कोफ्त ही होती है।

पहलगाम के हमले के बाद हमारे विपक्ष ने बहुत ही जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दिया था और परंपरागत नेगेटिव बयानों से परहेज करते हुए हर क़दम पर सधे हुए बयान दिए थे। सारे विपक्षी नेताओं ने वक़्त की नज़ाकत को समझते हुए केन्द्र सरकार और सेना के हर कदम का समर्थन किया था।

शशि थरूर ने तो दिल जीतने वाले बयान दिए हैं। वैसे भी शशि थरूर बहुत ही सुलझे हुए, सलीकेदार, शालीन, प्रबुद्ध राजनेता हैं। उनके बेहतरीन लेख और बयान शालीनता, बुद्धिमत्ता और ज्ञान से भरे होते हैं। उनकी पहली और संभवतः सबसे बड़ी ग़लती यही थी कि वे कांग्रेस के सबसे ताक़तवर परिवार की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में खड़े हो गए थे।

उसके बाद से बड़ी ही ख़ामोशी से पार्टी में उनका क़द कम किया जाने लगा और आज वे कांग्रेस को अलविदा कहने की कगार पर खड़े हैं। पिछले 20 वर्षों से हम देख रहे हैं कि कांग्रेस ने बड़ी तादाद में अच्छे लोगों को खोया है। निःसंदेह पार्टी किसी भी बड़े-से-बड़े व्यक्ति से बड़ी होती है, मगर साल-दर-साल प्रतिभाशाली बुद्धिमान लोगों को खोते चले जाना क्या अच्छी बात है ?

ख़ैर, विपक्ष के जिम्मेदाराना रवैये के ठीक विपरीत सोशल मीडिया के वीर-बहादुरों ने इन माध्यमों पर बेहद संवेदनहीन असत्य पोस्ट्स की झड़ी लगा दी है। दुनिया का कोई भी मसला हो, कोई भी विषय हो ये महानुभाव हर मामले के "विशेषज्ञ" हैं।

22 अप्रैल के बाद इन्हें हर दिन रंग बदलते देखकर रंग बदलने वाले प्राणी भी शर्मिंदा हो रहे हैं। इस दिन के बाद 7 मई तक कोई दिन ऐसा नहीं था, जब इन्होंने मोदी को न कोसा हो, कि वे जवाबी हमला क्यों नहीं कर रहे हैं। जब भारतीय सेनाओं ने प्रचंड हमला किया और पाकिस्तान मार खाने लगा, तो इन महानुभावों को युद्धविरोधी कविताएं, गीत, तराने याद आने लगे और इन 'तथाकथित-उदारवादियों' ने जंग के ख़िलाफ़ पोस्ट्स से सोशल मीडिया को भर दिया।

Say no to war के स्लोगन हवा में लहराने लगे। इस मक़ाम पर एक सवाल जरूर पैदा होता है कि--खुदा न खूवास्ता अगर हालात इसके उलट होते और भारत को नुक़सान उठाना पड़ रहा होता, तो इन महानुभावों की प्रतिक्रिया क्या होती? आसानी से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि तब ये तराने और गीत सुनाई न पड़ते और न ही Say no to war का कोई स्लोगन दिखाई पड़ता।

इसलिए कि इनकी सारी प्रतिक्रियाएं घोर सिलेक्टिव होती हैं। यह तो नहीं माना जा सकता कि ये सारे महानुभाव पाकिस्तान के हिमायती हैं, मगर मोदी और भाजपा का इनका अंध-विरोध जाने-अनजाने इन्हें पाक परस्ती के वृत्त में ले जाता है।

इसकी सबसे बड़ी मिसाल, एक बार फिर, तब दिखाई पड़ी, जब जंग रोकने का ऐलान हुआ। तब इनका रंग पूरी तरह से बदल गया। पुनः ये 'तथाकथित उदारवादी' युद्ध पिपासु की मुद्रा में आ गए और मोदी को कोसने लगे कि पाकिस्तान को और ठोंका क्यों नहीं, पीओके क्यों नहीं लिया ?

स्पष्ट है कि मोदी के क़दमों से ही इनका रंग तय होता है। न तो इस जमात के युद्ध विरोध में कोई सच्चाई है और न ही इनका सीज़फायर के फ़ैसले का विरोध सच्चा है। इस इकोसिस्टम, इस जमात के बारे में ज़्यादा कुछ लिखने की जरूरत नहीं है। पूरी दुनिया इन्हें अच्छी तरह जान चुकी है, पहचान चुकी है। इन महानुभावों को अगर इसमें खुशी मिलती है, तो इन्हें ख़ुशी मुबारक।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1974 में 28 मई के दिन ही पाकिस्तान की क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मिस्बाह-उल-हक का जन्म हुआ था। 1967 में आज ही के दिन ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगाकर घर पहुंचे थे। 1883 हिंदुत्ववादी नेता और कवि विनायक दामोदर सावरकर का जन्म 1883 में आज ही के दिन हुआ था। 1908 जासूसी उपन्यास जेम्स बॉन्ड के लेखक इयान फ्लेमिंग का जन्म आज ही के दिन हुआ था। 1959 आज ही के दिन दो अमरीकी बंदरों ने अंतरिक्ष की सफल यात्रा की। 1967 65 साल के ब्रितानी नाविक सर फ्रांसिस चिटचेस्टर आज ही के दिन अकेले नाव में दुनिया का चक्कर लगा कर घर पहुंचे। 1996 - रूस चेचेन्या को अधिकतम स्वायत्तता देने पर सहमत। 1998 बलूचिस्तान की चगाई पहाड़ियों पर पाकिस्तान ने पाँच परमाणु परीक्षण किये, परमाणु परीक्षण के विरोध में सं.रा. अमेरिका ने पाकिस्तान के विरुद्ध आर्थिक प्रतिबंध लगाया। 1999 बेंजामिन नेतान्याहू का संसद से इस्तीफ़ा, तुर्की में नयी गठबंधन सरकार का गठन।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तेजप्रताप भाई

तेजप्रताप भाई यहां लोगो को सबूत मांगने और देखने की आदत है आपके प्यार की निशानी तेजस या तेजस्विनि के रूप मे हो तो उसे भी सबके सामने ला दीजिये। या फिर किसी अस्पताल आदि मे डिलवरी/अबार्सन आदि का पेपर हो तो उसे डाक्यूमेंट्री एविडेंस के रूप मे सामने रख दीजिए बाकि जनता आपके साथ है।

- एडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

तेजप्रताप भाई मुख

तेजप्रताप भाई मुख छिपाकर जीने से अखलाख बदलते नहीं, हर रास्ते के साथ साथ हयात बदलते नहीं, सर लेके हथेली पर सड़कों पे निकल आओ, घर बैठे जग में यारों यूं हालात बदलते नहीं।

- ललित उपाध्याय

ख़ास पाती | चाय से रोजगार मिले है चाय

चाय से रोजगार मिले है चाय दे देती मुस्कान जब जब होती आमदनी तो शिक्षा का मिले अनुदान न कोई प्रमाण पत्र चाहिए न हो किसी से कभी होड़ न किसी की मिलती धमकी न पड़ना पड़ता किसी के गोड़ हो अमीर या हो गरीब सब पीते बैठ बड़ी ही शान पानी चीनी दूध बिचारे बस एक किनारे बैठे हैं नाम कमाया सिर्फ चाय ने इन सब पर भी ऐंठे है आदर भाव से देखी जाती जब आते मेहमान बड़ी बड़ी जब मीटिंग होती गोल मेज पर जा विराजे और राजनीति के गलियारे मुद्दों के बाजार सजा दे अपनी महिमा खुद है गाती मुझ सा कोई नहीं महान।।

- रजनी रामदेव

ज़रूरत से ज़्यादा कभी कुछ नही

ज़रूरत से ज़्यादा कभी कुछ नही होना चाहिये... ना तो ज़रूरत से ज़्यादा बातचीत.. ना तो ज़रूरत से ज़्यादा लगाव... ना तो ज़रूरत से ज़्यादा भरोसा.. ओर ना तो ज़रूरत से ज़्यादा उम्मीद... क्यूँकि अंत मे ज़रूरत से ज़्यादा कष्ट ही मिलता है.. - सुश्री भागीरथी सिंह

कैसे हक़ से बात करोगे कैसे उसे बुलाओगे

कैसे हक़ से बात करोगे कैसे उसे बुलाओगे पल पल छोड़े जिस पर नश्तर, कैसे प्यार जताओगे जिसने अपनी सारी दुनिया, तुम तक सीमित कर डाली उस दिल को बेघर कर के तुम, किस दिल में रह पाओगे दुआ तुम्हें वो दे भी दे अब, खुशियों का संसार मिले उसकी सूनी आँखों से पर, कैसे नज़र मिलाओगे

- ममता लड़ीवाल

कितनी माँगें सूनी कर दीं तेरे कृत्यों

कितनी माँगें सूनी कर दीं तेरे कृत्यों ने ऐ बुझदिल, इस लाल लहू की होली से तू करना चाहे क्या हासिल, तुम जैसे ही तो इन्सां थे वो आम घरों के कर्णधार, बूढ़ी आँखों की आशा थे वो नौनिहाल के खेवनहार,वो किसी योगिनी की आंखों के भी थे सिंदूरी सपने,वो दारुण दुख में डूबे हैं जिन लोगों ने खोए अपने I सत्ता जब निज जिम्मेदारी न अपना धर्म निभाती है, तरुनाई आगे बढ़कर फिर दुश्मन को सबक सिखाती है, उठो भरो हुंकार बढ़ो आगे अब चिंतन बहुत हुआ, माताओं, बहनों, बच्चों का अब दारुण क्रंदन बहुत हुआ, इन आतताइयों के कृत्यों का बदला अब लेना होगा, निंदा प्रस्ताव हो गए बहुत परिणाम जल्द देना होगा !

- कुलदीप दीप

बीन लाई मैं टुकड़े सारे, बस, जोड़ना बाक़ी

बीन लाई मैं टुकड़े सारे, बस, जोड़ना बाक़ी है, शुक्र है मुकम्मल है दिल, बस,धड़कन दौड़ना बाक़ी है, मुतमईन हूँ,कामयाब कोशिशें होंगी, रिश्ता माज़ी से , बस, तोड़ना बाक़ी है, तो क्या हुआरेज़ा रेज़ा बिखरी थी कभी, मुस्तकबिल मे एक खूबसूरत हासिल, बस, जोड़ना बाक़ी है, वक़्त इम्तिहान का गुज़र ही जाएगा, फैसला खुद के हक़ मे, बस , मोड़ना बाक़ी है,- नम्रता सरन सोना

मन भर जाप हेतु, राम काज सोच कर

मन भर जाप हेतु, राम काज सोच कर, मौन धार बैठ गये ,त्रिपुरारी ध्यान धर। धर ध्यान सावधान, राम को रिझाय तब। बड़ा ही कठोर प्रण, शिव आज ठानि उर। उर ठान अब नहीं, यहि तन सती भेंट, करु नहीं भूल बस, सोच लिए आज हर। हर प्रिया रुप धारि, परिणीता राम जी की । क्षमा दान बार बार, पश्चाताप मन भर। - अजय मिश्रा अभिज्ञ

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

विजय कुमार गुप्ता

विश्व परिवार दिवस

नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
खूब पढ़ाया संतानों को, बढ़ता क्रम भी जारी है
दादा दादी नाना नानी की बढ़ती अब लाचारी है
घर परिवार दायरे में रहना सबकी जिम्मेदारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है
रुचि लगाव रखने में परिवारों की पूरी हिस्सेदारी है
नारी सशक्तिकरण के युग में अहम भूमिका नारी है
संस्कार समन्वय और मातृत्व गुण सभी पर भारी है
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है।
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।
सतर्क और संस्कार नियम से यदि बढाई यारी है
गुमराह वजह कुछ लोगों की बनी चिंता हमारी है
कुतर्क चलन अहम तुष्टि ने कुछ की मति मारी है।
भारत बना विश्व प्रणेता, सर्वमान्य नेतृत्व जारी है
नया भारत परीक्षा देता, भय साजिशें महामारी है।

QUIZ TIME

1) कर्कश का विलोम होगा?

2) शिवाजी के अष्टप्रधान का कौन सदस्य विदेशी मामलों की देख-रेख करता था?

3) सप्त ऋषि समिति किससे संबंधित है?

4) हर वर्ष हाइफा दिवस कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में किस मेगास्टार का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विनम्र (2) सुमंत (3) [illegible] उद्योग का विकास (4) 23 सितंबर (5) चिरंजीवी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

ऊपर से नीचे

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:38, सूर्यास्त : 07:09, चन्द्रास्त : 19:49,अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः : ग्रीष्म, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : ज्येष्ठ, पक्ष :शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : मृगशिरा, योग : धृति, प्रथम करण : नाग (08:31 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (18:45 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृष, चंद्र : वृष, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:46 से 12:42, अमृत काल : 24:00 से 25:25, द्विपुष्कर योग : 29:02 से 29:17, सर्वार्थ सिद्धि योग : 05:17 से 05:32, विजय मुहूर्त : 14:33 से 15:29, गोधूलि मुहूर्त : 19:09 से 19:30, सायाह्न सन्ध्या : 19:11 से 20:11, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:34, राहुकाल :12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 08:46 से 10:30, दुर्मुहूर्त : 08:04 से 09:00, होमाहुति : केतु (05:32 से सूर्य), दिशा शूल : उत्तर, नक्षत्र शूल : पश्चिम (05:32 से 26:50), अग्निवास : पाताल, चन्द्र वास : दक्षिण।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपकी समस्त दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। जिस भी कार्य मे हाथ डालेंगे उसमे असफलता मिलेगी अथवा विलंब होगा।

वृषः आज का दिन भी आपकी कीर्ति में वृद्धि करने वाला रहेगा। दिन के आरंभ में पुराने कार्य निपटाने में व्यस्त रहेंगे।

मिथुनः आज का दिन भी सावधानी से व्यतीत करें। कार्य क्षेत्र पर प्रतिस्पर्धी आपको क्षति पहुचाने के लिए कुछ भी कर सकते है।

कर्कः आज का दिन आपको यश दिलाएगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी तंदुरुस्त रहेंगे। कार्य व्यवसाय में कई महत्त्वपूर्ण फैसले निकट भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे।

सिंहः आज का दिन भी कार्यो में सफलता दिलाने वाला रहेगा।

कन्याः आज आप प्रातः काल से ही अधूरे कामो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे लेकिन फिर भी अपने किये कार्यो से पूरी तरह आश्वस्त नही होंगे।

तुलाः आज का दिन अधिक थकान वाला रहेगा आप आज आवश्यक कार्यो को प्रातः काल मे ही पूर्ण करने का प्रयास करेंगे।

वृश्चिकः आज का दिन आशा से कुछ कम लाभ देगा फिर भी आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से कर लेंगे।

धनुः आज के दिन कार्य क्षेत्र एवं गृहस्थ में उठापटक वाली स्थिति रहेगी। व्यवसायी वर्ग भी एक साथ कई काम हाथ मे लेने पर उलझन की स्थिति से गुजरेंगे।

मकरः आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आज आपके लगभग सभी कार्य अंत में जाकर आर्थिक अथवा किसी अन्य कारण से अटक सकते है।

कुंभः आज के दिन आप अतिआत्मविश्वास की भावना से ग्रसित रहेंगे यह घरेलू कलह एवं व्यवसाय में हानि का कारण बन सकती है।

मीनः आज के दिन धन लाभ आपके व्यवहार के ऊपर काफी हद तक निर्भर रहेगा।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब ले जाते दुपहिया वाहन चालक गिरफ्तार

धरसीवां/नवप्रदेश। धरसीवां पुलिस को नई दुपहिया सहित अवैध शराब ले जाते आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । थाना प्रभारी राजेंद्र दिवान ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.05.25 को मुखबीर द्वारा ग्राम कुरा ठाकुरदेव तालाब के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति जो अपने वाहन झ्ङ्क्स श्वङ्गष्टश्वरू सोल्ड पैरदान के पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन करते देशी शराब दूकान कुंरा से खान ढाबा होते कुंरा की तरफ आ रहा है सूचना पर पुलिस टीम थाना धरसींवा ने घेराबंदी कर 42 नग देशी मदिरा मसाला शराब जिसमे प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरा था कुल 7. 560 बल्क लीटर एवं वाहन सोल्ड को जप्त कर आरोपी भागीरथी देवांगन पिता स्व. सरहाराम देवांगन 78 साल के विरुद्ध अपराध क्र 251/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर दिनांक 26.05.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि कांग्रेस भवन में मनाया गया

कसडोल /नवप्रदेश। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के तत्वावधान मे मनाया गया जिसमें विशाल ध्रुव जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, दयाराम वर्मा कार्यकारी अध्यक्ष,योगेश बंजारे,चंदन साहू विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत कसडोल, कमल पटेल, रुद्र शंकर केवट, रमेश वैष्णव, प्रकाश क्षत्रिय, खिखराम वर्मा विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत कसडोल, गोविंद मिश्रा, विकास पैकरा,आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा स्थित वार्ड 13 लालजी स्टेडियम में एबीआर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में पंचायत स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है । जिसका शुभारंभ नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू के अध्यक्षता में शनिवार को मुख्य अतिथि विधायक अनुज शर्मा के हाथों से स्टंप के समक्ष श्रीफल तोड़ , फीता काटकर एवं बल्ला से चौंका छक्का मारकर उक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने आयोजन समिति को कहा कि खेल जीवन में एक महत्व पूर्ण है जिसे खेल भावना एवं शांति पूर्ण खेल खेले और उत्कृष्ट बनने की बात कहते हुए आयोजन समिति को 15000 रुपए स्वयं सहयोग देने की घोषणा किया । कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ नागरिक काशीराम देवांगन , पार्षद योगेश साहू , ढालचंद पाल , जगमोहन घृतलहरे , मोहन प्रजापति , प्रधान देवांगन , जगतू राम देवांगन , रिजवान उल्ला खान , प्रेमलाल पाल , प्रदीप शर्मा , ईश्वर यादव , बसंत रजक , अनिल बघेल , संतोष साहू , हेमिन नई साहू , मुकेश सिन्हा , ललित सिन्हा , दिनेश घ मफेरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए थे ।

देश के नवनिर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका : चंदूलाल साहू

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में युवा शिविरों का आयोजन सभी जिलों में किया जा रहा है इसी कड़ी में गायत्री शक्तिपीठ राजिम में ब्लाक स्तरीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 26 मई से 31 मई तक किया जा रहा है ।जिसका शुभारंभ आज किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य गृह भंडार निगम एवं पूर्व सांसद, टीकम राम साहू जिला समन्वयक, टीकम सेन ब्लॉक समन्वयक एवं प्रांतीय प्रशिक्षक टोली के रूप में पधारे रोमा साहू योगेश साहू राजेश देवांगन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया ।चंदूलाल साहू मुख्य प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ राजिम ने कहा शिविर में पधारे सभी युवा भाई बहन सौभाग्यशाली हैं । पुस्तकीय ज्ञान के अलावा देश दुनिया की खबर आप सबको होनी चाहिए क्या अच्छा है बुरा है इसका भी ज्ञान हम सबको होनी चाहिए ।इस शिविर से आप लोगों को जीवन जीने की दिशा धारा प्राप्त होगी ।

मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण पूज्य गुरुदेव का परिकल्पना है। जिन्हें आप सब लोग अपने चरित्र का निर्माण करके पूरा करेंगे ।जो भी बातें यहां से सिखाई जाएंगी उसे अपने जीवन में अमल करें। देश के नवनिर्माण में युवाओं

की अहम भूमिका होती है। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने कहा कई जगह लोग पैसा खर्च करके जाते हैं लेकिन गायत्री परिवार के द्वारा आयोजित यह व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर निशुल्क है । जोकि प्रतिवर्ष ब्लॉक एवं जिला स्तरीय आयोजित की जाती है। एच एल साहू पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा जो हम अच्छे कार्य करते हैं उसे भगवान का कार्य समझकर करना चाहिए श्रेष्ठ समाज के निर्माण में आप सब की विशेष भागीदारी होनी चाहिए ।आज के युवा नशे के गिरफ्त में चले जा रहे हैं उसे अपने आप को दूर रखना होगा । प्रशिक्षक के रूप में पधारे रोमा साहू ने कहा इस उम्र में बहुत सारे परिवर्तन होते हैं युवाओं में जोश होता है यदि सही दिशा में लगाया जाए तो युवा शक्ति अपने अंदर के शक्ति को समाज निर्माण में लगा सकते है। युवक का उल्टा वायु होता है सभी युवा की वेग में सही दिशा में निरंतर चलते रहें। स्वस्थ युवा सबल राष्ट्र, स्वालंबी युवा सशक्त राष्ट्र शालिन युवा श्रेष्ठ राष्ट्र सेवाभावी युवा ईश्वर लाल साहू ने पलकों की ओर से अपनी बात रखी उन्होंने कहा वास्तव में ऐसे शिविर आयोजन हमारे युवा बच्चों के लिए बहुत ही फायदेमंद है आज की युवा जो भटक रहे हैं उसे सहित दिशा देने में गायत्री परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद देता हूं। भोजन अवकाश के पश्चात प्रशिक्षक योगेश साहू के द्वारा अनुशासन गोष्ठी एवं टोली गठन किया गया उसके बाद राजेश देवांगन जी के द्वारा सफलता के सूत्र के बारे में बच्चों को बताया गया रोमा साहू के द्वारा जीवन लक्ष्य एवं कैरियर निर्माण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।

महिलाओं ने जब्त की अवैध शराब निर्माण सामग्री

खोपली में अवैध महुआ शराब बिक्री के खिलाफ महिलाओं में आक्रोश

प्लास्टिक केन में रखी कच्ची शराब बनाने का लहान जब्त की गई हैं। नारी शक्ति की सक्रियता के चलते अवैध शराब की ब्रिकी कम हो गई हैं।

बागबाहरा/नवप्रदेश। ब्लाक मुख्यालय बागबाहरा से महज 5 कि. मी. दूर स्तिथि ग्राम खोपली मे महिलाओ नें अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। उन्होंने गाँव के ही नहर अंदर छिपा कर रखें गए अवैध शराब निर्माण की एक बड़ी सामग्री को जब्त की। इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची व अवैध सामग्रीयों को गाँव वालों के समक्ष ही नष्ट कराया गया।

वहीं शिव शक्ति समूह के महिलाओ सहित ग्रामीणों नें पुलिस विभाग से अवैध शराब बनाने वालों पर नकेल कसने व उचित कानूनी कार्रवाही करने की माँग की हैं। मौके से 15 से अधिक कच्ची महुआ शराब के खिलाफ महिलाओं द्वारा एकजुट होकर अभियान चलाया जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि अब तक बहुत बर्दाश्त किया अब गांव में शराब नहीं बिकने दी जाएगी।

महिलाओं ने बताया कि खोपली में अवैध शराब बिक्री की जानकारी समय समय पर संबंधित विभागों को दी जाती रही, परन्तु कार्यवाही तो दूर, विभाग के कर्मचारी गांव आना भी आवश्यक नहीं समझते। गांव में विगत साल भर से अवैध रूप से महुआ शराब बेच रहा था। जिसके कारण गांव का माहौल अंशात होने लगा था। महिला समूह की इस कार्रवाई में पंचायत प्रतिनिधियों ने भी भरपूर सहयोग किया।

ग्राम खोपली की महिला समूह ने

सोमवार को नाला पर दबिश देकर 500 किलो महुआ लाहन बरामद किया। महिलाओं ने बताया कि 26 मई को गांव के समीप नहर किनारे में दबिश देकर अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों को नष्ट किया हैं। इस दौरान प्लास्टिक की डिब्बो में भरा करीब 500 किलो सड़ा महुआ लाहन जब्त की गई हैं।

> खोपली की महिला समूह के द्वारा अवैध महुआ लहान पकड़ने की जानकारी मिली, बागबाहरा पुलिस खोपली जाकर ग्रामीणों के समक्ष ही महुआ लहान को नष्ट किया गया।
>
> **जनक पटेल**, ए एस आई थाना बागबाहरा

हल्की बारिश ने खोली नपा की सफाई व्यवस्था की पोल

सिमगा/नवप्रदेश। नगर पालिका सिमगा में आज शाम हुई हल्की बारिश ने नगर की सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी है। तिगड्डा चौक में स्थित भाटिया रेस्टारेंट से बेमेतरा रोड में शिवनाथ नदी की ओर की दोनों तरफ की नाली विगत कई वर्षो से चोक है। जिसके कारण पानी का बहाव रूक गया है इस नाली की सफाई विगत कई वर्षो से नहीं हुई है या फिर यूं कहें कि जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिसकी वजह से मोहल्ले वासियों के घरों में हर साल नाली का गंदा पानी घुसता है। जिससे घर में रखे सामान को नुक्सान पहुंचता है। पूर्व पार्षद पिंटू माली ने बताया कि बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा प्रभावित उनका घर होता है जहां नाली का गंदा पानी घर में घुस जाता है सामान तो खराब होता ही हैं कई दिनों तक घर में बदबू रहता है। वहीं पूर्व अध्यक्ष भागवत सोनकर के दुकान के आगे अवैध कब्जा होने से नाली के गंदा पानी का बहाव रूक गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 01 भवानी नगर में भी नाली चोक हो गया है सफाई नहीं होने के कारण आज हुई बारिश से नाली का कचरा सड़क में फैल गया। जिसके उपर से चलने लोग मजबूर हैं। मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ व पार्षदों से नाली की सफाई करानें की मांग की है।

गुडेलिया के युवाओं ने सुशासन तिहार समर कैम्प में सीखे कई हुनर

समापन कार्यक्रम में कलेक्टर ने प्रतिभागियों क़ो किया पुरस्कृत

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्रामीण युवाओं क़ो सशक्त बनाने जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार समर कैम्प का 10 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं क़ो नि:शुल्क सेल्फ डिफेंस, योगा, साइबर क्राइम एवं कैरियर काउंसिलिंग की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी मे भाटापारा ब्लाक के ग्राम पंचायत गुडेलिया मे समर कैम्प का समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी, सरपंच संकेत अग्रवाल सहित अतिथियों के द्वारा भारत माता के छायाचित्र मे पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने 10 दिवसीय समर कैम मे सीखे हुनर जिसमें जुम्बा डांस, सेल्फ डिफेन्स, योगा आदि का बेहतरीन प्रदर्शन किया।कार्यक्रम मे समर कैम्प के दौरान आयोजित खेल

प्रतियोगिता के प्रतिभागियों क़ो मैडल से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि ग्रामीण युवाओं क़ो मंच देने तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार समर कैम का आयोजन किया जा रहा है । प्रथम चरण मे 6 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया जिसमें गुडेलिया भी शामिल है। उन्होंने कहा कि युवाओ के रूचि के अनुसार इस समर कैम का अन्य पंचायतों मे विस्तार किया जाएगा। उन्होने कहा कि समर कैम्प मे बच्चों ने

कुर्मी क्षत्रिय समाज के शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह 29 को

कुम्हारी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल के निर्देशन एवं दुर्ग जिला अध्यक्ष सुनील चंद्राकर के संयोजन में आगामी 29 मई गुरुवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई नगर में सुबह 10.30 से संध्या 05 बजे तक आयोजित किया गया है।

उक्त कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित राजनीतिक दायित्व प्राप्त किए गणमान्य जनों का भी सम्मान किया जाएगा। आयोजन में प्रदेश भर के सामाजिक पदाधिकारीगण सम्मिलित होंगे।

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आर्थिक विकास की उड़ान में भारत बना विश्व की चौथीं बड़ी अर्थव्यवस्था: रंजना

- **पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा दुनिया में फिर लहराया भारत का परचम,मोदी है तो मुमकिन है**

धमतरी/नवप्रदेश। विगत दिनों दिल्ली में आयोजित हुई नीति आयोग की बैठक के बाद आर्थिक अर्थव्यवस्था पर आधिकारिक घोषणा करते हुए यह बताया गया की भारत ने जापान को पिछे छोड़ वैश्विक अर्थव्यवस्था पर अब चौथा स्थान हासिल कर लिया है,यहाँ पूर्व विधायक रंजना साहू ने हर्षित होकर कहा मोदी है तो मुमकिन है,प्रेस नोट जारी करते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा यह आर्थिक विकास की उड़ान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व का परिणाम है कि आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है,आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जब 2014 में देश की सत्ता संभाली, तब भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान पर थीं। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में, अर्थात् 2024 तक, उन्होंने इसे पाँचवें स्थान पर पहुँचा दिया था और इस दौरान भारत ने ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और अब जापान को पिछे छोड़ चौथे स्थान पर अपनी जगह बनाई है,आज़ादी के 67 साल बाद 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर की थी। 2021 तक यह बढ़कर 3 ट्रिलियन डॉलर हो गई। सिर्फ़ चार साल में हमने एक और ट्रिलियन जोड़ लिया है। आज भारत आधिकारिक तौर पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है - एक ऐसा मील का पत्थर जिसे कभी दशकों दूर माना जाता था। जो कभी असंभव लगता था, वह अब आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निर्णायक और दूरदर्शी नेतृत्व में बार-बार हकीकत बन रहा है। और यह तो बस शुरुआत है।

मजबूत बुनियादी बातों, साहसिक सुधारों और भविष्य के लिए एक स्पष्ट रोडमैप के साथ, आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि और तेज़ी से होने वाली है। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित इस दिशा में कार्य करने वाले प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक का आभार करते हैं जिससे हमारा देश भारत आज इस ऊंचाइयों को हासिल करने में सफल हुआ है।

श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु सांसद विजय बघेल ने 5 लाख की राशि मंजूर की

कुम्हारी/नवप्रदेश। स्टेशन चौक स्थित श्रीराम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए व्यापारी संघ कुम्हारी ने भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के समक्ष मांग रखी, जिसे उन्होंने दुर्ग के सांसद विजय बघेल के समक्ष रखा। ज्ञात हो यह कुम्हारी के प्राचीन मंदिरों में एक है। उक्त मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु अपनी सहमति देते हुए सांसद विजय बघेल ने प्रारंभिक कार्य के लिए 5 लाख की राशि स्वीकृत किया, इससे समस्त कुम्हारी वासी, व्यापारी संघ, भाजपा परिवार एवं श्रीराम भक्त अत्यंत प्रसन्न हैं। इस कार्य के लिए राजू

निषाद ने सांसद विजय बघेल एवं श्रीमती रजनी बघेल को धन्यवाद स्वरूप प्रभु श्रीराम का तैलचित्र भेंट कर आभार व्यक्त किया । इस मौके पर पार्षद लोकेश साहू, वार्ड नंबर 15 के पार्षद अनुराग गुप्ता, सेजस सांसद प्रतिनिधि सुजीत यादव, वार्ड 24 की पार्षद श्रीमति ममता साहू, पूर्व पार्षद श्रीमति रागिनी निषाद, प्रणव श्रीवास्तव सहित व्यापारी संघ कुम्हारी के सदस्य अनुज शुक्ला, विशाल राठौड़, प्रकाश जैन, मनहरण साहू, गोविंद बघेल, रूपेश साहू, अमित नंदेश्वर एवं अन्य उपस्थित रहे ।

छुरा के लिकेश सिन्हा का आईआईएम अहमदाबाद में चयन,विधायक रोहित साहू ने किया सम्मानित

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय छुरा के लिकेश सिन्हा ने कैट की प्रतिष्ठित परीक्षा में 99 पर्सेंटाइल हासिल कर जिले एवं परिवार का नाम रोशन किया है। लिकेश सिन्हा ने आईआईएम अहमदाबाद में जगह बनाई। उनके इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी का माहौल है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने अपने निज निवास में लिकेश सिन्हा को सपरिवार बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि लिकेश सिन्हा जैसी प्रतिभाएं हमारे क्षेत्र की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के अनेक युवाओं को प्रबंधन संस्थान में प्रवेश की प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करेगी। हम सबके लिए गौरव की बात है कि हमारे क्षेत्र के बच्चे भी अब बड़ी प्रतिस्पर्धाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से दिशांक चंद्राकर, मानसिंह निषाद, अशोक ठाकुर, शीतल ध्रुव, शिक्षक रमेश साहू आदि शामिल रहे। लिकेश सिन्हा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता यशवंत सिन्हा चन्द्रवती

सिन्हा व गुरुजनों तथा अपने अथक परिश्रम को दिया। विदित हो कि लिकेश सिन्हा ने अपनी शिक्षा कक्षा छठवीं से 12 वीं तक सैनिक स्कूल अंबिकापुर से तथा स्नातक की शिक्षा एनआरटीआई बड़ोदरा से प्राप्त किया है। उन्होंने एनडीए की परीक्षा पांच बार उत्तीर्ण की है तथा एसएसबी में असफल होने उपरांत पुनः नया लक्ष्य तैयार कर कैट की परीक्षा 99 प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण किया और आईआईएम अहमदाबाद में प्रवेश की पात्रता हासिल की। इसके अलावा लखनऊ, इंदौर, उदयपुर, दिल्ली व नागपुर के आईआईएम में भी प्रवेश की पात्रता प्राप्त की लेकिन अहमदाबाद आईआईएम देश में प्रथम व विश्व में 31 वें रैंक की संस्थान होने के कारण अहमदाबाद में प्रवेश लिया।

संगोष्ठी

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होलकर प्रशासनिक कुशलता व धार्मिक योगदान के आदर्श जाना जाता है

अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन

कुरूद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत मड़ेली में आयोजित पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया था जिनमें मुख्य वक्ता अजय चंद्राकर विधायक कुरुद पूर्व कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन रहे जिन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अहिल्याबाई होलकर कुशल प्रशासक व धर्म के प्रति आस्था रखती थी। इनका विवाह महज 8 वर्ष की आयु में खंडेराव होलकर जी से हुआ। 1754 के युद्ध में इनके पति खांडेराव होलकर की मृत्यु हो गई तथा कुछ समय पश्चात 1767 में उनके ससुर मल्हार राव होल्कर की भी मृत्यु हो गई तब उन्होंने शासन का कमान अपने हाथ में संभाली और एक कुशल प्रशासक के रूप में काम करते हुए उनके नेतृत्व में इंदौर को एक समृद्ध व्यापारिक व सैन्य केंद्र बनाया तथा पेशवा रघोबा दादा के आक्रमण बिना रक्त पान के रोकना उनकी रणनीति व सूझबूझ का परिणाम रहा है । गोहद का युद्ध बिना किसी बाहरी सहायता से अपनी रणनीति पर जीतना उनकी कुशलता को परिणाम रहा है ,चाहे धार्मिक योगदान में भी अहिल्याबाई होल्कर बचपन से भगवान शिव के प्रति गहरी आस्था रखने वाली थी सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कराया जो मुगल आक्रमणों द्वारा क्षतिग्रस्त

हो गया था। अपनी निजी संपत्ति से चारोंधाम ,सप्तपुरी और 12 ज्योतिर्लिंग का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया। अहिल्याबाई होलकर अद्भुत प्रशासनिक क्षमता के कारण विभिन्न उपाधि से नवाजा गया जैसे पुण्यश्लोका लोकमाता और देवी जैसे आदि उपाधि से उनको नवाजा गया। उनके कुशल सुशासन, महिला सशक्तिकरण व राष्ट्र निर्माण की जो काम उन्होंने की है वह उदाहरण आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के कार्यों में देखने को मिलता है । कार्यक्रम का संचालन थानेश्वर तारक अधिवक्ता महामंत्री ने किया।

इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, नारायण गिरि, अमित सेन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद, सुनील गायकवाड जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि, वीणा लक्ष्मी नारायण साहू सरपंच, डॉ लोकेश साहू मंडल अध्यक्ष ,पुष्पेंद्र पूर्वअध्यक्ष, गौरव भोंसले महामंत्री , थानेश्वर तारक महामंत्री, रामलाल साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,संतोष साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि , बिसे लाल साहू, जीवनलाल साहू, नोमेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, शेखर साहू पूर्व सरपंच, चैतराम देवांगन,अरुण साहू, हरिशंकर साहू सरपंच संघ अध्यक्ष, नवीन गांधी ,आनंद गांधी ,चंद्रशेखर साहू सभापति, रूपचंद देवांगन सभापति, ठाकुर राम साहू जनपद सदस्य,अनुराग साहू जनपद सदस्य, गंगा साहू जनपद सदस्य, त्रिलोचन साहू जनपद सदस्य, ललिता रमेश भतपहरी जनपद सदस्य ,देवेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य,नरेंद्र ध्रुववंशी सोसायटी अध्यक्ष, ओमप्रकाश देवांगन उपसरपंच , सरपंच गण राकेश साहू मुरा, देवचरण चंद्राकर जी जामगांव आदि भारी संख्या में ग्रामवासी की उपस्थिति रही।

न्यूज गैलरी

खेत में मिला अज्ञात का शव

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम मंडला में खेत में अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। खेत में काम करने जा रही महिला ने अज्ञात व्यक्ति का शव देखा और ग्रामीणो को इसकी सूचना दी। ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है। शव की शिनाख्ति नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक पिछले कुछ दिनों से गांव के आसपास ही भटक रहा था। मौत के कारणों का खुलासा नही हो पाया है। पुलिस शव की शिनाश्ती के साथ मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

युवक से मारपीट, सिर पर आई चोट

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने युवक से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तुमगांव के एक दुकान में शिव कुमार सोनवानी के साथ रूपेश और वीरू गहरवाल ने मारपीट कर दी। मारपीट से युवक के सिर पर चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

महुआ शराब जब्त, गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। बलौदा पुलिस ने ग्राम हरिबनपुर के आगे तालाब के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि सुकड़ा निवासी लखपति बरिहा (30) से 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

बाल अधिकारों की सुरक्षा में भागीदारी का अवसर

कवर्धा/नवप्रदेश। बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने और उनके पुनर्वास और जागरूकता कार्यों को मजबूती देने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम द्वारा सपोर्ट पर्सन इम्पैनलमेंट 2025 की प्रक्रिया शुरू की गई है। यह इम्पैनलमेंट पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 39 व नियम 2020 के अंतर्गत किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत जिले में बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत योग्य और अनुभवी व्यक्तियों व संस्थाओं का चयन किया जाएगा। पीड़ित बच्चों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरान सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ जागरूकता, परामर्श और पुनर्वास जैसे कार्यों में उन्हें सहभागी बनाया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन तैयार कर 15 जून 2025 तक कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट पर अथवा संबंधित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज न करने पर आंदोलन की चेतावनी

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। तुमगांव नगर पंचायत के अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने नपा उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष पति द्वारा गाली-गलौज करने और कार्यालय में घुसकर जान से मारने की शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साहू ने एसपी से 3 दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एफआईआर दर्ज न होने पर बलराम कांत साहू ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

नपं अध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के दबाव में दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

दस दिन बीतने के बाद भी उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। उन्होंने एसपी को सौंपे गए पत्र में कहा है कि 17 मई को अपने साथियों के साथ नगर पंचायत में मौजूद थे। उसी समय उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के पति उत्तम निर्मलकर ने वहां आकर कहा कि आप लोग ओव्हर ब्रिज केपास स्थित मेरे कार्यालय गए थे। उसके बाद से मेरे ट्रक के दो नग टायर गायब हैं। इसकी शिकायत थाना में करने जा रहे हैं। मेरे दोनों टायर वापस कर दो वर्ना पुलिस में शिकायत करूंगा। इसके बाद उत्तम निर्मलकर गाली-गलौज करने लगा। उत्तम की पत्नी सावित्री ने अश्लील गाली-गलौज करते हुए चप्पल उतारकर मारने का प्रयास करने किया। सावित्री ने उन्हें छेड़छाड़ जैसे झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी और उत्तम ने भी साहू को कार्यालय व घर में घुसकर मारने की धमकी दी।

राशनकार्डधारी परिवारों को मिलेगा तीन माह का एकमुश्त चावल

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत आम जनता को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में अहम निर्णय लेते हुए संचालनालय खाद्य विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जिले के सभी राशनकार्डधारी परिवारों के लिए जून, जुलाई और अगस्त माह की राशन सामग्री का वितरण करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। जानकारी अनुसार पात्रता रखने वाले समस्त राशनकार्ड धारियों को चांवल का एकमुश्त वितरण किया जाएगा। जिसकी अवधि 1 जून से 30 जून तक निर्धारित की गई है। हितग्राहियों को तीन माह यानी जून से अगस्त का चांवल पात्रता अनुसार एक साथ वितरित किया जाएगा। इस व्यवस्था के अंतर्गत चांवल के अलावा अन्य खाद्यान्न सामग्री जैसे शक्कर, चना, नमक औरं गुड़ का वितरण पूर्ववत् मासिक आधार पर ही किया जाएगा। इन सामग्रियों का वितरण जून से अगस्त 2025 के दौरान शासन से प्राप्त पृथक-पृथक मासिक आबंटन के अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राज्य शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक खाद्यान्न सामग्री का पूर्व भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राशन वितरण में किसी प्रकार की विलंब या बाधा न होने देने सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूरी होनी चाहिये।जिला खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम ने बताया राज्य शासन के निर्देशानुसार पात्र परिवारों को चांवल का एकमुश्त वितरण आगामी जून माह में किया जाएगा।

नगरवासियों को भव्य और दिव्य कवर्धा का सपना दिखाकर कर रहे कमीशनखोरी : केशरवानी

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव आकाश केशरवानी ने कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में विकास व निर्माण कार्यों में जमकर कमीशनखोरी के आरोप लगाए हैं। केशरवानी ने कहा कि कवर्धा नगरवासियों को दिव्य और भव्य कवर्धा का सपना दिखाकर भाजपा के स्थानीय नेता नगर पालिका में करप्शन कर रहे हैं। केशरवानी ने बताया कि कवर्धा नगर पालिका द्वारा शासन से स्वीकृत विकास एवं निर्माण कार्यो का ठेका बिना निविदा खोले अपने चहेते ठेकेदारों को दिया जा रहा है। निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। उन्होने बताया कि कार्यालय कवर्धा नगर पालिका परिषद से 7 मई 2025 को कुल चार कार्यो के लिए मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गई थी। कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 में ब्रम्हकुमारी सामुदायिक भवन पहुंच मार्ग का सौंदर्यीकरण लागत 9.75 लाख रुपए, पीजी कॉलेज से लेकर करपात्री स्कूल लायब्रेरी तक सौंदर्यीकरण कार्य लागत 9.75 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 17 खूंटू नर्सरी मार्ग में बिजली व्यवस्था कार्य लागत 7 लाख रुपए और वार्ड क्रमांक 1 भामाशाह भवन से दुर्गा मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 9.50 लाख रूपए के कार्य शामिल है।

निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय 21 मई 2025 शाम 5 बजे तक तय की गई। आवेदनों का परीक्षण करने के बाद निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि 22 मई, निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय- 29 मई दोपहर 3 बजे तक और निविदाएं खोलने की तिथि व समय 30 मई को शाम 4 निर्धारित किया गया। इनमें से वार्ड क्रमांक 9 में ब्रम्हकुमारी सामुदायिक भवन पहुंच मार्ग का सौंदर्यीकरण अनुमानित लागत 9.75 लाख रूपए का निर्माण कार्य और पीजी कॉलेज से लेकर करपात्री स्कूल लायब्रेरी तक सौंदर्यीकरण कार्य अनुमानित लागत 9.75 लाख रूपए, निविदा खुलने से पूर्व ही पालिका द्वारा अपने चहेते ठेकेदार को दे दिया गया। संबंधित ठेकेदार ने बिना वर्क आर्डर के लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है। इससे पूर्व भी भाजपा शासन काल में नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा कई निर्माण व विकास कार्य बिना निविदा खोले धड़ल्ले से कमीशन लेकर चहेते ठेकेदारों को दिए जा चुके है।

कमीशनखोरी के चलते सिर्फ निर्माण कार्यो में फोकस

केशरवानी ने कहा नगर में सड़क, बिजली, पानी, साफ सफाई व्यवस्था, राशन कार्ड, आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं व योजनाएं चौपट पड़ी है। मानसून सिर पर है, लेकिन कवर्धा में नाले व नालियों की साफ सफाई के काम नहीं हो रहे हैं। वार्ड 2, 3, 8 और 9 की नालियां गंदगी और कूड़ा करकट से अटी पड़ी है। नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा है इसके बावजूद नगर पालिका के सत्ताधारी और प्रशासन हांथ पर हांथ धरे सिर्फ कमीशन बटोर रहे है।

आधे-अधूरे पड़े नगर विकास के कई कार्य

केशरवानी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर विकास का राग अलापने वाले नगर पालिका के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों की रूचि सिर्फ शासन से कार्य स्वीकृत कराने और अपने चहेते ठेकेदारों को दिलाकर कमीशन बटोरने तक ही सीमित है। निर्माण कार्य पूर्णता, गुणवत्ता से उन्हें कोई मतलब नहीं है। नगर के वार्ड क्रमांक 8 में गुरूनाला डबरी तालाब सौंदर्यीकरण कार्य (लागत करीब 20 लाख रुपए) करीब दो माह से बंद पड़ा है और आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। गुरूनानक चौक में करीब 15 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत चौक सौंदर्यीकरण का कार्य भी महीनो से अधर में लटका है। वार्ड 8 में ही करीब दो माह पूर्व लाखों रुपए की लागत से बनी सीसी रोड़ घटिया निर्माण के चलते उखड़ने लगी है।

पीएमश्री बख्शी विद्यालय में 10 दिवसीय कैंप का समापन

नवप्रदेश संवाददाता

खैरागढ़। पीएमश्री डॉ. पदुम लाल पुन्नालाल बख्शी विद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बच्चों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सीखने की भावना को सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने की। विशिष्ट अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, विनय देवांगन उपस्थित रहे। समापन को संबोधित करते नपाध्यक्ष गिरजा चंद्राकर ने कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। इस प्रकार के रचनात्मक शिविरों से बच्चों की छुपी प्रतिभा को मंच मिलता है। विद्यालय में समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का उदाहरण है। डीईओ लालजी द्विवेदी ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। शाला विकास समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार ने कहा कि पीएमश्री स्कूल होने के कारण केंद्र सरकार ने छात्रों को रचनात्मक, बौद्धिक और नैतिक विकास के अनेक अवसर दिये हैं। आगामी शिविर की अवधि बढ़ाने केंद्र सरकार से आग्रह किया जाएगा। कैंप मे छात्रो को कला, संगीत व नृत्य, योग, खेल और फिटनेस, विज्ञान, नवाचार और नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास व सामाजिक समरसता का कार्यशाला में जानकारी दी।

बाजार अतरिया शिविर में मिले 502 आवेदनों का समाधान

नवप्रदेश संवाददाता

खैरागढ़। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत बाजार अतरिया में आयोजित शिविर में कलेक्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। समाधान शिविर मे बाजार अतरिया कलस्टर के तहत शामिल ग्राम पंचायतों मे सुशासन तिहार के दौरान मिले आवेदनो, शिकायतों और मांगो के समाधान की जानकारी अधिकारियों ने विभागवार प्रस्तुत की। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि सुशासन तिहार के तृतीय व अंतिम चरण के अंतर्गत समाधान शिविरों में प्राप्त अधिकांश आवेदनों का प्रभावी रूप से निराकरण कर दिया गया है। प्रत्येक शिविर में एक विशेष समाधान काउंटर की व्यवस्था की गई है, जहां अपने आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी आवेदकों को दी जाएगी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि समाधान शिविर लोगों की समस्याओं और मांगों को समझने का बहुत प्रभावी माध्यम हैं। इससे न केवल जनता की समस्याएं सामने आती हैं, बल्कि जल्दी से जल्दी समाधान भी हो जाता है।

शिविर के दौरान मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत की गई। महिला समूह द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई। जल संचयन हेतु जल शपथ दिलाई गई। शिविर में जिला पंचायत सदस्य जमुना नरेश, दिनेश वर्मा, जनपद सभापति शैलेन्द्र मिश्रा, दीक्षा गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में कुल 502 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 485 मांग और 17 शिकायत से संबंधित थे। कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

हितग्राही को किया लाभान्वित

बाजार अतरिया समाधान शिविर में आज विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। मनरेगा अंतर्गत कुल 144.96 लाख के 73 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई। कृषि विभाग द्वारा 4 कृषकों को अरहर बीज, 4 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र, 2 हितग्राहियों को महाजाल, 5 हितग्राहियों को सब्जी मिनी किट, श्रम विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को श्रम कार्ड, पंचायत विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को आवास की चाबी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को कार्ड का वितरण किया गया।

राज्य स्तरीय योगा में बैहाटोला की वर्षा का चयन

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के शासकीय हाईस्कूल बैहाटोला में कक्षा10वीं में अध्ययनरत छात्रा वर्षा यादव का चयन राज्य स्तरीय योगा स्पर्धा के लिये हुआ है। जिला मुख्यालय स्थित कन्या शाला में जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता में जिले के 25 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। बेहतरीन प्रदर्शन के बाद वर्षा ने संभागीय योगा प्रतियोगिता दुर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत अंडर 17 आयु वर्ग में जगह बनाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। वर्षा के पिता प्रभु यादव मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। अपनी सफ्लता का श्रेय शिक्षको और योग प्रशिक्षको को दिया है।

बेदाड़ी में समाधान शिविर में नोंक-झोंक

■ वरिष्ठ भाजपा नेता एमडी ठाकुर ने छन्नी साहू के सवालों का जवाब दिया।

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। जनपद के ग्राम बेदाड़ी में आयोजित समाधान शिविर में जमकर विवाद हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव और जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा मौजूद थे। इसी समय खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक छन्नी साहू सैकड़ों ग्रामीणो के साथ पहुंची और सड़क निर्माण कार्य बंद किये जाने पर जमकर नाराजगी जताई।

छन्नी साहू ने कहा कि जोब मरकाकसा सड़क निर्माण का कार्य वर्ष 2023 मे स्वीकृत हुआ था। यह कार्य शुरू न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। वरिष्ठ भाजपा नेता एमडी ठाकुर ने छन्नी साहू के सवालों का जवाब दिया। लेकिन मंच पर बैठे सत्ता दल के नेताओ ने अपना आपा खो दिया। सारे नेता मंच के नीचे पहुंचे और इसके बाद वाद विवाद शुरू हो गया।

एसडीएम, सीईओ, तहसीलदार व टीआई के प्रयासों से हालात समान्य हुए।

छुरिया क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने कहा कि पूर्व विधायक को इस तरह के शिविर मे आकर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। इससे विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।बेदाड़ी मे हुए समाधान शिविर मे पूर्व विधायक छन्नी के साथ हुए विवाद के बाद ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। सत्ता पक्ष ने पूर्व विधायक व ग्रामीणो के हाथ से मांग से संबंधित पोस्टर छीन लिया था। इसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

ग्राम पटेवा में समाधान शिविर का हुआ आयोजन : 3874 आवेदनों का निराकरण

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत पटेवा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में ग्राम पंचायत पटेवा, अउरदा, इरईखुर्द, खजरी, इरईकला, गिधवा, हरडुवा, मासूल, बरबसपुर, चवंरढाल के ग्रामीणों से प्राप्त 3874 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर स्थल पर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का भी निराकरण किया गया। शिविर में हितग्राहियों को जॉब कार्ड, नवीन राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र और आवास पूर्णता होने पर आवास की चाबी का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागीय स्टॉलों में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई और नन्हें बच्चों का अन्नप्राशन्न भी कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकता अनुसार दवाईयों का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, समाज सेवी खूबचंद पारख, जिपं सदस्य किरण बारले, जपं उपाध्यक्ष अनिल सिन्हा, जनपद सदस्य तुलसी साहू, लक्ष्मीदास कोसरे, मंजू चंदेल, जितेन्द्र गायकवाड़, नरेन्द्र वर्मा, राजेश गुप्ता, एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, सीईओ जनपद पंचायत मनीष साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

शेष खबरो के लिए

पोलावरम बांध : कोंटा सहित ...

मध्यस्थता निर्णायक साबित हो सकती है।

पोलावरम सिंचाई परियोजना

बता दें कि पोलावरम परियोजना भारत के आंध्र प्रदेश में गोदावरी नदी पर एक बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना है। इसका उद्देश्य सिंचाई, जल विद्युत उत्पादन, पेयजल आपूर्ति और कृष्णा नदी बेसिन में जल मोड़ प्रदान करना है। यह परियोजना पश्चिमी गोदावरी जिले के रामय्यापेटा गाँव के पास स्थित है।

2014 में घोषित हुआ राष्ट्रीय परियोजना

इस परियोजना की परिकल्पना 1980 में गोदावरी जल विवाद न्यायाधिकरण की सिफारिशों के हिस्से के रूप में की गई थी। इस परियोजना ने 2005 के बाद गति पकड़ी और इसे आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के तहत राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया।

आतंकवाद के कांटे ...

वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए। लेकिन उनकी बात मानी नहीं गयी। मुजाहिदीन लहू चख गये थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आयी, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकिस्तान समझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिये उसने प्रॉक्सी वॉर (छद्म युद्ध) चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकवादी भारत भेजे जाते हैं।

आपके बीच आकर परिवार ...

करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के समय सभी गरीबो के लिए मुफ्त में अनाज की व्यवस्था की गई। किसी को भूखे पेट नहीं सोने दिया गया। हमारी सरकार गरीबो का सम्पूर्ण ख्याल रखती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत किए गए सभी वादों को पूरा किया है। सरकार ने शपथ लेते ही अगले दिन से केबिनेट में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद को आवास दिया जाएगा। आवास प्लस में जिनका नाम है उनको भी आवास दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने किसानों का वादा पूरा कर 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी का निर्णय लिया। दो वर्ष से बकाया धान बोनस राशि भी दी।

एलन मस्क के पिता एरोल...

की सौर और ईवी चार्जर विनिर्माण इकाई का दौरा भी शामिल है। वहां भी राज्य के मंत्रियों और नौकरशाहों के मौजूद रहने की उम्मीद है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया, मस्क श्रीराम लला से आशीर्वाद लेने के लिए राम जन्मभूमि अयोध्या राम मंदिर भी जाएंगे। यह भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के साथ उनके जुड़ाव को दर्शाता है। सर्वोटेक मस्क की यात्रा के दोरान विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को एक महत्वपूर्ण पौधरोपण अभियान का भी आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य स्थिरता और हरित पर्यावरण पर जोर देना होगा। वह 6 जून को दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हो जाएंगे।

छग के पंडीराम मंडावी को ...

जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं।

कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया (मरणोपरांत)- कला

वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के...

भी गुणवत्तापूर्ण और निरंतर शिक्षा प्राप्त करने का अवसर देगा।

छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी- मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न स्तरों के विद्यालयों का समायोजन, न केवल प्रशासनिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि इससे शिक्षा की निरंतरता बनी रहेगी और छात्र ड्रॉपआउट की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। इससे स्कूली वातावरण अधिक प्रभावशाली बनेगा और बच्चों का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उठाया गया यह कदम छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

// सूचना //

मैं विष्णु प्रसाद अग्रवाल प्रो. मेसर्स बड़गांव सेण्ड माईन (1), निवासी- मेन रोड़ सरकंडा, वार्ड 47 न्यु सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम बड़गांव, तहसील महासमुंद, जिला - महासमुंद (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 882 (भाग) रकबा 5.0 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 451 / एस.ई.आई.ए.ए., छ.ग./ रेत खदान/ 2989 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30/04/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स बड़गांव सेण्ड माईन (1)
प्रो. विष्णु प्रसाद अग्रवाल
जिला - महासमुंद (छ.ग.)

// सूचना //

मैं विष्णु प्रसाद अग्रवाल प्रो. मेसर्स बड़गांव सेण्ड माईन (2), निवासी मेन रोड़ सरकंडा, वार्ड 47 न्यु सरकंडा बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम बड़गांव, तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 3790 (भाग) रकबा 4.50 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 449/ एस.ई.आई.ए.ए., छ. ग./रेत खदान/ 2990 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30/04/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स बड़गांव सेण्ड माईन (2)
प्रो. विष्णु प्रसाद अग्रवाल
जिला - महासमुंद (छ.ग.)

// सूचना //

मैं रोहित कुमार खेड़िया प्रो. मेसर्स चिखली (बी) सेण्ड माईन, निवासी नंदकिशोर विहार, 27 खोली बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) यह सूचित करता हूँ कि ग्राम चिखली, तहसील-आरंग, जिला- रायपुर (छ.ग.), के खसरा क्रमांक 1127 (पार्ट) रकबा 4.95 हेक्टेयर पर रेत उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छ.ग. के पत्र क्रमांक 394/ एस.ई.आई. ए.ए., छ.ग./ रेत खदान / 2957 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 25/04/2024 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

मेसर्स चिखली (बी) सेण्ड माईन
प्रो. रोहित कुमार खेड़िया
जिला -रायपुर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

आधे शहर में ठप रही पानी सप्लाई

दुर्ग। रायपुर नाका स्थित 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट में मेंटेनेंस का काम चल रहा है। बरसात के दिनों में नमी के कारण ट्रांसफार्मर में आने वाली तकनीकी खराबी को रोकने सब स्टेशन के संधारण का कार्य चल रहा है। इसके अलावा 24 एमएलडी प्लांट के मोटर में आई खराबी की मरम्मत का काम भी चल रहा है। इसके कारण आज शाम की पाली में आधे शहर में पानी सप्लाई व्यवस्था ठप रही। मेंटेनेंस कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान जल कार्य विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, विद्युत विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार भी मौजूद थे। महापौर ने विद्युत मेंटेनेंस के कार्यों की जानकारी ली। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में बार-बार मोटर की खराबी के कारण पानी सप्लाई में हो रही दिक्कत को दूर करने वैकल्पिक वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये पानी सप्लाई सामान्य करने हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये। गौरतलब है कि गर्मी के दौरान लगातार पानी सप्लाई व्यवस्था प्रभावित रही है। कई बार मेंटेनेंस व अन्य कारणों से शहरवासियों को पानी नहीं मिला।

डाक अदालत 29 मई को

भिलाई। डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर संभागीय स्तर पर डाक अदालत का आयोजन 29 मई को किया जाएगा। सुबह 11 बजे से डाक सेवाओं से संबंधित समस्त शिकायतें की जा सकती है। डाक वस्तुओं के वितरण, काउंटर सेवाएं, लघु बचत योजनाएं (आरडी/बचत बैंक /बचत पत्र इत्यादि) रजिस्ट्री, मनीआर्डर, व्हिपी पार्सल, एक्सप्रेस पार्सल, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा व ग्रामीण डाक जीवन बीमा से संबंधित शिकायतों का समाधान डाक अदालत में किया जायेगा। शिकायत से संबंधित पूर्ण विवरण के साथ प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई में 28 मई को शाम 5 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके द शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जायेगा। डाक अदालत का आयोजन कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग सिविक सेंटर भिलाई में किया जायेगा।

डोरबेल योजना सात दिनों से ठप : हड़ताल के कारण घरों से नहीं हो रहा कचरा कलेक्शन

■ **अप्रैल माह का मानदेय ना मिलने के कारण हड़ताल जारी**

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जलसंकट से जूझते शहर में अब शहर में स्वच्छता से जुड़ी समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है। पिछले 6 दिनों से डोरबेल योजना के तहत घरों का कचरा नही उठ रहा है। मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत काम करने वाले 582 कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन न मिलने के कारण हड़ताल शुरू हो गई है। शहर की सफाई का काम काफी हद तक ठप हो गया है। सफाई कामगार मजदूर संघ के बैनर तले मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारी सफाई का काम छोड़कर धरने पर बैठ गए हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मिशन क्लीन सिटी के कामगारों को अप्रैल का वेतन अब तक नहीं दिया गया है। इसके कारण सफाई कार्य बंद कर दिया गया है। इसके अलावा अप्रैल माह से सफाई कर्मचारियों को ठेका पद्धति से काम कराने के कारण भी मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारी परेशान हैं।

उन्होंने बताया कि ठेका प्रथा से मुक्त करने की मांग की जा रही है। 2017 से निगम के अधीन काम करने वाले मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों को 1 अप्रैल 2025 से ठेका प्रथा के अधीन कर दिया गया। ठेका पद्धति से काम शुरू करते ही वेतन न मिलने सहित कई समस्याएं शुरू हो गई हैं। कामगारों का कहना है कि कर्मचारी द्वारा एक दिन की छुट्टी लेने पर दो दिन का वेतन काटा जा रहा है। पहले सीधे खाते में मानदेय की राशि आ रही थी। लेकिन अब ठेकेदार मानदेय में कटौती कर रहा है। इस मामले में आंदोलन कर रहे संघ के पदाधिकारी रवि सोनी, धरम नागेश, कृष्णा नायक, अंकुर सागर, बल्लू नागेश, विकास पात्रे, दुर्गा ध्रुवे ने चेतावनी देते हुए कहा है कि मानदेय में कमी करने या कामगारों को हटाए जाने पर कड़ा विरोध किया जाएगा।

पूर्व महापौर ने सफाई कर्मचारियों को वेतन के साथ न्याय देने की मांग की

पिछले सात दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों के धरना आंदोलन को कांग्रेस नेताओं ने समर्थन देते हुए तत्काल कामगारों की समस्याएं सुलझाने कहा है। आज धरना स्थल पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल समेत कांग्रेस नेताओं ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों को समय पर वेतन न मिलना कर्मचारियों के साथ बड़ा अन्याय है। नगर निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान करना चाहिये। धीरज ने कहा कि एक दिन के अवकाश पर दो दिन का वेतन काटना सरासर गलत है। कई कर्मचारियों को वेतन दिये बिना ही उनके निष्ठा एप को बिना पूर्व सूचना के बंद कर दिया गया है। धीरज ने कहा कि जिन सफाई कर्मचारियों ने कोरोना संकट काल में अपनी जान जोखिम में डालकर पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को जारी रखा। उन कर्मचारियों को भाजपा की परिषद द्वारा समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। धीरज ने जोर देते हुए कहा कि मिशन क्लीन सिटी में ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए। इससे केवल शोषण को बढ़ावा मिलता है। कर्मचारियों को समय पर मानदेय का भुगतान करने के साथ ही उनके साथ अन्याय और दमनात्मक रवैया नहीं अपनाया जाना चाहिए। धरना स्थल पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पार्षद दीपक साहू, भास्कर कुंडले, अलताफ अहमद, मनदीप भाटिया, गौरव उमरे उपस्थित रहे।

बीएसपी को नगर निगम ने जारी की नोटिस

28 करोड़ जमा न करने पर रिसाली निगम हर माह बीएसपी पर लगाएगा 2 प्रतिशत पेनाल्टी

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने बीएसपी को नोटिस जारी कर 28 करोड़ 86 लाख 30 हजार 37 रुपए जमा करने कहा है।

राशि जमा न करने पर कुल राशि का 2 प्रतिशत पेनाल्टी हर माह जुड़ेगा। संपत्तिकर की राशि कम होने पर वास्तवीक गणना करने के बाद रिसाली निगम प्रशासन ने यह नोटिस जारी किया है।

रिसाली नगर निगम को भिलाई इस्पात संयंत्र हर साल 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रुपए संपत्तिकर के रूप में देता है। रिसाली निगम द्वारा हर साल संयंत्र के अधिकारियों को नए सिरे से विवरणी जमा कर टैक्स की राशि का भुगतान करने कहा जा रहा है। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने आवास समेत रिक्त भूमि की गणना कराने के बाद संपत्तिकर का निर्धारण करते हुए नोटिस जारी की है।

वास्तविक टैक्स पर लगा पेनाल्टी

भिलाई इस्पात संयंत्र हर साल रिसाली निगम को संपत्तिकर के रूप में 1 करोड़ 52 लाख 41 हजार 45 रुपए दे रहा है। वास्तविक गणना के बाद यह राशि बढ़कर 6 करोड़ 69 लाख 84 हजार 8 सौ 85 रुपए हो गई है। स्व विवरणी में गड़बड़ी होने पर एक्ट के तहत संपत्तिकर राशि में 5 गुना पेनाल्टी 23 करोड़ 50 लाख 6 हजार 5 सौ 45 रुपए होती है। भिलाई इस्पात संयंत्र को अब पेनाल्टी के साथ कुल 28 करोड़ 86 लाख 3 हजार 37 रूपए जमा करना होगा।

वास्तविक गणना में पाया गया कि इस्पात संयंत्र केवल टाउनशिप में बने रिहायशी आवासों का संपत्तिकर दे रहा है। खाली जमीन, उद्यान, धार्मिक व व्यवसायिक परिसर का संपत्तिकर जमा ही नहीं किया गया। राजस्व की हानि होने पर रिसाली निगम ने सख्ती के साथ टैक्स वसूली के लिए पत्र लिखा है।

रिसाली निगम ने भिलाई इस्पात संयंत्र को टैक्स की राशि जमा करने कहा है। अगर भिलाई इस्पात संयंत्र इस संबंध में किसी भी प्रकार का पक्ष रखना चाहता है तो वह नोटिस प्राप्त होने से 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष रख सकता है। पक्ष न रखने पर अंतर की राशि और अधिरोपित राशि की वसूली नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार एकतरफा कार्यवाही की जाएगी
मोनिका वर्मा,
आयुक्त, नगर पालिक निगम रिसाली

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष बने रोहित वर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ दुर्ग के अध्यक्ष पद के चुनाव में रोहित वर्मा विजयी घोषित किये गए। चुनाव में सहायक लेखापाल रोहित वर्मा व पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर ने अध्यक्ष पद के लिये नामांकन भरा था। कुल 474 मतदाताओं में से 434 कर्मचारियों द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया गया। रोहित वर्मा को 322 मत मिले जबकि लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर को 111 वोट प्राप्त हुए। रोहित वर्मा ने 211 मतों से पूर्व यूनियन अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर को हरा दिया। निर्वाचन कार्य बुद्धदेव सिंह विनोद सेवानिवृत पर्यवेक्षक और उनकी टीम द्वारा कराया गया। अध्यक्ष पद के लिये रोहित वर्मा को विजयी घोषित किये जाने के साथ ही बैंक परिसर में ढोल बाजे के साथ पटाखे फूटने लगे। कर्मचारियों द्वारा रंग गुलाल और फूलमाला के साथ एक दूसरे को बधाई दी गई। बधाई देने वालो में रोहित आलेन्द्र, चिन्ताराम रावटे, राजेन्द्र वारे, धीरेन्द्र देवांगन, तोषण देशमुख, भूपेश तिवारी, दीपक शर्मा, समीर अग्रवाल, रवि वर्मा, रीना साहू शामिल है।

चरौदा में निकली तिरंगा यात्रा : सांसद बघेल ने हाथों में तिरंगा लेकर मां भारती का किया जयघोष

नवप्रदेश संवाददाता

चरोदा। भारतीय जनता पार्टी चरौदा मंडल के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सेना के सम्मान में आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। सांसद विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा की अगुवाई में निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय का उद्घोष किया गया। हनुमान मंदिर बस स्टैंड चरौदा से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, विजय जायसवाल, आकाश ठाकुर, चंद्रकांता माण्डले, शशिकांत बघेल, सीता साहू, खिलावन सिंह साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंजते रहे। आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गौरी शंकर, अध्यक्ष भाजपा चरौदा मंडल, राजेश मौर्य संयोजक तिरंगा यात्रा चरौदा, मंडल डी वेंकट, प्रसून बंनर्जी, पुष्प लता मंडपे, प्रमिला तांडी, परमजीत सिंह, राजेश कुमार मौर्य सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

पौधारोपण के लिए महिलाओं ने किया भ्रमण

जामुल/नवप्रदेश। अमृत मिशन 2.0 वूमेन फार ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत नपा परिषद की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पौधारोपण के लिए क्षेत्र का भ्रमण किया। सामुदायिक संगठक सीमा गुप्ता द्वारा पालिका में महिलाओं की आरती और तिलक लगाकर सम्मान किया गया। पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने बताया कि वुमेन फार ट्री कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा बहुत बड़ा कदम है। पौधारोपण से नगर के खाली स्थानों पर हरियाली फैलेगी।

एक साल में बीएसपी के 786 आवास कब्जेधारियों से मुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा अवैध कब्जेधारियों और भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी है। टाउनशिप को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के प्रयासों के तहत विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध कब्जेधारियों, भू-माफियाओं और असंगठित अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही की गई। नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने संपदा न्यायालय द्वारा पारित 323 डिक्री आदेशों का क्रियान्वयन करते हुए 784 बीएसपी आवास और दर्जनों भूमि से अवैध कब्जे को हटाने की कार्यवाही की है।

विभाग द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में कुल 784 बीएसपी आवास अवैध कब्जेधारियों से खाली कराए गए। इन कार्यवाहियों के दौरान संबंधित आवासों में विद्युत विच्छेदन भी किया गया। संपदा न्यायालय द्वारा पारित 323 डिक्री आदेशों का क्रियान्वयन कार्यपालक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की उपस्थिति में किया गया।

प्रवर्तन अनुभाग द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र की लगभग दो एकड़ भूमि अवैध कब्जेधारियों और भू-माफियाओं से मुक्त कराई गई। 660 अनफिट घोषित बीएसपी क्वार्टर खाली कराए गए। इन क्वार्टरों में अवैध कब्जा कर बिजली-पानी का उपयोग किया जा रहा था। इन आवासों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद के साथ-साथ उन्हें आंशिक रूप से ध्वस्त भी किया गया, ताकि दोबारा अतिक्रमण की कोई संभावना न रहे। अभियान के अंतर्गत संयंत्र के नगर सेवा विभाग के विद्युत अनुभाग, सिविल विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से अब तक 500 से अधिक अवैध स्ट्रक्चर ध्वस्त किए गए हैं।

भिलाई नगर निगम | 1660 मकानों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का फैसला

सेमरिया में निगम की भूमि में लगेगा आनग्रिड सोलर प्लांट : एमआईसी ने किया अनुमोदन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक में कई फैसले लिये गए। सेमरिया में निगम की 74 एकड़ भूमि के खसरा नबंर 312/1 आनग्रिड सोलर प्लांट की स्थापना का फैसला किया गया। क्रेडा विभाग के सहयोग से 1000 किलो वाट के आनग्रिड सिस्टम के 2 प्लांट की स्थापना की जाएगी। इसकी लागत 12.76 करोड़ आंकी गई है। उत्पादित बिजली छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। उसके बदले में उसी मूल्य की राशि की बिजली से निगम भिलाई अपने विद्युत खर्च की प्रतिपूर्ति करेगा।

एमआईसी के अनुशंसा के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। निगम क्षेत्र में स्थित भवन अनुज्ञा प्राप्त आवास एवं व्यवसायिक परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिये निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। लगभग 1660 बचे हुए आवासीय और व्यवसायिक मकानों का निगम कोष में 15 हजार रुपया जमा है। इसी पैसे से उन मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा।

महापौर नीरज पाल ने कहा इस कार्य को शीघ्रता से पूरा किया जाए। निविदा में शर्त रखी जाएगी कि कई एजेंसियों के माध्यम से काम कराया जाए। ताकि अधिक से अधिक कार्यो को बरसात आने से पहले पूरा कर लिया जाए। जोन 3 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 2 तालाब के पास निर्मित उद्यान में वीर शहीद राम आशीष यादव अमर बलिदानी स्मारक 3 डी स्टेचू पेडस्टल प्रतिमा स्थापना और उद्यान का नामकरण करने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने पारित किया। यह प्रस्ताव सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा। जोन 3 के अंतर्गत वार्ड 56 सड़क 15 और 15 ए के मध्य बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 66 सेक्टर 02 सड़क 16 त्रिमूर्ति उद्यान में बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण करने पर सहमति दी गई। वार्ड पार्षद ने स्वयं स्थल परिवर्तन का मांग की है। निगम क्षेत्र में स्थित 500 सीट शहरी अजीविका केन्द्र निर्माण कार्य संशोधित प्राक्कलन अनुसार कराने की अनुमति के लिये कुल 8 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस कार्य में विद्युत कार्य और आधुनिक पार्किंग व्यवस्था का काम बचा था। यह कार्य पूर्ण कराने के लिये 49.96 लाख की अतिरिक्त बजट की आवश्यकता है। भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा विधायक निधि से शेष कार्य कराये जाने के लिये अतिरिक्त राशि 49.96 लाख की अनुशंसा के बाद यह कार्य कराने की अनुशंसा एमआईसी द्वारा की गई।

टाउनशिप में बिजली की दरें बढ़ाने का चेंबर ने किया विरोध

■ **आपत्तियों के बाद नियामक आयोग ने बीएसपी प्रबंधन से मांगा जवाब**

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन को बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा है। भिलाई स्टील सिटी चेंबर ऑफकॉमर्स भिलाई ने आयोग के समक्ष उपस्थित होकर बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज की। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्टील सिटी चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई की आपत्तियों पर टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट से जवाब मांगा है। आयोग ने डिपार्टमेंट को इन सभी आपत्तियों का जवाब चेंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद को भी देने के निर्देश दिये गए है।

गौरतलब है कि टाउन इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल छत्तीसगढ़ राज्य शासन की दरों के अनुरूप वृद्धि का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन. महासचिव दिनेश सिंघल. सलाहकार सदस्य रामकुमार गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश रतनानी, सचिव अजय कनौजिया ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने बताया कि काफी समय से भिलाई स्पात संयंत्र का विद्युत विभाग बिजली चोरी को रोक नहीं पा रहा है। चोरी रोकने के लिए कोई कड़े कदम भी नहीं उठा रहा। इसके कारण बीएसपी को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। नगर सेवा विभाग के लापरवाह अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कब्जों में लोग बिजली की चोरी कर व्यापार कर रहे हैं। बीएसपी ने उपभोक्ताओं को थ्री फेस कनेक्शन देने पर रोक लगा दी है। दूसरी ओर हाउस लीज में आवंटित बीएसपी के अधिकारियों के अनाधिकृत निर्मित आवास पर थ्री फेस कनेक्शन दिया जा रहा है। केवल दुकानदारों के आवासीय परिसर व अन्य उपभोक्ताओं की मांग पर थ्री फेस कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री देवेन्दर सिंह भाटिया | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20250210040234/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री देवेन्दर सिंह भाटिया आ. श्री सुरजीत सिंह भाटिया निवासी वार्ड 25 संतराबाड़ी दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम चिखली प.ह.न. 14 तह. व जिला दुर्ग	314/143	0.010 हें वर्गफीट 1200	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202504101000167 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतेश कुमार पटेल पिता कांतिलाल आर. देसाई निवासर दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 5371/39 रकबा 0.0130 हे. आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202504101000165 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतेश कुमार पटेल पिता कांतिलाल आर. देसाई निवासर दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 2149/16 रकबा 0.020 हे. आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202504101000168 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतेश कुमार पटेल पिता कांतिलाल आर. देसाई निवासर दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 5371/37 रकबा 0.0130 हे. आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202504101000166 /अ-6/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतेश कुमार पटेल पिता कांतिलाल आर. देसाई निवासर दुर्ग द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 स्थित भूमि खसरा नं. 2584/116 रकबा 0.0093 हे. आवेदक के पिता के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन-पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम किशोर इंटरप्राईजेस (यूनिट-1) भागीदारी फर्म कमल कुमार अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20250510040204/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका किशोर इंटरप्राईजेस (यूनिट-1) भागीदारी फर्म कमल कुमार अग्रवाल आ. विश्वनाथ अग्रवाल निवासी दीपक नगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करंजाभिलाई प.ह.न. 08 तह. व जिला दुर्ग	282/1	0.9700 हें वर्गफीट 104372	कृषि गोडाउन प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम रिवार्ड हाई राईस प्रा.लि. डायरेक्टर कमल कुमार अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20250510040206/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रिवार्ड हाई राईस मिल प्रा.लि. डायरेक्टर कमल कुमार अग्रवाल आ. विश्वनाथ अग्रवाल निवासी दीपक नगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करंजाभिलाई प.ह.न. 08 तह. व जिला दुर्ग	282/3	0.4850 हें वर्गफीट 52186	कृषि गोडाउन प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम किशोर सोरटेक्स एंड राईस मिल प्रा.लि. डायरेक्टर कमल कुमार अग्रवाल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20250510040205/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका किशोर सोरटेक्स एंड राईस मिल प्रा.लि. डायरेक्टर कमल कुमार अग्रवाल आ. विश्वनाथ अग्रवाल निवासी दीपक नगर दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करंजाभिलाई प.ह.न. 08 तह. व जिला दुर्ग	282/2	0.4850 हें वर्गफीट 52186	कृषि गोडाउन प्रयोजन

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

अभनपुर ब्लॉक के ग्राम पोंड में हुआ समाधान शिविर का आयोजन, 10 हजार 530 आवेदनों का निराकरण

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। रायपुर जिले के अभनुपर विकासखंड के ग्राम पोंड में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के अंतर्गत 10 हजार 564 आवेदन आए थे, जिसमें से 10 हजार 530 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। शिविर में हितग्राहियों को कृषि विभाग से धान बीज, जिंक सल्फेट, स्प्रेयर और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जॉब कार्ड का वितरण किया गया और प्रधानमंत्री आवास की चाबी दी गई। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा बैसाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र और छड़ी प्रदान की गई। इसके अलावा श्रम कार्ड, ऋष्टा पुस्तिका

और केसीसी कार्ड भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम में विधायक इन्द्रकुमार साहू मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण हो रहा है। राज्य सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। शिविर में बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी किया गया।

समाधान शिविर में नवापारा तहसीलदार राजकुमार साहू सहित राजस्व विभाग, अभनपुर सीईओ राजेन्द्र पांडे, कार्यक्रम अधिकारी दयानंद देवांगन, बिजली विभाग, महिला बाल विकास, पी डब्लू डी, खनिज विभाग, वनविभाग, आबकारी, कृषि विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

राशन दुकान को यथावत रखने भूमका के लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के ग्राम पंचायत हिर्रीडीह के आश्रित ग्राम भूमका के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर के नाम से नगरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रिती दुर्गम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में ग्राम पंचायत हिर्रीडीह आश्रित ग्राम भूमका में पूर्व से सहकारी राशन दुकान संचालित था जिसे हिर्रीडीह के ग्रामीणों ने हिर्रीडीह में दुकान संचालित करने की मांग कर रहे हैं,भूमका के लोगों के बताया कि जिस भवन में संचालित करने की मांग कर रहे वह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया

चूंकि ग्राम पंचायत हिर्रीडीह के आश्रित ग्राम भूमका एक बड़ा ग्राम है यहां 06 वार्ड है, वही हिर्रीडीह में केवल 04 वार्ड है, अधिक जनसंख्या के चलते ग्राम भूमका में राशन दुकान संचालित है और यह संचालन पूर्व धमतरी जिला कलेक्टर भीम सिंह मंडावी के आदेशानुसार राशन दुकान संचालित किया गया था जो आज भी ग्राम भूमका में संचालित है भूमका के ग्रामीणों ने राशन दुकान को यथावत रखने

की मांग किया है। नगरी एसडीएम कार्यालय पहुंचे प्रकाश चंद साहू ने पत्रकारों को बताया कि सहकारी राशन दुकान भूमका में संचालित है जहां अधिक जनसंख्या है और ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं हो रहा है उसे पुनः बिना रोक-टोक के ग्राम भूमका में राशन दुकान संचालित रहे जिसके चलते हम सभी ग्रामीण मांग के लिए पहुंचे हैं। इस दौरान शारदा मरकाम, संगीता ठाकुर,परमीन साहू,मलभा सलाम, गंगाराम, हनुमान ध्रुव,छबीलाल,दिवस कुमार,दिव्येश साहू,कोमलेश साहू,पुरानिक, राजेश नेताम, राकेश नेताम कोमल राम बीरबल राजकुमार,विक्रम सहित इत्यादि शामिल थे।

हज यात्रा के लिए हुए रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। हज यात्रा के लिए नगर के

मो. कलाम खान व उनकी पत्नी हज हाउस नागपुर के लिए रवाना हो गए। रविवार को यहां से जेद्दाह के लिए रवाना हुए। हज यात्रियों को परिजनों, दोस्त व सामाजिकजनों ने फूलमाला पहनाकर रवाना किया। यह जानकारी मो. सरफ्राज राजवानी ने दी है।

स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 24 मई से शुरू हो गया है। एनईपी प्रभारी डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी बायो और गणित, बीसीए प्रथम सेमेस्टर व डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने के लिये विश्विद्यालय के पोर्टल से ऑनलाइन आवेदन फांर्म भर सकते हैं।

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए प्रथम सेमेस्टर में 440 सीटें, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर 225 सीटें, बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर 300 सीटें, बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर 160 सीटें, बीसीए प्रथम सेमेस्टर 40 सीटें और डीसीए प्रथम सेमेस्टर में 100 सीटें महाविद्यालय में है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के बाद विश्विद्यालय के आगामी आदेशों के बाद मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्य करुणा दुबे ने दी।

सरकारी डॉक्टरों की मनमानी पर नकेल कसने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने गत दिनों जिला अस्पताल के सरकारी डॉक्टरों की मनमानी पर लगाम कसने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को ज्ञापन सौंपा है। तुषार ने कहा कि सरकारी अस्पताल में दोपहर दो बजे के बाद डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में दोपहर दो बजे के बाद डॉक्टर नहीं मिलते हैं। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरियड में भी अस्पताल से नदारद रहते हैं। ज्यादातर डॉक्टर निजी अस्पतालों में ओपीडी प्रैक्टिस करते हैं।

तुषार ने आगे कहा कि जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है। कई डाक्टरों की निजी अस्पतालों में पार्टनरशिप हैं। निजी अस्पतालों में बाकायदा इन डॉक्टरों के नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को ऐसे डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिये। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई होनी चाहिये।

हर राजस्व संबंधी कार्य का तय है रेट, पैसा दो तो काम, नहीं दो तो बेकाम

धमधा बना कमीशनखोरों का अड्डा

धमधा/नवप्रदेश। तहसील में इन दिनों अव्यवस्था का अलम अपने चरम पर है जहां आम नागरिक अपनी जीवन शैली रोजी रोजगार खेती किसानी करके यापन कर रहा है वही तहसील में इन आम नागरिको के लिए उनके राजस्व संबंधी मामलों में अवध उगाही जारी है। आम आदमी की करम टूट जा रही है अगर वो बिना पैसे के तहसील की डेहरी पर अपना कार्य के लिए गया हो । बिना पैसों के या तो प्रार्थी को रोजाना पेशी दर पेशी दी जाती है या कार्य के समय अवधि तक घुमा कर अंत में निरस्त कर दिया जाता है । रोजाना तकरीबन सैकड़ों लोग धमधा नगर सहित पूरे ग्रामीण इलाकों से अपने अपने कार्य के लिए तहसीलदार के चौखट पर माथा रगड़ने आते है इनमें से तो कुछ लोग ऐसे है जिनका रोजाना परेड जैसे पेशी दी जाती है छोटे छोटे कार्य जैसे फर्ज बटवारा,त्रुटि सुधार, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन सहित सभी राजस्व प्रकरणों का रेट आला अधिकारियों ने सेट करके रखा है यह तक बच्चो को भी उनके प्रमाण पत्रों के लिए भी राजस्व दान देना पड़ रहा है। वही यही हाल बोरी तहसील का है जहां चपरासी बाबू से लेकर अधिकारियों के द्वारा आय दिन लोगो से पैसा की मांग

की जाती है और किसानों को उनके कार्य के लिए घुमाया जाता है।

तहसीलदार की उदारता के चक्कर में सरकारी दस्तावेज जा रहे है निजी हाथों में : धमधा तहसील के सभी दस्तावेज भगवान भरोसे हो गए है तहसील परिसर में ही अपने आप को अधिकारी का खास बताने वाले अज्ञात लोगों के द्वारा शासकीय दस्तावेज का अवलोकन,कॉपी करना, फोटो खींचना जैसे कार्य करते है ताकि प्रार्थी को उसके कार्य करवाने के लिए रेकी की जा सके।

> किसानों को तहसील में ही नहीं सभी विभागों में लुटा जा रहा है लेकिन तहसील कार्यालय इसका जीता जगता प्रमाण बन रहा है । राजस्व मामले के किसी भी कार्य के लिए किसानों से पैसे की मांग की जाती है जो कि गलत है यह सरकार प्रशासनिक पकड़ में बिल्कुल फेल है । ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही आवश्यक है।
>
> **शिव कुमार वर्मा**,अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा
>
> राजस्व मामले में तहसील कार्यालयों में पैसे लेने की मांग की सूचना प्राप्त हुई है जो कि बेहद निंदनीय है । जहां किसानों के प्रति और आमजनों के हित के लिए यह सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यवाही निश्चित है वही साजा विधायक ईश्वर साहू जी तत्काल संज्ञान में लेंगे।
>
> **आरुणि दानी,** विधायक प्रतिनिधि नगर पंचायत धमधा
>
> तहसील कार्यालय में खुले आम अधिकारियों के नाक के नीचे कर्मचारी एवं अपने निजी लोगों के द्वारा लोगों को उनके प्रकरण के निपटारा एवं राजस्व संबंधी कार्य के लिए पैसे की मांग कर रहे है धमधा और बोरी तहसील कमीशन खोरी में एक नया रिकॉर्ड स्थापित कर रहे है। जिस पर कार्यवाही होनी चाहिए।
>
> मनीष साहू,भाजपा नेता

ऐसे किया जाता है किसानों को टारगेट

इन दिनों तहसील में किसान सहित अन्य प्रार्थियों को उनके राजस्व प्रकरणों के निपटारा के लिए दलाल सक्रिय है जो कि अपनी सेटिंग तहसीलदार से बताकर लोगों को पैसे की मांग करते है । हर कार्य का अलग अलग रेट तय किया जाता है । वही वर्तमान स्थिति को देख जाए तो जो व्यक्ति पैसा देकर अपना कार्य करवाता है उसका जल्द ही कार्य करके निपटारा कर दिया जाता है बाकी जो पैसा नहीं देता उसे नियमों का हवाला देकर रोक दिया जाता है। धमधा नगर सहित प्रमाणीकरण के कई ऐसे प्रकरण है जिसमें तहसीलदार द्वारा ही प्रमाणीकरण करने योग्य नहीं है लिख कर देने के बावजूद कुछ दिनों बाद प्रमाणीकरण कर दिया जाता है जो कि संदेह के घेरे में आ जाता है। धमधा श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा में इस पूरे मामले को शिकायत उच्च अधिकारी को किया है जिस पर अधिकारी ने तत्काल जांच करके कार्यवाही करने की बात कही।

गांजा तस्करी के मामले में 10 साल की सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। गांजा परिवहन के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने कुहारी थाना निवासी 23 वर्षीय घनश्याम यदु पिता इशोरी यदु को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।)(ग) के तहत 10 वर्ष की सश्रम कारावास तथा 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक वर्ष का अलग से सश्रम कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार कोमाखान थाना को 11 अक्टूबर 2020 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद रंग के पिकअप 207 वाहन में दो व्यक्ति ओडिशा से छग की ओर मनोत्तेजक पदार्थ लेकर आ रहे है। सूचना पर एनएच 353 पर स्थित टेमरी नाका के पास पहुंचकर पुलिस द्वारा नाकाबंदी की गई। उसी दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर एक सफेद टाटा डीआई 207 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 0844 आई जिसे रोका गया। वाहन में एक अपचारी बालक समेत चालक सीट पर घनश्याम यदु नामक व्यक्ति बैठा था। पूछताछ करने के साथ ही विधिक अधिकारों की जानकारी देकर वाहन की तलाशी ली गई। बोनट में इंजन के अगल-बगल खाली जगह पर 25 पैकेटों में लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा मिला। जिसका वजन 25 किलो था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

कोपरा, पांडुका अंचल में मौसम परिवर्तन से अस्पतालों मरीज में बढ़े

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। पांडुका कोपरा अंचल में बारिश के साथ ही मौसम के परिवर्तन के कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही हैं। धूप और बारिश के कारण गर्मी उमस बढ़ने के कारण लोगों के सेहत में भी प्रभाव पड़ रहा हैं। कोपरा पांडुका अंचल में सरकारी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही हैं। ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, सर्दी, खांसी के ही इसमें बच्चें, बुजुर्ग, महिला सहित युवाओं को भी लू की शिकयत हैं। बेमौसम बारिश में खेतों पर पानी में भीगने के कारण किसानों को भी मौसम की मार से परेशानी हुई हैं। आज भी गर्मी के दिनों में दोपहर को एक से दो घण्टे बारिश के कारण लोगों को परेशानी हुई। बीते एक माह में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पांडुका में मौसमी बीमारियों के मरीज लगातार आ रहे हैं। ज्यादातर उल्टी दस्त के ही मरीज अस्पताल पहुंच रहें हैं।

डॉ यामनी साहू ने बताया कि बीते एक सप्ताह में पांडुका स्वास्थ्य केन्द्र में

400 मरीज पहुंचे हैं। जिसमें अधिकतर मरीज उल्टी दस्त के ही हैं। हमारे पास मरीजों के लिए सरकारी दवाई पर्याप्त मात्रा में हैं।आज मंगलवार को भी अस्पताल में उल्टी दस्त के ही मरीज पहुंचे हैं। जिनका ईलाज चल रहा हैं। कोपरा अंचल क्षेत्र में उल्टी दस्त के मरीज सरकारी अस्पतालों में ईलाज के लिए पहुंच रहें हैं। मौसम में परिर्वतन से खाने के चीजों में सावधानी बरतने की आवश्यकता हैं। साथ ही दूषित भोजन खाने से बचना चाहिए। लोगों को गर्म एवम संतुलित भोजन करने की आवश्यकता हैं। जिसके कारण मौसम परिर्वतन में बीमारियों से बचा जा सकें। कोपरा क्षेत्र में मितानीन भी लगातार घरों में पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रहीं हैं। कोपरा अंचल में अभी भी मौसम परिवर्तन के कारण बारिश हो रही हैं।

हिमशिखर इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल में कथक नृत्य

कुरुद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुरुद की तीन होनहार बेटियों ने शिमला के प्रतिष्ठित हिमशिखर इंटरनेशनल कल्चरल फेस्टिवल में कथक नृत्य की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति देकर न केवल नगर का गौरव बढ़ाया, बल्कि देशभर में परचम लहराया। सिया शर्मा, पूर्वी साहू और योशिता कोसरे ने इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर समूह नृत्य में प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल कर कथक कला की गहरी छाप छोड़ी। शिमला में 25 से 29 मई तक कालीबाड़ी सभागार में नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक समारोह में स्व.पत्रकार कमलेश शर्मा की पुत्री सिया शर्मा ने अपनी मां व शिक्षिका सुमन शर्मा के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया।

सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज

कलेक्टर लंगेह ने योजना के क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू की गई 'सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना' के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को 1.50 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर और प्रभावी चिकित्सा सहायता मिल सके, ताकि उनकी जान बचाई जा सके और इलाज के खर्च की चिंता

किए बिना उन्हें उचित उपचार प्राप्त हो सरकार द्वारा योजना शुरू की गई है। जिसके तहत दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के भीतर नामित अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध होगा। सड़क दुर्घटना में घायल कोई भी व्यक्ति, चाहे वह भारतीय नागरिक हो या विदेशी, इस योजना का लाभ उठा सकता है। सरकार द्वारा नामित सरकारी और निजी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

बैठक में कलेक्टर ने योजना के क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, 108 एम्बुलेंस सेवा और अस्पतालों को तुरंत सूचित किया जाएगा तथा नामित अस्पतालों को पीड़ितों का बिना विलंब के उपचार प्रारंभ करना होगा। दुर्घटना के दौरान तत्काल सहायता के लिए जिला परिवहन अधिकारी आर.के. ध्रुव (मो.नं. 81203-60999), पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग से सम्पर्क कर सकते है। जल्दी ही इस संबंध में सम्पर्क नम्बर जारी किया जाएगा।

करंट की चपेट में आने से 7 मवेशियों की मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से 7 मवेशियों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बिजली के खंभे से सर्विस तार टूटकर खेत में गिर गया था। मवेशी चरने के लिए खेत में गए थे। इसी दौरान वे करंट के संपर्क में आ गए। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और बिजली विभाग को दी। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार ग्राम सोंठ में करंट लगने से 7 मवेशियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस और बिजली विभाग को दी। सूचना मिलते ही नवापारा पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची। वहीं बिजली विभाग ने करंट सप्लाई बंद कराई। पुलिस ने पंचनामा तैयार किया, वहीं पशु चिकित्सा विभाग ने मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराकर मवेशी मालिक को सौंप दिया।

घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह घटना हुई है। उन्होंने मांग की कि गांवों में जर्जर तार और खंभों की जांच कराई जाए, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

जन चौपाल में कलेक्टर ने सुनी जन समस्याएं अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

प्रधानमंत्री बीमा योजना के तहत किसानों से अवैध राशि वसूलने पर की जाएगी कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुनी। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए लाभान्वित करना है। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 32 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बागबाहरा क्षेत्र में प्रधानमंत्री बीमा योजना अंतर्गत राशि की स्वीकृति के लिए कई एजेंटों द्वारा किसानों से अवैध रूप से राशि वसूल करने की शिकायत मिलने पर तत्काल अनुविभागीय अधिकारी

बागबाहरा से सम्पर्क करने कहा है। उन्होंने कहा कि शासकीय योजना के तहत किसी भी कार्य के लिए निर्धारित शुल्क के अलावा अन्य किसी भी तरह की शुल्क की वसूली मान्य नहीं है, जिस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अंचल के किसानों से भी कहा है कि शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल एसडीएम कार्यालय में सूचना देवें।

जन चौपाल के दौरान ग्राम बेलसोंडा के निवासियों ने ग्राम में नशे के अवैध कार्यों में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस कार्य में संलग्न लोगों पर तत्परता से कार्रवाई करें। इसके अतिरिक्त, ग्राम कनेकेरा ऐनिकट पुल निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने आवेदन सौंपा। वहीं, हीरमोहन लाल साहू ने विकलांग पेंशन की पात्रता के आधार पर सहायता राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन किया। इसी प्रकार दिनेश प्रताप सिंह ने बाल संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मिलने वाली राशि दिलवाने के संबंध में निवेदन किया। इसके अलावा जन चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की स्वीकृति, वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने, पूर्व में किए गए कार्यों का लंबित भुगतान, अवैध भूमि कब्जा हटवाने, मुआवजा राशि दिलवाने, तथा राशन कार्ड संबंधी समस्याएं के आवेदन प्रस्तुत किए। इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त आवेदनों की गहनता से जांच करें और प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें, जिससे आमजन को समय पर राहत मिल सके।

सांकरा में जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के ग्राम पंचायत सांकरा में आज मंगलवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा ने सीसी रोड़ मेन रोड़ से हाईस्कूल, निर्मला घाट सांकरा बांध मे, नाली निर्माण कार्य महादेव पारा,व छिंदपारा में होना है जिनका विधिवत पूजा अर्चना कर जिला पंचायत अध्यक्ष धमतरी अरूण सार्वा ने भूमिपूजन किया इस मौके पर जनपद सदस्य राजेश गोसाईं, सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा नागेन्द्र बोरझा, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, ग्राम व्यवस्था समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपाध्यक्ष पवन साहू, कोषाध्यक्ष छगन लाल साहू,साधू राम साहू, सहित ग्राम पंचायत सांकरा समस्त पंचगण उपस्थित थे।

लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : टंकराम वर्मा

■ समाधान शिविर में हितग्राही योजनाओं से हुए लाभान्वित

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में गांव एवं शहरी क्षेत्रों में सुशासन तिहार का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिजली में आयोजित समाधान शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने स्थानीय विधायक श्री रोहित साहू के अनुरोध पर बाबा कुटिर धाम के लिए 30 लाख रूपये, मुक्तिधाम मार्ग के लिए 10 लाख रूपये, जिम निर्माण के लिए 5 लाख रूपये एवं तीन ब्लॉक में कबड्डी खिलाड़ियों के लिए मेट देने की घोषणा की। समाधान शिविर में मंत्री वर्मा ने ग्रामीण सेवा सहकारी समिति बोरसी बिजली एवं महिला स्व सहायता समूह भवन ग्राम पंचायत बिजली का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 हितग्राही को श्रवण यंत्र, 1 हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 3 महिलाओं की गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 9 हितग्राही को मच्छरदानी एवं 6 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा 4 हितग्राही को मछली जाल और 1 आईसबाक्स, कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को धान बीज एवं दो किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत के लिए प्रमाण पत्र एवं मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 15 ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त आवेदनों में 8821 मांग एवं 36 शिकायत से सम्बधित थे, जिनमें से अधिकांश आवेदनों का निराकरण किया गया।

हमारी सरकार द्वारा की गई सभी घोषणाए पूरी की गई

राजस्व मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे है और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर जानकारी दे रहे हैं। इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा पदभार ग्रहण करने बाद सौ दिन के भीतर जितने भी बडी घोषणाए की गई थी। उसे पूरा किया गया। उन्हेंने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं के सम्मान के लिए काम कर रही है। जिससे देश में महिलाओं का एक अलग सम्मान है। और प्रदेश की महिलाएं आत्मनिर्भर हुई है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अनेक विकास कार्य कर रही है। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरे किये है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन योजना से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

■ ■ न्यूज गैलरी

31 मई को देसहा गड़रिया समाज करेगा भव्य आयोजन

धरसीवां/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल के तत्वावधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर 31 मई को भव्य आयोजन होने जा रहा है।

बता दें कि, इस दिन रायपुर के रायपुरा महादेव घाट स्थित पाल सामाजिक भवन परिसर में अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण एवं नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होगा। पाल सामाजिक भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी जोरशोर से चल रही है। वहीं इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से भारी संख्या में समाज की महिला-पुरुष, युवा, बच्चे व बुजुर्ग शामिल होंगे। इसी दिन शाम को त्रैमासिक बैठक भी आयोजित होंगी। जिसमें सामाजिक न्याय प्रक्रियाओं का निपटारा एवं अन्य विषयों पर चर्चा-परिचर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव पाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत मौजूद रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे, जनपद पंचायत सिमगा के अध्यक्ष डॉ. दौलत पाल, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, माधव राव सप्रे वार्ड के पार्षद महेन्द्र औसर, छत्तीसगढ़ सर्व गड़रिया समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, छत्तीसगढ़ देसहा गड़रिया पाल समाज के कार्यकारिणी अध्यक्ष लखन भार्गव सहित समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहेंगे। समाज के प्रदेश सचिव राजू पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि, कार्यक्रम के दिन सुबह के समय समाज की महिलाओं द्वारा बाजे-गाजे के साथ आकर्षक कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात प्राण-प्रतिष्ठा व हवन पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

चोरी की मोटर साइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सशक्त एप की सहायता से चोरी गई मोटरसाइकिल की बरामदगी में सफलता प्राप्त हुई है तथा आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

प्रार्थी मनहरण साहू उम्र 70 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 मोहभट्ठा बेमेतरा द्वारा 22.03.2025 को थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22.03.2025 एवं 23.03.2025 की मध्यरात्रि में आरोपी द्वारा उनकी हीरो होंडा सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल (क्रमांक CG 07 LT 7668), जिसकी अनुमानित कीमत 10000 है, चोरी कर ली गई है। प्रकरण में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी के नेतृत्व में थाना स्टाफकी टीम गठित कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान सशक्त एप के माध्यम से वाहन क्रमांक CG 07 LT 7668 की जानकारी प्राप्त कर आरोपी साधु यादव पिता बनवाली यादव उम्र 46 वर्ष निवासी बींजरा थाना भाठापारा जिला बलौदाबाजार (हाल पता कोहका, तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर) को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त की गई है।

अपराधी को पकड़ने में पुलिस ने दिखाई मुस्तैदी

आपसी रंजिश के चलते हत्या,पुलिस ने आरोपी को तत्काल धरदबोचा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। 24 मई को रात लगभग 9 बजे से 10 बजे के मध्य ग्राम तेन्दुवा निवासी देवराज वर्मा की हत्या की गई। घटना के संबंध में प्रार्थी मनोज कुमार वर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी तेन्दुवा ने पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके छोटे भाई देवराज वर्मा को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही सुनील वर्मा पिता फिरंता वर्मा द्वारा धारदार व लोहे की वस्तु से सिर, गर्दन व शरीर के अन्य भागों पर हमला कर हत्या कर दी गई। प्रार्थी ने बताया कि 24मई की रात को आरोपी सुनील वर्मा ने पहले गाली-गलौज किया, जिसे समझा-बुझाकर वापस भेजा गया था। लेकिन उसी रात लगभग 9 से 10 बजे के बीच आरोपी ने देवराज वर्मा पर सुनियोजित हमला कर उसकी हत्या कर दी की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी संबलपुर थाना नवागढ़ में आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1) बीएनएस अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार अति. पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, चौकी संबलपुर प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह तथा टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी सुनील वर्मा उर्फ लल्लू

6 जुआरियों से 162500 रूपये एवं ताश जब्त

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार वारंटीयों एवं सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत 24 मई 2025 को थाना थान खम्हरिया स्टाफको मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम साजन मे हरिराम बोर बाडी के पास, नदी के पास साजन खार मे कुछ जुआडीयो आम जगह पर 52 पत्ती ताश से रूपये पैसों का दांव लगाकर अवैध धन अर्जित कर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है की सूचना पर थाना खम्हरिया एवं सायबर सेल पुलिस टीम पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले मौके पर जुआडियान पकडे गये। जिसमें 01 प्रकरण दर्ज कर 6 जुआडियों महेश्वर निषाद साकिन अमलीडीह थाना खैरागढ जिला खैरागढ, सुनील कुमार देशलहरे साकिन उमरावनगर थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा, मनोहर राय साकिन व थाना राजा नवागांव जिला कबीरधाम, हफीज बेग साकिन वार्ड नं. 14 थान खम्हरिया थाना थान खम्हरिया, संतोष पाली साकिन व थाना राजा नवागांव जिला कबीरधाम, संतोष वर्मा उम्र 48 साल साकिन तुमडीपार थाना परपोडी जिला के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं।

राज्य स्तर पर डीएपी उर्वरक की कमी की आशंका

राजनांदगांव/नव प्रदेश। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष 11 जून 2025 को मानसून के छत्तीसगढ़ पहुंचने की संभावना है। इस दृष्टि से कृषकों द्वारा खरीफफसल की तैयारी हेतु खेत की जुताई, बीज, उर्वरक, जैविक खाद की व्यवस्था की जा रही है। जिले में खरीफफसल का रकबा 184400 हेक्टेयर है, जिसमें धान्य फसल का 174215 हेक्टेयर, मक्का 2100 हेक्टेयर, दलहन फसल 1295 हेक्टेयर एवं तिलहन 3340 हेक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है। फसलों के उत्पादन में रासायनिक उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चूंकि राज्य स्तर पर डीएपी उर्वरक की कमी की आशंका व्यक्त की गई है। पौधों के फास्फोरस एवं नत्रजन पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु अन्य उर्वरकों की वैकल्पिक व्यवस्था करना आवश्यक है। कृषकसेवा सहकारी समितियों के माध्यम से अधिकांश मात्रा में उर्वरकों का अग्रिम उठाव कर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा इस परिप्रेक्ष्य में किसानों को यदि डीएपी की कमी होने पर अन्य उर्वरकों का उपयोग कर फसलों का अधिकतम उपज प्राप्त करने तकनीकी सलाह दी गई है। धान की जल्दी पकने वाली व देशी किस्म हेतु 24 किलोग्राम नत्रजन, 16 किलोग्राम स्फूर एवं 8 किलोग्रामे म्यूरेट ऑफ पोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है।

जिसकी पूर्ति 52 किलोग्राम यूरिया, 100 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश या 50 किलोग्राम एनकेपीके, 39 किलोग्राम यूरिया या 80 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स कॉम्प्लेक्र उर्वरक एनपीकेएस (20 : 20 : 0 : 13), 18 किलोग्राम यूरिया एवं 13 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की जा सकती है। धान की बौनी किस्में 141 दिन से अधिक हेतु 32 किलोग्राम नत्रजन, 20 किलोग्राम स्फूर एवं 12 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की प्रति एकड़ आवश्यकता होती है। जिसकी पूर्ति 70 किलोग्राम यूरिया, 125 किलोग्राम सुपर फास्फेट, 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश या 62 किलोग्राम एनकेपीके (12 : 32 : 16), 54 किलोग्राम यूरिया व 4 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश या 100 किलोग्राम कॉम्प्लेक्स उर्वरक एनपीकेएस (20 : 20 : 0 :13), 26 किलोग्राम यूरिया एवं 20 किलोग्राम म्यूरेट ऑफपोटाश की जा सकती है।

यादव समाज कृष्ण के आदर्शों और मूल्यों को जीने वाला एक जीवंत दर्शन : दीपेश साहू

■ झेरिया यादव समाज के अधिवेशन में विधायक दीपेश साहू हुए शामिल

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला ब्लॉक के ग्राम सोंड में झेरिया यादव समाज द्वारा तहसील स्तरीय 18 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री भाजपा अवधेश सिँह चंदेल ने किया। आयोजन समिति द्वारा श्री साहू समेत अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से फूल माला, शाल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें विधायक श्री साहू समेत सभी उपस्थित अतिथियों ने भाग लिया और समाज के कल्याण हेतु आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम मे यादव समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीपेश साहू ने इतना भव्य, सुसंस्कृत और अनुशासित आयोजन के लिए आप सभी को दिल से बधाई और शुभकामनाए दी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा आज के इस पावन अवसर पर झमाझम बारिश के बावजूद आप सभी जिस प्रकार अनुशासनपूर्वक भारी संख्या में इस अधिवेशन में उपस्थित

हैं यह अपने आप में यादव समाज की एकजुटता, समर्पण और संस्कृति की जीवंत मिसाल है। उन्होंने कहा आपके इस कार्यक्रम में ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण, गोपालजी और इन्द्रदेव जी भी आपकी श्रद्धा और समर्पण से प्रभावित होकर उपस्थित हैं। आपने समाज के माध्यम से एक ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया है, जो अनुकरणीय है और प्रेरणास्पद भी। मैं स्वयं साहू समाज से हूँ, लेकिन आज यादव समाज ने जिस प्रकार स्नेह, आशीर्वाद और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। राजनीतिक क्षेत्र में भी हमने यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने का कार्य किया है क्योंकि जब साथ आपका है, तो हमारी जिम्मेदारी भी बनती है कि हम समाज के सशक्त और योग्य व्यक्तियों को अवसर दें। चाहे वह चुनावी मैदान हो या सेवा सहकारी समितियाँ, हर जगह हमने यादव समाज के लोगों को भागीदारी दी है। विधायक साहू ने कहा यादव समाज केवल एक समुदाय नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण के आदर्शों और मूल्यों को जीने वाला एक जीवंत दर्शन है।

आर्ट ऑफलिविंग का स्नेह बंधन रविवार 1 जून को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनंदगांव ने विगत माह 13-18 मई को हैप्पिनेस प्रोग्राम का आयोजन किया,जिसमे शहर के गणमान्य लोगो ने श्वासों की शक्ति शाली सुदर्शन किया का अद्भुत अनुभव किया। सभी ने अपनी आंतरिक शांति ,श्वासों की अद्भुत शक्ति और ध्यान का गहरा अनुभव कर सुकून और आनंद प्राप्त किया। सभी अभीभुत और अप्रतिम खुश हुए।

शराब पिलाने की बात को लेकर मारपीट, उपचार के दौरान मौत, हत्या का आरोपी गिरफ्तार

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम पाहंदा निवासी रमेश कुमार पिता पुनाराम साहू उम्र 67 वर्ष द्वारा 23.05.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 22.05.2025 को शाम लगभग 5:30 बजे गांव के दीपक निषाद ने शराब पिलाने की बात को लेकर उनसे अश्लील गाली-गलौच की एवं जान से मारने की धमकी देते हुए लात-मुक्का और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। प्रकरण में थाना बेरला में तत्काल अपराध क्रमांक दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 115(2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि घायल रमेश साहू का उपचार

मेकाहारा अस्पताल रायपुर में चल रहा था, जहां उनकी मृत्यु हो गई। थाना मौदहापारा रायपुर से प्राप्त मर्ग डायरी के आधार पर थाना बेरला में मर्ग क्रमांक 57/2025 धारा 194 के तहत असल मर्ग कायम कर जांच की गई। मर्ग जांच में गवाहों के कथनों एवं साक्ष्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी दीपक निषाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पाहंदा ने मृतक रमेश साहू को शराब पिलाने से मना करने पर क्रोध में आकर मारपीट की, जिससे सिर सहित अन्य अंगों में गंभीर चोटें आईं, जिनके कारण उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।

प्रकाश बैस ने सांकरा में कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण सांकरा के बूथ क्रमांक 176 पर किया। यह कार्यक्रम पवन साहू के निवास में आयोजित हुआ, जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने, शहद उत्पादकों से सीधे शहद खरीदने, एथलेटिक्स जैसे खेलों को प्रोत्साहन देने, और मिशन सिंदूर की सफलता के माध्यम से देश के सैनिकों के साहस को नमन करने की प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के साथ जनपद सदस्य एवं वन सभापति राजेश गोसाईं, मंडल महामंत्री श्रीमती सुलोचना साहू, सांकरा सरपंच नागेन्द्र बोरझा, मंडल उपाध्यक्ष सत्ती मरकाम,महिला मोर्चा महामंत्री हेमलता साहू,सहकारी समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, बूथ अध्यक्ष विशाल

ध्रुव (175), अमृतलाल साहू (176), शशिभूषण साहू (173),तथा अन्य कार्यकर्ताओं में मीरा बाई साहू, अमेश ध्रुव, चिंता बाई ध्रुव, दुगेश्वरी साहू, नागेश्वरी साहू, रजुला साहू, गायत्री साहू, दुर्गेश्वरी साहू, मायाराम ध्रुव, देवला बाई, दशरथ साहू, राघव यादव, कोमल साहू, रमशीला साहू, टिकेश्वरी साहू, कमला बाई, अमृत बाई यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना रहा। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को आत्मसात कर जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया।

अपराध... धारदार चाकू से हत्या करने की नियत से पेट में वार कर हमला किया

पुरानी रंजिश के चलते नाबालिग द्वारा अपने ही साथी के पेट में किया चाकू से वार

■ संघर्षरत् बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू को पुलिस ने किया जप्त

राजनांदगांव/नव प्रदेश। प्रार्थी (नाबालिक) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25मई को यह अपने घर में था तभी रात्रि 08:00 बजे के लगभग विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक द्वारा इसे फोन लगाकर मछली मार्केट के पीछे लाना पास बुलाने पर प्रार्थी अपनी साथी के साथ वहाँ पर गया और विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक द्वारा इसका मोबाईल मांगकर फ्लाईट मोड में कर अपने पास रखे

धारदार चाकू से हत्या करने की नियत से प्रार्थी के पेट में वार कर हमला किया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी हेतु पृथक से टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया। विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सब्जी कांटने का चाकू जप्त कर विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय किशोर न्यायाबोड के समक्ष पेश किया गया।

विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक का वारंट प्राप्त होने उपरान्त बाल सम्प्रेक्षण गृह दाखिल किया गया। प्रार्थी शमसुल आमल पिता मो0 आलम उम्र 32 साल निवासी तुलसीपुर बख्तावर चाल राजनांदगांव का दिनांक 25.05.25 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी राकेश खण्डेलवाल निवासी तुलसीपुर राजनांदगांव एवं दीलशाद आलम निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव का इसे मां बहन अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणो के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओ के तहत् कार्यवाही कर माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय पेश किया गया जहाँ से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, उनि. नरेश सार्वा, सउनि. जीवराज रावटे, प्र0आर0 किशोर यादव, आरक्षक प्रवीण मेश्राम, आशीष मानिकपुरी, कुश बघेल, मोहसीन खान की विशेष भूमिका रही।

झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में हैं महत्वपूर्ण योगदान

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के तहसील बेरला के ग्राम पंचायत सोढ में आयोजित तहसील स्तरीय झेरिया यादव समाज सम्मेलन में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। झेरिया यादव समाज के तहसील स्तरीय सम्मेलन के शुभारंभ समारोह में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि झेरिया यादव समाज का देश और प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण

योगदान है।अपने मेहनत और सूझबूझ के दम पर झेरिया यादव समाज ने सभी समाजों को हमेशा सहयोग प्रदान किया है। इस दौरान पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने झेरिया यादव समाज के रीति रिवाज तथा गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला एवं समाज द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों का भी उल्लेख करते हुए उन्हें बधाई दी।

छत्तीसगढ़ शासन
25 रजत महोत्सव छत्तीसगढ़
विकसित बस्तर की ओर
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
बस्तर क्षेत्र में कृषक, महिला, युवा उद्यमी और आदिवासी समुदायों के समावेशी विकास के लिए नई रणनीति
कृषि
किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विशेष प्रयास
कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग ब्रांडिंग और मार्केटिंग को बढ़ावा
मिलेट फसलों की खेती के रकबे का विस्तार
कृषि यांत्रिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए कस्टम हायरिंग सेंटरों की स्थापना
पर्यटन
बस्तर दशहरा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन
धुड़मारास गांव यूएन की 'बेस्ट टूरिज्म विलेज' लिस्ट में शामिल
बस्तर पर्यटन सर्किट का विकास
पर्यटक गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम
तीरथगढ़ जलप्रपात पर पारदर्शी पुल के निर्माण की योजना
कौशल उन्नयन
90 हजार युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण
40 हजार युवाओं को रोजगार अवसर
32 नए कौशल विकास केन्द्रों की स्थापना
नई आत्मसमर्पित नक्सली पुनर्वास नीति 2025 में कई विशेष प्रावधान
उद्योग
नई उद्योग नीति में बस्तर क्षेत्र के युवा उद्यमियों के लिए कई विशेष प्रावधान
इस्पात उद्योगों के लिए 15 वर्षों तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति का प्रबंध
आत्म समर्पित नक्सलियों को रोजगार हेतु उद्योगों व संस्थाओं को 5 वर्ष तक उनके वेतन का 40% सब्सिडी भुगतान
संवाद -43863/1
सुशासन से समृद्धि की ओर
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
Visit us : ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

संक्षिप्त खबरें

वक्ता मंच की काव्य गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। अग्रणी सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा 24 मई की शाम राजधानी के वृन्दावन सभागृह में प्रदेश स्तरीय मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न हुई द्य इसमें प्रदेश भर से आए 83 कवियों ने छत्तीसगढ़ी,हिंदी , अंग्रेजी एवं उर्दू भाषाओं में 5 घंटे तक धुंआधार प्रस्तुतियां दी । भारतीय सेना । गोष्ठी के अंत में छत्तीसगढ़ी साहित्य व संस्कृति में अश्लीलता फैलाने का प्रयास करनेवाले तत्वों की निंदा की गई तथा इसके खिलाफजारी आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया द्य आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ पी के तिवारी थे द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शोभा देवी शर्मा ने की। विशेष अतिथि की आसंदी पर वरिष्ठ कवयित्री शुभा शुक्ला 'निशा ', मशहूर छत्तीसगढ़ी गीतकार मिनेश साहू, वक्ता मंच की संरक्षिका ज्योति शुक्ला, यातायात प्रशिक्षक टी के भोई एवं युवा संस्था के प्रमुख एम राजीव उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दो बाल कवियों काव्या राजीव एवं अनंत बाजपेयी को शब्द सम्मान प्रदान किया गया द्य इस दौरान तीन कवियों राहुल सोनकलिहारी, ओमवीर करण एवं भूपेंद्र कुमार के जन्मदिन को उत्सवित भी किया गया द्य आज की काव्य गोष्ठी का कुशल संयोजन वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू, सहसचिव हेमलाल पटेल, महिला इकाई प्रभारी धनेश्वरी नारंग के नेतृत्व में टीम वक्ता मंच द्वारा किया गया।

निर्माणाधीन मकान से लाखों के सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रील मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हरीश कुमार तरवानी 56 वर्ष लाखेनगर टिल्लू चौक का रहने वाला है। प्रार्थी का निर्माणाधीन मकान देवपुरी में है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने 2 नग ब्रेकर मशीन, ड्रील मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख रुपए के आसपपपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर से लेपटाप व मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। सत्यम विहार कालोनी स्थित मकान से अज्ञात चोर ने लेपटाप व मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मानिका साहू 24 वर्ष सत्यम विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके घर के खुले दरवाजा से घर में प्रवेश कर लेपटाप व मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चोरों ने जेवर पर किया हाथ साफ

रायपुर/नवप्रदेश। नवागांव तर्रा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने नगदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ममता नेताम 39 वर्ष ग्राम नवागांव तर्रा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके मकान में घुसकर नकदी 7 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 22 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर राखी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पार्किंग में खड़ी स्कूटी पार

रायपुर/नवप्रदेश। सिविल लाइन के मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी समीर नवरतन 22 वर्ष पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एस 6440 को सिविल लाइन के मल्टी लेवल पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए स्कूटी की कीमत करीब 5 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

देश को विकसित राष्ट्र बनाने राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए : रामविचार नेताम

- **कैट का एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा**
- **राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा : शिवरतन शर्मा**

रायपुर /नवप्रदेश । देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज एक राष्ट्र- एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा सम्पन्न हुई। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा।

कैट का आज एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा वृन्दावन हाल में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम केबिनेट मंत्री, शिवरतन शर्मा (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा), विशिष्ट अतिथि अमर पारवानी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं रमेश सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविचार नेताम ने संबोधित करते हुए कहा कि आर्थिक दृष्टि से भारत को चौथे स्थान से और उपर तक पहुंचाने में यह कदम मील का पत्थर साबित होगा। देश में विभिन्न राज्यों अलग-अलग चुनाव होना न केवल विकास में बाधा पहुँचाते हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी कमजोर करते हैं। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी राज्यों में चुनाव एक ही साथ होने चाहिए। यही समय की माँग है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने बताया कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने से लगभग 5 लाख करोड़ का खर्च बचाया जा सकता है जो जीडीपी की बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

बैठक में विशेष रूप से शामिल भाजपा जिला रायपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की संस्था के बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियो से इस विषय पर समर्थन मांग कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करने की बात कही।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने बताया कि आज एक राष्ट्र - एक चुनाव पर प्रस्ताव समर्थन सभा सम्पन्न हुई। एक देश - एक चुनाव से राजनीतिक स्थिरता बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। देष में किसी राज्य में चुनाव होता है तो पूरे देष की ताकत उसमें झोक दी जाती है। आज किसी भी राज्य में चुनाव होता हैं। देष की राजनीतिक पार्टियों में प्रतियोगिता होनें लगती है। वर्तमान में हर वर्ष किसी न राज्य में चुनाव होता है। हर वर्ष चुनाव होनें का असर देष के व्यापार एवं उद्योग की गति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

कार्यक्रम में कैट के प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने सभी स्वागत करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम का समर्थन पत्र सौंपा, तथा कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेष महामंत्री सुरेन्द्र सिंह ने किया एवं प्रदेष कोषाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने अभार प्रगट किया।

उपरोक्त कार्यक्रम में कैट के प्रदेष एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोषी , कैट के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष श्री विक्रम सिंहदेव एवं युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष अवनीत सिंह का विषेष योगदान रहा। कार्यक्रम में जिला संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सतीष छुगानी, जिला संयोजक एक राष्ट्र- एक चुनाव अभियान अकबर अली एवं पूर्व सभापति नगर निगम रायपुर सुभाष तिवारी ने सभा मे उपस्थित सभी व्यापारीगण का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप सें उपस्थित रहे - कैट , युवा कैट, महिला कैट, ट्रांसपोंट कैट, कैट के इकाई अध्यक्ष एवं विभिन्न व्यापारिंक संगठनो के पदाधिकारी तथा व्यापारीगण ।

देशभर में रिलीज होगी छत्तीसगढ़ में बनी पहली हिन्दी फिल्म

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ी सिनेमा इंडस्ट्री जिसे छॉलीवुड के नाम से भी जाना जाता है. छत्तीसगढ़ी सिनेमा का इतिहास दशकों पुराना है. साल 1965 में पहली छत्तीसगढ़ी फिल्म 'कहि देबे सन्देस' का निर्माण हुआ था. दूसरी फिल्म घर-द्वार साल 1972 में आई थी. इसके बाद साल 2000 में छत्तीसगढ़ की पहली रंगीन छत्तीसगढ़ी फिल्म आई थी मोर छइयां भुइयां. 25 सालों से छत्तीसगढ़ी सिनेमा का सिलसिला अनवरत जारी है। वहीं अब छत्तीसगढ़ की धरा से एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। पहली बार छत्तीसगढ़ की धरा से छत्तीसगढ़ी सिनेमा निर्माता-निर्देशकों ने एक हिन्दी फिल्म का निर्माण किया है। ये हिन्दी फिल्म देशभर में 13 जून को रिलीज होने वाली है।

छत्तीसगढ़ से बनी पहली हिन्दी फिल्म जानकी-भाग 1 : बता दें कि कौशल उपाध्याय के निर्देशन में बनी फिल्म जानकी-भाग 1 छत्तीसगढ़ की पहली हिन्दी है. इस फिल्म को मोहित साहू ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में जानकी के रोल में अनिकृति चौहान और रघु के किरदार में दिलेश साहू नजर आने वाले हैं।

इस फिल्म में मेकर्स ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को देश तक पहुंचाने के लिए एक सुंदर पहल किया है. इस फिल्म में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक और संगीतकार मोनिका वर्मा और तोषांत कुमार है। खास बात तो ये है कि फेमस वाइस डबिंग आर्टिस्ट संकेत म्हात्रे ने रघु के किरदार और जानकी के करिदार के लिए पायल विशाल ने अपनी आवाज दी हैं।

युक्तियुक्तकरण पर प्रदर्शन

- **भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा-सभी के हित में लिए जा रहे हैं निर्णय**

रायपुर/नवप्रदेश । युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षक संगठन के प्रदर्शन पर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि बहुत सारे लोगों को समझ नहीं आ रहा है. जो सरकार चलाता है, उसे स्टेयरिंग की चिंता होती हैं. साय सरकार के हाथ में स्टेयरिंग है. सभी के हित के लिए काम और निर्णय लिए जा रहे हैं।

भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में एचएस आरपीप्लेट को लेकर कांग्रेस के RTO ऑफिस का घेराव पर कहा कि साय सरकार नित नए आयाम लेकर जनता के सामने आ रही हैं. सारे काम सरकार कर रही हैं. नंबर प्लेट, श्व पोर्टल, पंचायतों को ऑनलाइन करने के काम हो रहे हैं. कांग्रेस के पास कोई काम अब बचा नहीं हैं. आपसी कन्फ्यूज़न बस बचा हैं. कांग्रेस ये सब कर के अपना समय काट रहे हैं।

ननकीराम खरे आदमी : पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर के अपने ही सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए जाने पर पुरंदर मिश्रा ने कहा कि ननकी राम कांवर हमारे वरिष्ठ नेता हैं. वो खरे आदमी हैं. जब वो गृहमंत्री थे, तब अपने आप को भी कह देते थे. ये उनका स्वभाव हैं. मैं इस पर टिपण्णी नहीं करना चाहता।

छह गोल्ड, एक सिल्वर, दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ का बजा डंका

- **इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के फाइटर्स का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

रायपुर/नवप्रदेश। हैदराबाद में चल रहे इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 में छह गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने हैदराबाद ही नहीं अपितु पूरे देश में डंका बजा दिया। छत्तीसगढ़ गर्ल्स रिंग फाइट की टीम ने अलग-अलग वर्गों के संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं ब्वायज की टीम ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज मेडल अपने नाम किए। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के संरक्षक और महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले और एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन दंडवते समेत सभी पदाधिकारियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी।

टीम के कोच व मैनेजर प्रवीण क्षीरसागर ने बताया कि ब्वायज टीम के मैच रविवार को हुए। पहले अंडर-14 (50 किलो) वर्ग में छत्तीसगढ़ के गौरव हिमने ने तमिलनाडु के जी. शशांक को हराकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। दूसरे मुकाबले अंडर-14 (55 किलो) में वेदांत साहू ने ब्रांज मेडल के हुए मुकाबले में अंडमार निकोबार के जी सामंथा को परास्?त किया। तीसरे अंडर-14 (45 किलो) के रोचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ के तुषार वर्मा ने अरुणाचल प्रदेश के अजीत कुमार बरुआ को हराकर गोल्ड मेडल जीता।

क्षीरसागर के अनुसार छत्तीसगढ़ की टीम की चौथी फाइट अंडर-17 (60 किलो) वर्ग में पुष्कर साहू ने तेलंगाना के पी पूर्ति को पटखनी देकर ब्रांज मेडल जीता। पांचवें अंडर-17 (65 किलो) में योगेश कुमार यादव ने पहली भिड़ंत में अंडमार निकोबार के वी निखिल को व दूसरी भिड़ंत में तमिलनाडु के लाकेश सुडई को हराकर गोल्ड मेडल पर कब?जा जमाया।

इधर छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसो. के सचिव ओपी कटारिया ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 हैदराबाद में 23 से 26 मई तक आयोजित है। शनिवार 24 मई को हुए गर्ल्स के पहले मुकाबले में अंडर-14 (50 किलो) में सानिका मिश्रा ने गुजरात की एस पटेल को हराया था। दूसरे मुकाबले अंडर-17 (55 किलो) में छत्तीसगढ़ की वर्तिका क्षीरसागर ने महाराष्ट्र की भाग्यश्री दत्ता को हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। खरोरा और अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 74 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1050 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम कोसरंगी में अवैध शराब के साथ आरोपी भूपेन्द्र कुमार साहू 27 वर्ष और सुखराम विश्वकर्मा 59 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 33 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 500 रुपए जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी कमलेश कुर्रे 25 वर्ष और भोलू कुर्रे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 41 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 550 रुपए जब्त किया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्र./335/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 27/05/2025

-: दुकान नीलामी सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालयीन पत्र क्र./102/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 21.04.2025 के अनुसार पालिका बाजार शापिंग काम्पलेक्स एवं कार्यालयीन पत्र क्र./111/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 22.04.2025 के अनुसार मां भद्रकाली शापिंग काम्पलेक्स की नीलामी सूचना जारी किया गया था जिसे कार्यालयीन पत्र क्र./231/न.पा.प./राजस्व/2025 बेमेतरा, दिनांक 13.05.2025 द्वारा आगामी सूचना प्रकाशन तिथि तक अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया गया था।

जिसे दिनांक 06.06.2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 02.00 बजे से नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

टीप :- इच्छुक बोलीकर्ता पालिका बाजार शापिंग काम्पलेक्स एवं मां भद्रकाली शापिंग काम्पलेक्स के आम नीलामी में भाग लेने हेतु दिनांक 05.06.2025 दिन गुरूवार को शाम 05.00 बजे तक अमानत राशि जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है तथा नियम, शर्तें एवं अन्य जानकारियां कार्यालयीन समयावधि में कार्यालय के राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बेमेतरा

मुख्य मार्गो में अवैध बैनर पोस्टर हटाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक श्री आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है।

सियासत

प्रतिमा विवाद पर अमित की दो टूक, या तो मेरी अर्थी उठेगी या प्रतिमा लगेगी

जोगी की राजनीतिक विरासत का अपमान बर्दाश्त नहीं : समर्थक

रायपुर/गौरेला-पेंड्रा-मरवाही /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी की प्रतिमा को लेकर विवाद लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मुद्दे पर उनके पुत्र और जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के नेता अमित जोगी ने दो टूक कहा है कि, या तो मेरी अर्थी उठेगी या अजीत जोगी की प्रतिमा फिर से उसी स्थान पर स्थापित होगी। अमित जोगी के मुताबिक जहां से प्रतिमा हटाई गई, वह निजी ज़मीन है और वहां नगरपालिका या राज्य शासन का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कार्य किसी के इशारे पर किया गया है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

अमित जोगी ने कहा मूर्ति जिस तरह रातों-रात चोरी हुई, उसी तरह वापस उसी जगह पर मूर्ति लगनी चाहिए। मैंने डिप्टी सीएम से बात की है और उन्होंने आश्वासन दिया है कि जो भी अप्रिय घटनाएं हुई हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। हमें न्याय चाहिए।।

मूर्ति स्थापना को लेकर प्रशासन-समर्थक विवाद जारी

स्थानीय प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा बिना सभी आवश्यक नियमों और प्रक्रियाओं को पूरा किए बिना स्थापित नहीं की जा सकती। इसके चलते जोगी समर्थकों और प्रशासन के अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। अमित जोगी अभी धरने पर बैठे हैं, जहां उनके समर्थकों और प्रशासन के बीच झड़प भी हुई।

मौके पर एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्रकार, सीईओ सुरेंद्र वैद्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

ज्योतिपुर चौक में स्थापित स्वर्गीय अजीत जोगी की मूर्ति हटाए जाने का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। एक मोबाइल दुकान में लगे कैमरे में यह घटना साफ तौर पर रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में देखा जा सकता है कि आधी रात के बाद एक बड़ा वाहन मूर्ति को हटाता है। हैरानी की बात यह है कि उस वक्त घटनास्थल के आसपास कोई भी व्यक्ति नजर नहीं आ रहा, जिससे यह संदेह और गहराता है कि पूरी कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से की गई।

गौरतलब है कि इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है, बल्कि अजीत जोगी समर्थकों में भारी नाराज़गी भी देखी जा रही है। समर्थकों का कहना है कि अजीत जोगी की राजनीतिक और सामाजिक विरासत का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या अजीत जोगी की प्रतिमा वापस उसी स्थान पर लगेगी, और इस विवाद का क्या निष्कर्ष निकलता है।

समर्थकों ने की नारेबाजी

जोगी समर्थकों का कहना है कि वे किसी भी सूरत में प्रतिमा को वहीं स्थापित करवाएंगे। वे आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के बावजूद नहीं पकड़ने को शर्मनाक बता रहे है वहीं, एसडीएम पेंड्रारोड नियमों का हवाला देते हुए स्थिति को संभालने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन समर्थकों की नारेबाजी तेज हो रही है और वे प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं। वहीं, इस मामले पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बयान भी सामने आया है। सीएम ने साय ने कहा कि रेणु जोगी (अजीत जोगी की पत्नी) ने कल मुझसे मुलाक़ात की थी। जो मामला सामने आया है, उसकी जानकारी प्रशासन से मंगाई गई है। जानकारी के आधार पर उचित सीसीटीवी फुटेज आया सामने।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एन.आई.टी. क्र /सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत रू. (लाख में)
1	2	3
33/168936	S.R./M.O.W./ DEPOSITE WORK AS PER SANCTIONED TIME TO TIME FOR BUILDING AT ITI SECTION, UNDER P.W.D.CONSTRUCTION SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 15.00 लाख
28/168937	S.R./M.O.W./ DEPOSITE WORK AS PER SANCTIONED TIME TO TIME FOR RES. & NON RES.BUILDING, AT JAIL SECTION, UNDER P.W.D. CONSTRUCTION SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 30.00 लाख
30/168939	S.R./M.O.W./ DEPOSITE WORK AS PER SANCTIONED TIME TO TIME FOR BUILDINGS UNDER CENTRAL STORE SUB DIVISION P.W.D. RAIPUR (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 15.00 लाख
10/168949	MATERIAL SUPPLY IN ARANG SECTION NO.-1, ARANG SECTION NO.-2 & KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR (द्वितीय आमंत्रण)	रू. 12.00 लाख

एन.आई.टी. क्र. 49 सिस्टम टेन्डर नं. 168935, एन.आई.टी. क्र. 33 सिस्टम टेन्डर नं. 168936, एन.आई.टी. क्र. 28 सिस्टम टेन्डर नं. 168937, एन.आई.टी. क्र. 30 सिस्टम टेन्डर नं. 168939 एवं एन.आई.टी. क्र.10 सिस्टम टेन्डर नं. 168949 निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-252601179/4

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.-1, रायपुर (छ.ग.)

संक्षिप्त खबरें

फिर लौट रहा कोरोना, रायपुर और दुर्ग से मिले दो नए मरीज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना संक्रमण के मामले सामने आने लगे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। सोमवार को रायपुर और दुर्ग जिलों से दो नए कोरोना पॉजिटिव केस रिपोर्ट हुए हैं। इसके साथ ही राज्य में सक्रिय कोरोना मरीजों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर के अवंति विहार इलाके की लगभग 50 वर्षीय महिला कोरोना संक्रमित पाई गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि महिला की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, जिससे संक्रमण का स्रोत स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल महिला का इलाज MMI नारायणा अस्पताल में चल रहा है। वहीं, दुर्ग जिले में भी एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और यदि किसी में संक्रमण के लक्षण नजर आएं तो तुरंत टेस्ट करवाएं और चिकित्सकीय सलाह लें।

विरोध को किया दरकिनार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षक संघों के विरोध को दरकिनार करते हुए कहा कि यह बच्चों के हित में है। शिक्षकों और छात्रों का अनुपात में संतुलन जरूरी है। कुछ स्कूलों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा तो कुछ स्कूलों में बहुत कम हैं। युक्तियुक्तकरण के माध्यम से संतुलित किया जाएगा। रायपुर से सारंगढ़ रवाना होने से पहले मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि सारंगढ़ और रायगढ़ जिले का दौरा करेंगे. समाधान शिविर में शामिल होंगे. सुशासन तिहार में जनता से संवाद करेंगे. रायगढ़ में सुशासन तिहार की समीक्षा करेंगे। वहीं सुशासन तिहार में विधायकों की रिपोर्ट पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जनता से पूछता हूं विधायकगण आपके बीच जा रहे हैं कि नहीं. हमारे सब विधायक क्षेत्र में जा रहे हैं. सुशासन तिहार के दौरान समाधान शिविर अटेंड कर रहे हैं।

एससीसीएल हादसे में युवक घायल

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा कोयला खदान में आज सुबह बड़ा हादसा हुआ है। हरदी बाजार मुंडापार बाजार के रहने वाले तीन युवक कोयला चोरी करने के लिए खदान में घुसे थेए जिसमें से दो युवकों की दबकर मौत हो गईए जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान विशाल यादव;18 वर्षद्ध और धन सिंह कंवर 24 वर्ष के रूप में हुई हैए जबकि घायल युवक की पहचान साहिल धनवार ;19 वर्षद्ध के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही हरदी बाजार पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोयला चोरी की वारदातें आज भी थमने का नाम नहीं ले रही हैं और थाना प्रभारी मृत्युंजय पांडे की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, पुलिस अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गईए लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

स्थानीय लोगों की भीड़ जमा- घटना के बाद बड़ी संख्या में गांव वाले मौके पर जमा हो गए हैं। मृतकों के शव को अभी भी खदान से बाहर नहीं निकाला गया है। इस घटना सेैम्ब्स् की लापरवाही उजागर होती है और स्थानीय प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं।

वन्यजीव शिकार की बड़ी साजिश नाकाम, दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर वन विभाग वन्य अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। इसी अभियान के तहत बलौदा बाजार वन विभाग की सतर्क टीम ने बारनवापारा अभ्यारण्य क्षेत्र में वन्यजीवों के शिकार की एक बड़ी साजिश को समय रहते विफल कर दिया। गश्त के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके पास से एक वैगनआर वाहन, एयर गन, टॉर्च, मोबाइल सहित शिकार में प्रयुक्त होने वाले अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन और उप वनमंडलाधिकारी आनंद कुदरिया, अनिल वर्मा , प्रशिक्षु गजेंद्र वर्मा और परिक्षेत्र अधिकारी जीवन लाल साहू के नेतृत्व में की गई। टीम ने रात करीब 10:30 बजे कोठारी क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 223 और सोनाखान परिक्षेत्र के नवागांव (कक्ष क्रमांक 247) में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए वाहन क्रमांक CG 12 AU 1332 को रोका।

गरज-चमक के साथ रायपुर में झमाझम बारिश

■ **बारिश के साथ रफ्तार से चली हवाएं**

रायपुर/नवप्रदेश । देश में 25 मई से नौतपा शुरू हो चुका है,लेकिन पिछले दो दिनों से ऐसा लग रहा है कि सूरज की तपिश और बारिश में प्रतिस्पर्धा देखने को मिला कि कौन किसे पछाड़ता है। राजधानी में सुबह से ही बादलों ने डेरा डाल लिया था, और शाम होते होते जमकर बरसे। नौतपा की तपिश से लोगों को राहत मिली। मौसम पूरी तरह सावन भादों की तरह महसूस हो रहा है । बादलों ने सूर्य देव को घेर रखा है। बादल छटते ही सूर्यदेव निकल पड़ते फिर बादल उसे घेरने में लगे जाते है। हालांकि इस बार छत्तीसगढ़ में मौसम में हुए बदलाव से जनता को गर्मी से राहत मिलती दिख रही है। अप्रैल महीने में जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री

सेल्सियस तक पहुंच गया था, वहीं लगातार हो रही हल्की से मध्यम बारिश और आंध-तूफान की वजह से अब तापमान करीब 35 डिग्री तक गिर गया है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में बारिश के साथ तेज़ आंधी और तूफान की संभावना के चलते रेड अलर्ट जारी किया है।

जिन जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है उनमें रायपुर, रायगढ़, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा और कोरबा का नाम शामिल है। इन जिलों में बारिश के साथ 60 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना भी जताई गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने पहले ही अगले 5 दिनों तक प्रदेश में बारिश का येलो अलर्ट भी जारी किया है, जिसमें गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

संभावित नुकसान को देखते हुए प्रशासन और नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इस दौरान पेड़ गिरने, बिजली गुल होने और अस्थाई ढांचों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की अपील की गई है।

सुरक्षा के लिए सलाह

- बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें।
- बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहें।
- वाहन सावधानी से चलाएं और सुरक्षित स्थान पर पार्क करें।
- स्थानीय प्रशासन और मौसम विभाग के अपडेट पर नजर बनाए रखें।

किसानों के लिए शुभ संकेत

छत्तीसगढ़ में इस अचानक बदले मौसम ने गर्मी से थोड़ी राहत तो दी ही है, लेकिन इसके साथ ही किसानों के लिए भी यह अच्छा संकेत है। प्री-मानसूनी बारिश से मिट्टी में नमी बढ़ेगी, जिससे आने वाले खरीफ सीजन में बोवनी की तैयारियां शुरू हो सकेंगी।

नाले में बने चेक डेम से पानी को तरसते किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

■ **चेकडेम से 20 किसानों के 17 एकड़ भूमि में बड़ी सिंचाई सुविधा**

रायपुर/नवप्रदेश। नाला में बने चेक डेम से पानी को तरसते किसानों के चेहरे पर आई मुस्कानकिसान की मेहनत सफल तभी हो सकती है जब किसान के पास समय पर सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो। ग्राम पंचायत बरदर में नाले के किनारे रहने वाले कई किसानों के पास सिंचाई का संसाधन न होने से उन्हें अपने खेतों से मनचाहा लाभ नहीं मिल पाता था। गांव के किनारे बहने वाले नाले से पूरा बारिश का पानी बहकर आगे हसदेव नदी में जाकर मिलता था और उसके बाद गर्मी आते तक वह नाला पूरी तरह से जल विहीन हो जाता था। बारिश में खेतों मे कटाव करके बहने वाली बारिश का पानी बाद में सिंचाई तो दूर उनके पशुओं के लिए पेयजल भी नहीं दे पाता था। लेकिन बीते वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत बनाए गए एक पक्के चेक डेम से अब गांव का एक कोना हर मौसम में हरा भरा रहता है। यहां आधा दर्जन किसान पंपों के सहारे अपने 17 एकड़ से अधिक

खेतों में सिंचाई का लाभ लेते हुए दो फसलें और तीन फसलें तक लेने लगे हैं।

मई की तपती गर्मी में भी बरदर के दर्जन भर किसानों के खेतों में उड़द की फसल लहलहा रही है। मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां का एक ग्राम पंचायत बरदर है। यहां गांव के किनारे से एक मोरघनिया नाला बहता है। यह एक बरसाती नाला है जिसमे बारिश में तो पर्याप्त जल रहता था। लेकिन बारिश खत्म होने के बाद से इसमें जल कम होने लगता था और गर्मी आते तक यह पूरी तरह से सूख जाता था। इस नाले को नरवा विकास के तहत चयनित कर इसका सर्वे किया गया और उपयुक्त जगह पर गत वर्ष एक पक्का चेक डेम बनाया जाना प्रस्तावित किया गया। ग्राम सभा से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार कार्य की स्वीकृति प्रदान करते हुए ग्राम पंचायत बरदर को निर्माण एजेंसी बनाया गया। तकनीकी सहायक राहुल की देखरेख में ग्राम पंचायत ने समय सीमा में कार्य को गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूरा किया। इस कार्य से एक हजार से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार भी ग्रामीणों को प्राप्त हुआ। चेक डेम बन जाने के बाद यहां बड़ी मात्रा में जल संचय किया जा रहा है। चेकडेम से पीछे लगभग एक किलोमीटर तक बैकवाटर होने से आस पास का जल स्तर बेहतर हो रहा है। साथ ही किसानों को अपनी फसलों में सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल भी उपलब्ध हो पा रहा है। मोरघनिया नाले में बने चेक डेम से ग्राम पंचायत में रहने वाले किसान सत्यनारायण, फागुनाथ सिंह, राजकुमार, बलदेव, बाबूलाल, राजकिशुन, सुरेश और शिवप्रसाद जैसे कुल 20 किसानों के लगभग 17 एकड़ से अधिक भूमि में दो फसली सिंचाई सुविधा ब? गई है। इन किसानों ने बताया कि पहले सूख जाने वाले नाले में चेकडेम बन जाने से सिंचाई की दिक्कत समाप्त हो गई हैं अब हम अपनी मर्जी से फसलों की बुआई करके अच्छा लाभ कमा रहे हैं। वर्तमान में इस चेक डेम से लगी भूमि से लगभग दस एकड़ में उड़द और सब्जी की फसल लगी हुई है। इसके पहले किसानों ने धान और गेहूं की भरपूर फसल लेकर अच्छा मुनाफा कमाया है। कुल मिलाकर एक संसाधन से कई घरों में जीवन की शैली और स्तर में परिवर्तन साफ नजर आ रहा है। ऐसे में महात्मा गांधी नरेगा के तहत बने एक पक्के चेक डेम ने उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति में परिवर्तन लाना आरंभ किया है।

मुख्य सूचना आयुक्त की दौड़ में अमिताभ जैन आगे

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में मुख्य सूचना आयुक्त कार्यालय में रिक्त पड़े मुख्य सूचना आयुक्त के पद की दौड़ में मुख्य सचिव आगे चल रहे हैं। वे अगले महीने जून में अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। 28 मई को आयुक्तों के पद के लिए साक्षात्कार होगा।

महानदी मंत्रालय के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त का पद पिछले एक वर्ष से खाली है। नए नियमों के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त एवं आयुक्तों का कार्यकाल दो वर्षों का होता है। मुख्य सूचना आयुक्त के लिए निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक समिति बनाई गई है, जिसमें मुख्यमंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को शामिल किया गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए एक समिति बनाई गई थी, जिसमें वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को रखा गया है। इस समिति ने मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए साक्षात्कार ले लिया है। इस पद के लिए अमिताभ जैन का चयन होना निश्चित माना जा रहा है, वे अगले महीने मुख्य सचिव पद से रिटायर्ड हो रहे हैं, इसके अलावा पूर्व पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी थी दावेदार हैं। समझा जाता है कि सुशासन तिहार 31 मई को समाप्त हो रहा है, इसके पश्चात ही चयन सूची जारी होगी। अधिकारियों के अनुसार मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। लेकिन वे नियमानुसार जून के अंतिम दिवस तक कार्य करते रहेंगे।

आयुक्तों का साक्षात्कार 28 को

कई पत्रकार सहित आईएएस अधिकारी, आईपीएस अधिकारी आयुक्त पद के लिए दावेदार हैं, इनका साक्षात्कार कल 28 मई को होगा। इस पद के लिए पत्रकार अरूण उपाध्याय, दीपा दास, प्रमोद ब्रह्म भट्ट तथा आईएएस अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव एवं संजय पिल्ले आवेदक हैं। इनका साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकगण इस समय विभिन्न राज नेताओं के चक्कर काट रहे हैं।

पीएम आवास में लापरवाही, 10 ग्राम सचिवों का मई का वेतन रोका

कोरबा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना; ग्रामीण के अंतर्गत जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में धीमी प्रगति को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने अनुशासनात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने इस योजना में अपेक्षित कार्य न कर पाने वाले 10 ग्राम पंचायत सचिवों के मई 2025 माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

सीईओ नाग ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ;ग्रामीणद्ध केंद्र और राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं में से एक हैए जिसके अंतर्गत वर्ष 2024.25 हेतु जिले को वृहद लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनाओं की समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारी.कर्मचारियों को आवश्यक

दिशा.निर्देश पूर्व में ही दिए जा चुके हैंए किंतु क्षेत्रीय निरीक्षणों एवं समीक्षा बैठकों में यह स्पष्ट हुआ कि कई ग्राम पंचायत सचिव योजना के क्रियान्वयन में गंभीरता नहीं बरत रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इन सचिवों द्वारा न तो निर्माण कार्यों की प्रगति का सही आंकलन किया गयाए और न ही योजनाओं की जमीनी हकीकत से अवगत होने का प्रयास किया गया।

सीईओ जिला पंचायत ने 10 ग्राम पंचायत सचिवों के मई माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने हेतु उपसंचालक पंचायत को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इन सचिवों पर कार्यवाही की गई है . श्री गोपाल सिंह दृ ग्राम पंचायत सलिहाभांठाएश्री जितेन्द्र कुमार दृ ग्राम पंचायत जल्केएश्री राजकुमार रजक दृ ग्राम पंचायत पनगवां, बहादुर सिंह दृ ग्राम पंचायत खोडरी ;पसानद्धएश्री रमेश्वर राजवाड़े दृ ग्राम पंचायत नवापाराएश्री मोहन सिंह दृ ग्राम पंचायत पुटीपखना, कन्हैया लाल दृ ग्राम पंचायत लेपराएश्री बलराम केरकेट्टा दृ ग्राम पंचायत अमलीकुंडाए श्री जिंदलाल दृ ग्राम पंचायत मोरगा, विरेन्द्र कुमार साहू ग्राम पंचायत रामपुर ;लैंगा। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगीएऔर आगे भी लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बलि की नहीं हुई पुष्टि, पुलिस ने पांच आरोपियों को भेजा जेल

■ **वर्चस्व की लड़ाई में एक बैगा ने की दूसरे बैगा की चाकू मारकर हत्या**

बालोद/नवप्रदेश। गुण्डरदेही थाना क्षेत्र के हल्दी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम सिर्राभांठा में स्थानीय पुनीत ठाकुर की हत्या के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। हालांकि घटना में बलि दिए जाने जैसी घटना की कोई पुष्टि नहीं हुई है। फिर भी अंधविश्वास और झाड़ फूंक को हत्या का कारण माना जा रहा है। जिसमें दो बैगाओं के बीच आपस में वर्चस्व की लड़ाई से इस घटना की शुरुआत हुई। फिर बाहर से एक बैगा अजीत मंडावी निवासी सुरडोंगर ने अन्य आरोपियों की मदद से स्थानीय बैगा पुनीत राम ठाकुर की चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक 26 मई को प्रार्थी बेलू राम ठाकुर पिता स्व. राम दयाल ठाकुर, उम्र 51 वर्ष निवासी सिर्राभांठा, चौकी हल्दी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि ग्राम सिर्राभांठा के बैगा पुनीत राम ठाकुर को तिहारू राम निषाद ने अपने घर में पूजा पाठ के लिये ले गये थे तथा दुसरे गांव से 2 से 3 व्यक्ति को भी लाये थे। जो उसके घर पूजा पाठ करने के लिये आये हुए बैगा एंव 02-03 लोगो के द्वारा चाकू से मारकर पुनीत राम ठाकुर की हत्या कर दिये है। रिपोर्ट पर धारा 103(1), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग दुर्ग रेंज, दुर्ग, के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन पर एवं एसडीओपी गुण्डरदेही राजेश बागडे के पर्यवेक्षण पर आरोपियों की

गिरफ्तारी हेतु पृथक से टीम गठित कर थाना गुण्डरदेही, चौकी हल्दी, सायबर सेल बालोद के अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। विवेचना के दौरान आरोपी तिहारू राम, कमलेश निषाद, चतुर निषाद, अजीत मंडावी, धनेश्वरी निषाद से पुछताछ करने पर बताये कि दिनांक 26 मई को तिहारू राम निषाद के घर में बंधन पूजा पाठ के दौरान गांव के बैगा पुनीत राम ठाकुर को बुलाये थे। जहां पुनीत राम ठाकुर एवं बैगा अजीत मंडावी निवासी ग्राम सुरडोंगर के मध्य एक दुसरे ने अपने आप को बड़ा बैगा होना कहकर लड़ाई झगड़ा, गाली गालौज एवं धक्का मुक्की शुरू कर दी। उसी दौरान आरोपी तिहारू राम निषाद, चतुर निषाद व कमलेश निषाद ने पुनीत राम ठाकुर के हाथ पैर को पकड़कर रखे थे, एवं आरोपी अजीत मंडावी ने अपने साथ पूजा के लिये लाये एक लोहे की धारदार चाकू से पुनीत राम ठाकुर के गले में बांये तरफ प्राण घातक हमला कर हत्या कर दी। जिसके बाद खून लगे चाकू को साक्ष्य छुपाने की नियत से तिहारू राम की पत्नि धनेश्वरी निषाद ने पानी से धोकर अजीत मंडावी को वापस दी। आरोपीगण तिहारू राम निषाद , कमलेश निषाद , चतुर निषाद ने पुनीत राम के हाथ पैर को पकड़कर हत्या करने में सहयोग किए। घटना के समय खून लगे कपड़ो और घटना स्थल से पूजा में उपयोग किये समाग्रियो और घटना में हत्या के लिये प्रयुक्त किये गये लोहे के चाकू को विधिवत् जप्त किया गया। तत्पश्चात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। घटना के बाद पुलिस की तत्परता से आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने में सहायक उप निरीक्षक नंदकुमार साहू, प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुवे, योगेश्वर चंदनिया, आरक्षक राकेश कुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, खेमलाल मधुकर, थाना गुण्डरदेही से थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मनीष शेण्डे, प्रधान आरक्षक योगेश सिन्हा,आरक्षक यशवंत देशमुख, सायबर सेल बालोद से उपनिरीक्षक जोगेन्द्र साहू, आरक्षक संदीप यादव, विपिन गुप्ता, भोप साहू की सराहनीय भूमिका रही।

खेती-किसानी... खाद बीज का अभूतपूर्व संकट, डीएपी के लिये भटक रहे हैं किसान

थरहा के लिए पूरे प्रदेश में खाद-बीज का संकट

■ **भाजपा सरकार किसानों के लिए डबल नहीं, ट्रबल इंजन साबित हो रही**

रायपुर/नवप्रदेश। खरीफ की बुवाई और थरहा के लिए पूरे प्रदेश में खाद और बीज के संकट को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों के लिए ट्रबल इंजन साबित हो रही है। मानसून केरल आ चुका है, पूरे प्रदेश में खरीफ फसल के बुवाई की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, खुर्रा वाले किसान प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं, लेकिन प्रदेश में खाद और बीज की समुचित व्यवस्था यह सरकार नहीं कर पाई है। प्रदेश के ज्यादातर सोसाइटी में किसानों को डीएपी की कमी से जूझना पड़ रहा है, ज्यादातर स्थानों पर बोनी और थरहा के लिए बीज भी किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते किसान परेशान हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के किसान विरोधी षडयंत्रों के चलते ही छत्तीसगढ़ नकली बीज, नकली दवा, नकली खाद और घटिया नैनो यूरिया को खपाने का अड्डा बन गया है। किसान संगठनों का आरोप है कि गुणवत्ताहीन खाद

और बीज को खपाने के लिए ही यह सरकार सरकारी समिति और निजी दुकानों के लिए किसानों के वास्तविक डिमांड के अनुरूप खाद, बीज की आपूर्ति नहीं करवा रही है। समय पर खाद, बीज की उपलब्धता नहीं होने से किसान जमाखोरों, बिचौलियों और मिलावटखोरों के हाथों शोषित होने मजबूर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है की पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं। यह सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उपज ले सके। बोनी के समय सबसे ज्यादा आवश्यकता डीएपी खाद और बीज की ही होती है, लेकिन इस सरकार का रवैया शुतुरमुर्ग की तरह है। खरीफ फसल की बुआई का समय सर पर है लेकिन यह सरकार ना खाद के रेक की व्यवस्था कर पाई है, ना समुचित रूप से कही भंडारण की व्यवस्था है। छत्तीसगढ़ के किसानों की खाद के कुल आवश्यकता के मांग को केंद्र की मोदी सरकार ने खारिज करते हुए समुचित सप्लाई करने से मना कर दिया है, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद और प्रदेश की सरकार इस केंद सरकार के द्वारा छत्तीसग? से भेदभाव और छत्तीसगढ़िया किसानों की उपेक्षा पर भी मौन है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com